26. Wooden cones for winding yarn
27. Pressing roller flange
28. Drawing roller
29. Delivery roller.

SCHEDULE II

(See rule 3)

Sampling Table

(1)	(2)		(3)	
Consignment size	For visual & dimensional inspection		Permissible No. of defectives	
	(A)	(B) All other tests	For (A) of Col. (2)	For (B) of Col. (2)
Up to 25 . .	8	3	0	0
26 to 50 . .	13	3	1	0
51 to 100 . .	20	5	1	0
101 to 150 . .	32	5	2	0
151 to 300 . .	50	8	3	0
301 to 500 . .	80	8	5	0
501 to 1000 .	125	13	7	1
1001 to 3000 .	200	13	10	1
3001 and above .	315	20	14	1

[No. 6(12)/74-EI & EP]

C. B. KUKRETI, Dy. Director

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 10 मार्च, 1978

का०आ० 799.—केन्द्रीय सरकार, पेटेन्ट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) की धारा 1 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1 अप्रैल, 1978 को उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिस को उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (2), धारा 13 की उपधारा (2), धारा 28, धारा 68 और धारा 125 से धारा 132 प्रवृत्त होंगी ।

[सं० फा० 18(43)/77-पी पी एंड सी]

पी० आर० चन्द्रन, उप सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

New Delhi, the 10th March, 1978

S.O. 799.—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 1 of the Patents Act, 1970 (39 of 1970), the Central Government hereby appoints the 1st day of April, 1978, as the date on which sub-section (2) of section 12, sub-section (2) of section 13, section 28, section 68 and sections 125 to 132 of the said Act shall come into force.

[No. F. 18(43)/77-PP&C]

P. R. CHANDRAN, Dy. Secy.

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 1977

का०आ० 800 .—केन्द्रीय सरकार, खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 27 के अनुकरण में, उक्त अधिनियम की धारा 32 की उपधारा (4) के अधीन उसे, उस दुर्घटना के जो बिहार राज्य के धनबाद जिले में चासनाला कोलियरी में 27 दिसम्बर 1975 को घटित हुई थी, कारणों और परिस्थितियों की जांच करने के लिए भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना सं० का आ० 746(अ) तारीख 31 दिसम्बर, 1975 द्वारा, उक्त धारा के अधीन नियुक्त जांच न्यायालय द्वारा दी गई रिपोर्ट को प्रकाशित करती है ।

बिहार राज्य के धनबाद जिले में चासनाला कोलियरी में 27 दिसम्बर, 1975 को घटित दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच न्यायालय की रिपोर्ट :—

प्रस्तावना

जैसा कि खान अधिनियम, 1952 की धारा 24 के अधीन अपेक्षित है, मैं भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की 31 दिसम्बर, 1975 की अधिसूचना द्वारा मांगी गई रिपोर्ट पेश कर रहा हूं। यह रिपोर्ट दो भागों में है। भाग-2 में केवल अनुबन्ध ही दिए गए हैं, जिनका उल्लेख भाग-1 में समाविष्ट रिपोर्ट में किया गया है। अनुबन्धों में अन्य बातों के साथ-साथ 27-12-1975 की दुर्घटना में मारे गए 375 व्यक्तियों के नाम तथा संबंधित प्लान दिए गए हैं जिनकी चर्चा रिपोर्ट में की गई है। भाग-1 में मेरी रिपोर्ट के तुरन्त बाद भारतीय खान विद्यालय (इंडियन स्कूल आफ माइन्स), धनबाद के निदेशक, श्री जी० एस० मरवाह जो कि निर्धारकों (असेसरों) में से एक हैं, द्वारा की गई विस्तृत टिप्पणियां दी गई हैं।

इस प्रस्तावना में मैं उन पैराग्राफों का उल्लेख करना चाहता हूं जिन में कुछ मुख्य जांच-परिणाम दिए गए हैं। पैरा 121 में मैंने कोयला खान अधिनियम, 1957 के विनियम 127 में कुछ संशोधन करने के संबंध में सुझाव दिए हैं। जांचाधीन दुर्घटना का प्रत्यक्ष कारण तथा सम्बद्ध मामलों का उल्लेख पैरा ग्राफ 145 से 153 में मिलेगा। चासनाला के अधिकारियों की जिम्मेदारी का वर्णन पैराग्राफ 154 से 180 में किया गया है।

मैंने इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० के प्राधिकारियों का ध्यान कुछ मामलों की ओर दिलाया है ताकि वे उन पर गौर कर सकें। इन मामलों का उल्लेख पैराग्राफ 140, 141, 142, 143 और 175 में मिलेगा।

ह०/-
(यू० एन० सिन्हा)
24 मार्च, 1977

पटना उच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री यू० एन० सिन्हा की 27, दिसम्बर 1975 को हुई चासनाला कोयला खान दुर्घटना के बारे में जांच-रिपोर्ट

(1) श्री सी० करुणाकरण,
सेवा निवृत्त महानिदेशक,
भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण संस्था।

(2) श्री जी० एस० मरवाह,
निदेशक,
भारतीय खान विद्यालय (इंडियन स्कूल आफ माइन्स)
धनबाद ।

(3) श्री दामोदर पांडे, संसद सदस्य
मंत्री
कोलियरी मजदूर संघ ।

तारीख 24 मार्च, 1977

आरम्भ :

1. 27 दिसम्बर, 1975 को दोपहर के लगभग 1.30 बजे चासनाला कोलियरी के नाम से ज्ञात एक कोयला खान में भारी दुर्घटना हुई। यह कोयला खान बिहार राज्य के धनबाद कस्बे से कोई 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह दुर्घटना उसी मालिक के एक निकटवर्ती पुराने कार्यस्थल जो छोड़ दिया गया था से भारी मात्रा में पानी की बाढ़ आ जाने के कारण हुई। प्रबन्धकों की ओर से यह कहा जाता है कि इस भीषण दुर्घटना में 375 व्यक्तियों की जानें गईं। ये लोग सुबह 7 बजे से शाम के 3 बजे तक चलने वाली पहली पारी में काम कर रहे थे। 27 दिसम्बर, 1975 की सुबह को 375 से अधिक व्यक्ति खान के अन्दर गए थे परन्तु किसी न किसी कारण 40 व्यक्ति इस भीषण दुर्घटना के घटने से पहले खान के बाहर आ गए थे तथा पानी में डूब कर मर जाने से बच गये। प्रबन्धकों की ओर से 27 दिसम्बर, 1975 की पहली पारी में गहरी खान के हारिजन नं० 1 और हारिजन नं० 2 में अलग-अलग कार्य कर रहे व्यक्तियों की एक टाइप शुदा सूची दी गई है और यह सूची इस रिपोर्ट के एक अनुबन्ध के रूप में संलग्न है।

2. भारत सरकार ने श्रम मंत्रालय की तारीख 31 दिसम्बर, 1975 की अधिसूचना द्वारा यह राय व्यक्त की दुर्घटना के कारणों तथा दुर्घटना के समय विद्यमान परिस्थितियों की विधिवत जांच की जानी चाहिए और मुझे खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 24 की उपधारा (1) के अधीन इस प्रकार की जांच करने के लिए नियुक्त किया गया। बाद में, भारत सरकार ने 5 जनवरी, 1976 की अधिसूचना द्वारा उक्त अधिनियम के इसी उपबन्ध के अधीन यह जांच करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को निर्धारक (असेसरों) के रूप में नियुक्त किया अर्थात (1) श्री सी० करुणाकरण, सेवा निवृत्त महानिदेशक, भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था, (2) श्री जी० एस० मरवाह, निदेशक, इंडियन स्कूल आफ माइन्स, धनबाद और (3) श्री दामोदर पांडे, संसद-सदस्य।

3. 16 जनवरी, 1975 की सुबह को मुझे भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित आशय का एक तार प्राप्त हुआ :—

"आज (15 तारीख) को प्राप्त हुई एक रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार (16 तारीख) की शाम को या शनिवार की सुबह (17 तारीख) को बचाव कार्य तथा निरीक्षण कार्य के लिए चासनाला कोलियरी के हारिजन नं० 1 के खोले जाने की संभावना है। यदि आप इस हारिजन का निरीक्षण करने का इरादा करें तो उस स्थिति में कृपया खान सुरक्षा महानिदेशालय से तुरन्त सम्पर्क कायम करें।"

4. इस तार के बाद एक और तार मुझे इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड के प्रशासक से मिला, जो 17 जनवरी, 1976 को प्राप्त हुआ। यह तार इस आशय का था :—

"आशा है कि कल (शुक्रवार) शाम को चासनाला खान के हारिजन नं० 1 में से पानी निकाला जाएगा। यह तार आप की सूचना के लिए है। यह संदेश सर्वश्री दामोदर पांडे, संसद-सदस्य, सी० करुणाकरण और जी० एस० मरवाह को भी भेजा जा रहा है।'

5. मैंने चासनाला कोलियरी का दौरा करने के लिए तुरन्त प्रबन्ध किया और 18 जनवरी, 1976 की सुबह को सिंद्री गया जो इस कोलियरी से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके तुरन्त बाद मैं कोलियरी गया और वहां श्री दामोदर पांडे, संसद-सदस्य को मिला। खान से पानी निकालने का काम जारी था और निरीक्षण करने के लिए

खान में जो पानी संभव नहीं था। उस दिन इस कोलियरी के संक्षिप्त दौरे के दौरान यह व्यवस्था की गई कि पानी के निकास की प्रक्रिया तथा इस प्रयोजन के लिए रूस और पोलैंड के इंजीनियरों द्वारा दी जा रही सहायता को मैं स्वयं देख सकूं। मेरा परिचय श्री साइडर विच से कराया गया जो पानी के निकास कार्य में लगे रूसी दल के नेता थे। उस दिन यह देखने के लिए कि खान में जमा हुए पानी को निकालने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, सतह पर के कुछ स्थलों का निरीक्षण करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं किया जा सका और उसी दिन की दोपहर को मैं सिंद्री से पटना के लिए रवाना हो गया।

6. 28-1-1976 को जब मैंने इस कोलियरी का दूसरी बार निरीक्षण किया तो मुझे कोलियरी के प्रशासनिक भवनों में श्री करुणाकरण निर्धारक मिले और मुझे इस क्षेत्र में कोयले की विभिन्न सीमों और इन्क्लाइन नं० 4 में से बनाए गए पुराने कार्यस्थलों के बारे में सामान्य स्थिति स्पष्ट की। ऐसा वह अपनी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर कर सके क्योंकि वह छोड़े जा चुके पुराने कार्यस्थलों को इन्क्लाइन संख्या 4 में ता० 26 को गए थे। तदनन्तर हम नं० 4 इन्क्लाइन के मुख की ओर गए जहां से हम क्वारी के पूर्वी छोर की ओर निचली परत सहित 3/4 इन्क्लाइन के पुराने कार्यस्थलों के ऊपर क्वारी के अन्दर देख सकते थे। हमने इस परत के नीचे एक नदी को दक्षिण की ओर बहते हुए तथा दक्षिणी छोर पर एक सुराख के रास्ते से पुराने कार्यस्थलों में जाते हुए देखा। क्वारी के उत्तरी किनारे से श्री करुणाकरण ने भूमि की वह सतह दिखायी जिसके बारे में बताया जाता है कि वह 29-12-1975 को हुई दुर्घटना के समय क्वारी की निचली परत के दक्षिण की ओर धंस गई थी।

गहरी खान का स्थानीय निरीक्षण

7. मैंने चासनाला खान का मुख्य निरीक्षण 12 फरवरी, 1976 को किया। उस दिन, मैं श्री जी० एस० मरवाह, श्री सी० करुणाकरण तथा अन्य व्यक्तियों के साथ नीचे प्रथम हारिजन में गया। उस बार हम ठीक उस स्थान तक जा पाए जिसे उस समय हमने 'पंक्चर' की संज्ञा दी जिसके रास्ते 27 दिसम्बर, 1975 को 3/4 इन्क्लाइन के पुराने कार्यस्थलों से खान में पानी की बाढ़ आई थी। पंक्चर के इस स्थान से लौटने के बाद हम केज द्वारा नीचे दूसरे हारिजन का निरीक्षण करने गए परन्तु स्वयं केज पर ही इतना अधिक पानी गिर रहा था कि हम केज से दूसरे हारिजन पर उतर नहीं सके। दूसरे हारिजन के सतह तक पहुंच चुकने के बाद हमें शीघ्र वापस लौटना पड़ा और उसके बाद हम सतह पर लौट आए। इस निरीक्षण में हमें लगभग एक घंटा लग गया। मैंने 12 फरवरी, 1976 को किए खान के निरीक्षण का ज्ञापन लिखा था जो जांच न्यायालय के आर्डर शीट वाली फाइल में रखा है। श्री जी० एस० मरवाह ने 19 जनवरी, 23 जनवरी, 30 जनवरी और पहली फरवरी, 1976 को किए गए निरीक्षणों के सम्बन्ध में टिप्पणियां लिखी हैं। श्री सी० करुणाकरण ने 25 और 28 जनवरी 1976 को किए अपने निरीक्षण को नोट लिखा है। श्री करुणाकरण ने 26 जनवरी, 1976 के निरीक्षण की अपनी टिप्पणी के साथ (i) 'के' लेवल के नीचे अनाच्छादित सिल और (ii) 'क' लेवल से पानी गिरने के दृश्य के दो फोटो लगाए हैं। यह दोनों फोटो नं० 4 इन्क्लाइन से लिए गए थे। श्री जी० एस० मरवाह और श्री सी० करुणाकरण के नोट भी आर्डर शीट वाली फाइल में रखे हैं।

8. 12-3-76 को गहरी खान के अगले दौरे में हम नीचे दूसर हारिजन में गये और मुझे ऐसे कई स्थलों पर ले जाया गया जहां बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर तबाही हुई थी। उस समय तक उन परिस्थितियों में टूट-फूट की यथासम्भव मरम्मत के लिये खनिकों को लगाया जा रहा था। मैं श्रमिकों के ग्रुपों से मिला जिन्होंने हमें वे स्थान दिखाए जहां वे जान के खतरे के बावजूद कार्य कर रहे थे।

जांच-न्यायालय की पहली बैठक

9. जांच-न्यायालय की पहली बैठक 29 जनवरी, 1976 को सुबह के 10.30 बजे धनसार में केन्द्रीय कोयला खान बचाव केन्द्र समिति के अध्यक्ष के परिसर में हुई। यह स्थान धनबाद के कस्बे और चासनाला कोलियरी के बीच धनबाद से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जांच न्यायालय की बैठकों के स्थान तथा कोलियरी के बीच ही कोई 14 किलोमीटर की दूरी होगी। (यहां मैं इस बात का उल्लेख कर देना चाहता हूं कि जांच न्यायालय की सभी बैठकें उसी परिसर में ही हुई हैं)। इस बैठक की पूर्व सूचना तीनों निर्धारक (असेसरों) को दी गई थी और श्री पी० के० वर्मा ने, जो उस समय जांच न्यायालय के सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे। प्रमुख और प्रधान बस्तियों में टाइप शुदा नोटिस चिपका कर सभी संबंधित व्यक्तियों को बैठक की सूचना दी थी। 29 जनवरी, 1976 को एक आर्डर शीट रिकार्ड किया गया जिस में न्यायालय की पहली बैठक का जिक्र किया गया था।

पक्षों की पेशी

10. कार्यवाहियों में भाग लेने के लिये निम्नलिखित 11 पक्षकार पेश हुए :—

1. इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड।
2. राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ तथा इंडियन नेशनल माइन वर्कर्स फेडरेशन और इंडियन ट्रेड यूनियन कांग्रेस।
3. दि एसोसिएशन आफ इंडियन माइन सर्वेयर्ज।
4. अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस, इंडियन माइन वर्कर्स फैडरेशन और यूनाइटिड कोल वर्कर्स यूनियन।
5. हिन्द मजदूर सभा, आल इंडिया खान मजदूर पंचायत, कोयला इस्पात मजदूर पंचायत और हिन्द मजदूर सभा से सम्बद्ध खान मजदूर यूनियन।
6. धनबाद के जिला प्राधिकारी।
7. 'सिटु' से सम्बद्ध दि कोलियरी मजदूर सभा आफ इंडिया।
8. खान सुरक्षा महानिदेशालय।
9. चासनाला खान मजदूर यूनियन तथा कुछ खनिकों के निकटतम संबंधी।
10. दि इंडियन नेशनल माइन्स, ओवर मैन, सरदार एण्ड शाट-फायरर्स ऐसोसिएशन।
11. इंडियन नेशनल माइन्स ओवरमैन, सरदार एण्ड शाटफायरर्स ऐसोसिएशन की चासनाला शाखा।

11. प्रबन्धकों की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ता, श्री एस० बी० बनर्जी को इस कोलियरी के पूर्ववृत पर एक नोट तैयार करने के लिये कहा गया। पक्षों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि जांच न्यायालय के गठन की सूचनाएं उस तारीख के आर्डर-शीट में उल्लिखित समाचार-पत्रों में विज्ञापित की जायें। तदनुसार 'दि सर्चलाइट', 'दि इंडियन नेशन', 'दि न्यू स्केच', 'आवाज', 'दि खान मजदूर' और 'आर्यवर्त' में सूचनायें प्रकाशित की गईं। तथापि, बाद में सभी संबंधित पक्षों को पर्याप्त नोटिस के कारण, कलकत्ता के 'स्टेट्समैन' और दिल्ली के 'दि टाइम्स आफ इंडिया' में इन सूचनाओं का प्रकाशन बन्द कर दिया गया।

12. 13 फरवरी को हुई जांच न्यायालय की अगली बैठक में प्रबन्धकों की ओर से चासनाला कोलियरी का पूर्ववृत प्रस्तुत किया गया। ऐसे 375 व्यक्तियों की एक सूची भी पेश की गई, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे बाढ़ के परिणाम स्वरूप लापता हैं। श्री एस० सी० बनर्जी से कहा गया कि वे गुम हुए ऐसे व्यक्तियों की दो अलग-अलग सूचियां बनायें जिन्हें 27 दिसम्बर, 1975 की पहली पारी में अलग-अलग

पहले हारिजन और दूसरे हारिजन में काम करने के लिये लगाया गया था। (यह सूची 29 जनवरी, 1976 में हुई बैठक में दी गई):

पक्षकारों की पेशी

13. 13 फरवरी, 1976 को दो और पक्ष पेश हुए :—

(1) माइन्स रेस्क्यू स्टेशन एम्पलाइज ऐसोसिएशन, और

(2) कोल माइनर्स यूनियन।

इन पक्षकारों को पक्षकार नं० 12 और 13 के रूप में संख्यांकित किया गया। जब जांच कार्यवाही प्रारम्भ हुई तो पक्षकारों ने यह आवेदन किया कि उन्हें भूमि के नीचे खानों के निरीक्षण की सुविधायें उपलब्ध कराई जायें और विभिन्न तारीखों को उन्होंने निरीक्षण किये भी। 13 फरवरी को श्री करुणाकरण ने प्रबन्धकों से कतिपय दस्तावेज मांगे जो 28 फरवरी को हुई न्यायालय की अगली बैठक में पेश कर दिये गये। इन प्रलेखों का ब्यौरा उक्त तारीख के आर्डर शीट में उल्लिखित है।

14. यहां मैं एक विचित्र मामले का उल्लेख करना चाहूंगा जो मेरे ध्यान में लाया गया तथा जिसे 13 फरवरी के आर्डर शीट में रिकार्ड किया गया। उस दिन खान सुरक्षा के निदेशक (उत्तरी अंचल), श्री एस०पी० गांगुली ने, खान विभाग (पक्ष नं० 8) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, एक याचिका दायर की जिसमें उन्होंने लिखा कि चासनाला कोलियरी के प्रबन्धक, श्री आर० भट्टाचार्य और सहायक प्रबन्धक, श्री श्री यू०के० खान के जो बयान श्री गांगुली की सांविधिक जांच के दौरान रिकार्ड किये गये थे, वे उनकी फाइल से गायब हैं। तथापि, श्री खान के बयान की एक प्रति उपलब्ध है जबकि श्री भट्टाचार्य का बयान खो गया है। इस मामले का उल्लेख श्री गांगुली के आवेदन में मिलेगा जो रिकार्ड में मौजूद है और इस संदर्भ में श्री एस० एन० ठाकुर और श्री ए० बी० सिंह ने शहादत दी है।

अतिरिक्त पक्षों की पेशी

15. 26 फरवरी को पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले की कोल माइन्स आफिसर्स ऐसोसिएशन, डाकघर उखरा नामक एक नया पक्षकार पेश हुआ। इस पक्षकार को पक्ष नं० 14 के रूप में संख्यांकित किया गया। उसी दिन चासनाला कोलियरी की बिहार कोलियरी कामगार यूनियन नामक एक और पक्ष पेश हुआ। इस पक्ष को पक्ष नं० 15 के रूप में संख्यांकित किया गया। 26 फरवरी तक ये पक्ष ऐसे प्रलेखों की एक लम्बी सूची दायर कर चुके थे। जिनका निरीक्षण वे अपने निजी प्रयोजनों के लिये करना चाहते थे और यथासमय हमने इन सूचियों की जांच की तथा पक्षों को ऐसे प्रलेखों के निरीक्षण के अवसर प्रदान किये गये जिन्हें हमने उस समय तक की अवस्था से सम्बद्ध समझा। 26 फरवरी को सभी पक्षों से कहा गया कि वे अपने अपने मामलों के संबंध में अपने लिखित बयान दायर करें जिनमें निम्नलिखित बातें दर्ज हों :—

(क) जांच में पक्ष का स्वार्थ। प्रश्नगत दुर्घटना में सामान्य दिलचस्पी के अतिरिक्त विशेष स्वार्थ या स्वार्थों का उल्लेख किया जाय।

(ख) पक्ष जांच न्यायालय के समय जो यथातथ्य सूचना व सामग्री रखना चाहता है और बाद में उसमें जो निष्कर्ष निकल सकते हैं।

(ग) ऐसे गवाहों के नाम और ब्यौरे जिनका पक्ष इस जांच में बयान लेना चाहता है।

(घ) यदि पक्ष किन्हीं प्रलेखों को दाखिल करना चाहता है, तो उनकी सूची व उनका स्वरूप।

खान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत श्री एस०पी० गांगुली की रिपोर्ट

16. 11 मार्च को श्री एस०पी० गांगुली ने न्यायालय और निर्धारकों (असेसरों) के लिये खान अधिनियम के अन्तर्गत तैयार की गई अपनी दुर्घटना जांच रिपोर्ट की प्रतियां दायर की। इस रिपोर्ट को इसके बाद सांविधिक रिपोर्ट कहा गया है। उसी दिन, अपेक्षानुसार 13 अन्य पक्षकारों ने अपने अपने मामलों के बयान दायर किये। श्री एस०पी० गांगुली द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट को खान सुरक्षा महानिदेशालय का मामला माना गया। बाद में चासनाला की बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (पक्षकार नं० 15) ने भी अपना मामला बयान दाखिल किया। पक्षकारों के सभी बयान मुहरबन्द लिफाफे में रखे गये और सभी बयानों को रिकार्ड कर लेने के बाद विभिन्न पक्षों के लिये रखी गई प्रतियां उन्हें बांट दी गईं।

अपेक्षित स्पष्टीकरण

17. न्यायालय की बैठक से अगली तारीख, अर्थात् 29 मार्च, 1976 को पक्षकारों से उनके द्वारा पहले से दायर किये गये बयानों के सम्बन्ध में कतिपय स्पष्टीकरण मांगे गये। इस तारीख को यह निर्णय किया गया कि जांच न्यायालय की अगली बैठक में इस बात पर विचार करना पड़ सकता है कि क्या उन सभी पक्षकारों को, जो पेश हो चुके हैं, रिकार्ड पर रखना आवश्यक होगा या उनमें से कुछ पक्षों को अनावश्यक पक्षकार मान कर छोड़ा जा सकता है। यह निर्णय पक्षकारों द्वारा दायर किये गये बयानों को ध्यान में रख कर किया गया। यह निर्णय लेने का कारण यह भी था कि इस अवस्था पर इस सम्बन्ध में भी ठोस संदेह प्रकट किये गये थे कि जांच कार्य में न्यायालय को इनमें से कुछ पक्षकारों से क्या सहायता प्राप्त हो सकती है।

अनुपूरक बयान

18. अधिकांश पक्षों ने यथा समय और बयान दिये जिन्हें अनुपूरक बयान माना गया है।

कुछ ऐसे पक्षकार जिन्हें कारण बताने के लिये कहा गया

19. अगली तारीख, अर्थात् 31 मार्च, 1976 को पक्षकार नं० 11, 12, 13 और 15 (अर्थात्, (1) इंडियन नेशनल माइन्स ओवरमैन, सरदार्ज एण्ड शाटफायरर्स ऐसोसियेशन की चसनाला शाखा, (2) माइन्स रेस्क्यू स्टेशन्स एम्पलाइज एसोसियेशन, (3) कोल माइनर्स यूनियन, और (4) चासनाला की बिहार कोलियरी कामगार यूनियन से कहा गया कि कि वे न्यायालय की बैठक की अगली तारीख को इस बात का कारण बतायें कि उन्हें रिकार्ड से हटा क्यों न दिया जाये। 15 अप्रैल, 1976 को मामले की पहली बार सुनवाई हुई। पक्ष नं० 10 और 11 की ओर से एक याचिका दायर की गई जिसमें उन्होंने यह कहा कि पक्ष नं० 11 (इंडियन नेशनल माइन्स ओवरमैन, सरदार्ज एण्ड शाटफायरर्स ऐसोसियेशन की चासनाला शाखा) द्वारा अलग से अभ्यावेदन आवश्यक नहीं है तथा इस पक्ष, को रिकार्ड से हटा दिया जाये। ऐसा कर दिया गया पक्षकार नं० 13 और 15 के विरुद्ध इस मामले को सुनवाई अगली तारीख तक के लिये स्थगित कर दी गई। पक्ष नं० 13 और 15 विरुद्ध 'कारण बताओ' मामले की 19 अप्रैल, 1976 को पूर्णरुपेण सुनवाई हुई और उस दिन के आर्डर शीट में उल्लिखित कारणों से इन पक्षकारों को रिकार्ड पर बना रहने दिया गया। तथापि, इस रिपोर्ट में तथा रिकार्ड में पक्षकारों के मूल नम्बरों का उल्लेख किया गया है।

20. एक मामला यहां वर्णनीय है जिसका जिक्र 15 अप्रैल के आर्डर में किया गया है। उक्त तारीख को श्री गांगुली ने चासनाला कोलियरी के भूतपूर्व सर्वेक्षक, श्री एस० सरकार का एक बयान दायर किया। श्री सरकार ने यह बयान श्री गांगुली के समक्ष उनकी सतत सांविधिक जांच के दौरान दिया था। श्री गांगुली द्वारा दायर किये गये श्री सरकार के बयान को उनकी मूल रिपोर्ट के भाग 3 में एक अंश के रूप में दर्ज किया गया।

श्री सरकार का कमीशन पर परीक्षण

21. 15 अप्रैल को श्री गांगुली ने एक आवेदन दायर किया कि कोलियरी के भूतपूर्व सर्वेक्षक श्री एस० सरकार का कमीशन पर परीक्षण उनकी अस्वस्थता और वृद्ध आयु के कारण उनके आसनसोल स्थित घर पर किया जाये। न्यायालय में इस मामले की सुनवाई 19 तारीख को

हुई और यह प्रार्थना स्वीकार कर ली गई। जांच न्यायालय के नये सचिव, श्री सतपाल सिंह को आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया ताकि वह 25 अप्रैल, 1976 को रविवार के दिन आसनसोल में श्री एस० सरकार का कमीशन पर परीक्षण कर सकें। सभी पक्षकार उक्त दिन को श्री एस० सरकार के परीक्षण के लिये सहमत हो गये और यह बात रिकार्ड की गई कि जो पक्ष रिकार्ड पर है, उनके प्रतिनिधियों को आसनसोल जाने की छूट है तथा वे श्री सरकार से यथावश्यक प्रश्न पूछ सकते हैं। ठीक उसी दिन श्री गांगुली ने सर्व श्री ए० के० मुखर्जी, एन० सी० मोदक और बी० बी० चौधरी के वे बयान भी दायर किये, जो उन्होंने अपनी सांविधिक जांच में रिकार्ड किये थे।

22. श्री एस० सरकार का कमीशन पर परीक्षण उनके निवास स्थान पर 25-4-1976 को शुरू हुआ और 26-4-1976, 7-5-1976 और 8-5-1976 को जारी रहा और उस कार्यवाही का रिकार्ड अलग से रखा गया है। अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से वहीं कई पक्षकार पेश हुए और श्री एस० सरकार की सविस्तार पृच्छा तथा प्रतिपृच्छा की गई। श्री एस० सरकार के रिकार्ड किये गये बयान को पक्ष नं० 8 के विद्वान वकील ने विधिवत् साक्ष्य में पेश किया और उसे बिना किसी की आपत्ति के स्वीकार कर लिया गया।

23. 19 अप्रैल को श्री गांगुली ने अपनी मुख्य रिपोर्ट के तीसरे भाग के लिये परिशिष्ट पेश किया। इस परिशिष्ट में सर्वश्री अर्जुन मुहर्रा, सहदेव महतो, शबीर अहमद और निजाम अहमद नामक चार और गवाहों के वे बयान शामिल थे जो उनकी (श्री गांगुली की) सांविधिक रिपोर्ट में रिकार्ड किये गये थे।

24. इस तारीख को यह निर्णय किया गया कि 12 मई से 19 मई तक होने वाली न्यायालय की अगली बैठक में गवाहों की परीक्षण शुरू हो जाना चाहिये और पहले प्रबन्धकों (पक्षकार नं० 1) को अपना केस शुरू करना चाहिये तथा अपने गवाहों का परीक्षण करना चाहिये।

अनुबंध

25. इस रिपोर्ट के एक भाग के रूप में मैंने अनेक अनुबन्ध जोड़े हैं। प्रथम अनुबन्ध में ऐसे व्यक्तियों की सूची है जो दुर्घटना में मारे गये थे। अन्य अनुबन्धों में जिन गवाहों का विभिन्न पक्षों की ओर से परीक्षण किया गया, उनके नाम और रिकार्ड में लाये गये प्रदर्शों का नम्बर और उनका ब्यौरा दिया गया है। न्यायालय द्वारा परीक्षित गवाहों की सूची और उनके द्वारा प्रमाणित किये गये दस्तावेजों को भी रिपोर्ट के साथ जोड़ा गया है। जांच में पक्षों द्वारा दायर किये गये कुछ प्लानों* की प्रतियां भी दी गई हैं ताकि तथ्यों को स्पष्टतया समझा जा सके।

26. यह आवश्यक होगा कि सर्वप्रथम चासनाला कोलियरी की अवस्थिति तथा उसका ब्यौरा दिया जाये और उसके बाद इस सम्पत्ति की मिलकियत के पूर्ववृत्त का उल्लेख किया जाये।

चासनाला कोलियरी—अवस्थिति

27. चासनाला कोलियरी धनबाद जिले के सदर उप-प्रभाग में झरियों कोयला क्षेत्र के दक्षिण पूर्वी छोर पर दामोदर नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित है और सड़क के रास्ते से धनबाद सिंद्री सड़क पर वह धनबाद से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर है। इसका क्षेत्रफल 902 एकड़ अर्थात् 2706 बीघा है और इस सारे के सारे क्षेत्र में कोयला भरा पड़ा है। एक मुख्य भित्ति है जो लगभग 27 मीटर मोटी है। और इस सम्पत्ति के बीचों बीच उत्तर से दक्षिण की ओर जाती है। इस मुख्य भित्ति से निकली पतली पतली अनेक शाखायें हैं।

कोयले की सीम

28. इस क्षेत्र में परखी गई कार्ययोग्य सीमों के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:--

सीम संख्या	मोटाई (मीटर)	अलगाव	टिप्पणियां
1	2	3	4
17 बी .	2.1	8.10	10 इन्कलाइनों द्वारा डिप के साथ-साथ 45 मीटर की गहराई तक विकसित की गई। 1948 में छोड़ दी गई इस समय पानी से भरी पड़ी है।
17 ए	2.1	70–80	पन्द्रह इन्कलाइनों द्वारा डिप के साथ साथ 75 मीटर की गहराई तक विकसित की गई। 1948 में छोड़ दी गई। इस समय पानी से भरी पड़ी है।
17 (विशेष)	2.3	80–100	विकसित की गई तथा भराई करके आंशिक रूप से पिल्लर हटाये गये। इस समय इन्कलाइनों द्वारा विकसित की जा रही है तथा उत्खनन किया जा रहा है।
16	1.82	40–50	अव्यवहृत
15	2	2-3	शाखा (अव्यवहृत)
14 ए	2	40–50	शाखा (अव्यवहृत)
13/14	24	10–40	1, 2, 2ए, 3 (पुरानी) इन्कलाइनों द्वारा भित्ति (डाइक) के पश्चिम में तथा 3, 4 और एच० के इन्कलाइनों द्वारा मुख्य भित्ति के पूर्व में विकसित की गई। 1949 में यह कार्यस्थल छोड़ दिया गया तथा कालान्तर में वहां पानी भर गया। 1, 2 क्वारियों के माध्यम से कार्य किये गया। इस समय भूमि के नीचे के कार्यस्थल 1 और 2 पिट्स में से होकर 1 और 2 हारिजन में हैं।
12	4–5	30–80	उभरी हुई परत वाली साइड एक छोटी सी पुरानी क्वारी को छोड़ कर, यह सीम अधिकांशतः अव्यवहृत है। नं० 1 पिट और नं० 2 पिट से, जहां यह 1 सीम के निकट ही पड़ती है, कुछ नये कार्यस्थल बनाये गये हैं।
11/10	10–12		3 मीटर कोयला (शेष शाखा)। एक छोटे से खण्ड में विकसित की गई और 1948 में छोड़ दी गई।

29. सीम नं० 17 बी इस कोलियरी की सबसे ऊंची सीम है और अन्य सीमें उल्लिखित क्रम में नीचे हैं। हमारा सम्बन्ध संयुक्त सीम नं० 13/14 के कार्यस्थलों से है। इस सीम में इन्कलाइन नं० 3 और 4 द्वारा बनाये गये कार्यस्थलों में भारी मात्रा में पानी जमा हो रखा था और पूर्वी क्षेत्र में लगभग 80 फुट का लम्ब्यात्मक अलगाव छोड़ते हुए नीचे नई डीप माइन का हारिजन नं० 1 खोला गया था। इसके बाद दी गई डायग्रामों से यह बात और अधिक सुस्पष्ट हो जायेगी।

*प्लानों की प्रतियां, जो कि अनुबन्ध च, छ, ज, झ, ञ, ट और ठ में दिखाई गई हैं, प्रकाशित नहीं की गई।

क्वारियां (खदानें)

30. प्रबन्धकों द्वारा दिये गये पूर्ववृत्त के अनुसार इस सम्पत्ति में निम्नलिखित तीन क्वारियों (खदानें) हैं जिन में से उभरी हुई परत के साथ-साथ कोयला निकाला जा रहा है:—

कोमनकास्ट कार्य-स्थल का नाम	जिस सीम में उत्खनन किया किया गया, उस सीम का नं०	किस सीमा तक उत्खनन किया गया
नं० 1 क्वारी	12, 13/14	स्ट्राइक के साथ-साथ 1500 फुट और डिप के साथ-साथ 200 फुट।
नं० 2 क्वारी	13/14	स्ट्राइक के साथ-साथ 1600 फुट और डिप के साथ-साथ 200 फुट
नं० 3 क्वारी	13/14	200 फुट × 200 फुट

क्वारी नं० 1—चसनाला मौजा में भू-सम्पत्ति के पश्चिमी छोर पर स्थित है। 'इसको' के नियंत्रण में आने से पहले परित्यक्त यह क्वारी 1972 में पुनः चालू की गई और आग लगने के कारण अप्रैल, 1974 से इस में फिर काम बंद कर दिया गया।

क्वारी नं० 2—हेत केन्द्र मौजा में स्थित है और यह दोमोहनी जोर से लेकर सुपरफास्फेट रोड तक फैली हुई है। यह क्वारी मार्च 1973 में चालू की गई थी। इसमें अब भी काम हो रहा है। इस समय इसकी सीमा स्ट्राइक के साथ-साथ लगभग 1600 फुट तक और डिप के साथ-साथ 200 फुट तक है।

क्वारी नं० 3—की योजना चसनाला मौजा में नं० 3/4 इन्कलाइनों के बीच 13/14 संयुक्त सीम से कोयला निकालने के लिए बनाई गई है। इस क्वारी का विस्तार दोमोहनी जोर तक करने का विचार है। (यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि 5 अप्रैल को जो दूसरी दुर्घटना हुई थी, वह इसी क्वारी में काम के दौरान हुई थी)

संयुक्त सीम नं० 13/14 में इन्कलाइनों में से होकर पुराने खदान

31. प्रबन्धकों द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार नं० 13/14 संयुक्त सीम लगभग 80 फुट मोटी है और उसमें 1.5 में लगभग 1 इनग्रेडियेंट है। इस में डायक को पश्चिमी साइड में चार इन्कलाइनों और डाइक की पूर्वी साइड में तीन इन्कलाइनों द्वारा उत्खनन कार्य किया गया है। डाइक के पश्चिम की ओर वाली साइड की इन्कलाइनों के नाम इन्कलाइन नं० 1, 3 (पुरानी), 2ए और 2 ख रखे गए हैं और डाइक के पूर्व वाली साइड की 3 इन्कलाइनों के नाम इन्कलाइन नं० 3, 4 और एच० के० हैं।

32. डाइक के पश्चिम की ओर वाली खदान नीचे एल लेवल तक जाने वाले लेवलों के पैटर्न में विकसित की गई थी और डाइक के पूर्व की ओर वाली खदानें नीचे के लेवल तक विकसित की गई थीं। तथापि, चूंकि पश्चिम की ओर वाला आंतरिक लेवल पूर्व की ओर वाले लेवल से छोटा है, इस लिए पश्चिम की ओर वाली खदान पूर्व की ओर वाली खदानें से अधिक उथली हैं। विभिन्न लेवल बोर्ड और पिल्लर प्रणाली पर विकसित किए गए थे।

अप्रैल 1949 में और उसके बाद इन खदानों में कार्य बन्द कर दिया गया (इस अवस्था में यह बात ध्यान देने योग्य है कि 27 दिसम्बर 1975 को जो दुर्घटना हुई, वह भूमि के नीचे की गहरी खान में बाढ़ द्वारा हुई थी। यह बाढ़ उस पानी से आई, जो उपर्युक्त डायक के पूर्व की ओर वाली भूमि के नीचे खदानों में जमा हो गया था। उक्त खदानों का उल्लेख भूमि के नीचे के 3/4 इन्कलाइन खदानों के रूप में किया गया है)।

बाढ़ का आना तथा पानी निकालने के प्रयास

33. प्रबन्धकों द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार इन इन्कलाइनों (अर्थात् नं० 3, 4 और एच के इन्कलाइनों) के भीतर की पुरानी खदानों में 1949 में काम बंद कर दिया गया और परत से रिसन द्वारा उनमें पानी भरने दिया गया।

34. 3/4 इन्कलाइनों में से 1963 के अन्त में पानी के निकास का काम शुरू हुआ। 27-11-1963 को एच० के० इन्कलाइन के मुख पर ऊपरी सतह ढह गई जिस से इन्कलाइन का मुख पूर्णतः ढक गया। बाद में एच० के० इन्कलाइन के मुख के इर्दगिर्द एक बान्ध बनाया गया ताकि जोर से आने वाली भारी बाढ़ के पानी से उसकी रक्षा की जा सके।

35. 3/4 इन्कलाइनों से जल-निकास का कार्य 2-4-1966 तक जारी रहा। तब तक पानी का स्तर पुरानी खदानों के ई और एफ लेवलों के बीच पहुंच गया था। उक्त तारीख को नं० 3 और 4 इन्कलाइनों के बीच भूमि धंसने की एक भारी घटना हुई जिसके कारण 'ए' लेवल की छत तल तक बैठ गई। तथापि, कहा जाता है कि जल निकास कार्य 17-5-1967 तक जारी रहा, जब भूमि के नीचे 3/4 इन्कलाइनों में तेज आग देखी गई। स्थिति से निबटने के लिए 18-5-1967 को नम्बर 3/4 इन्कलाइनों की (तथा रानी डांगा स्थित स्टोविंग सोफ्टों के) मुख सील कर दिये गये। 26-9-67 को 3 और 4 इन्कलाइनों की सीलें छोड़ दी गई और सीमित जलनिकास कार्य पुनः शुरू किया गया। इसके बाद आग लग सकने की संभावना के कारण पानी के स्तर को 'सी' लेवल की छत से नीचे कभी नहीं आने दिया गया।

36. इससे पहले मैं यह उल्लेख कर चुका हूं कि एक बड़ी डाइक भू-सम्पत्ति के बीचों बीच होकर गुजरती है और यह कि यह डाइक पश्चिम की ओर वाली 3/14 संयुक्त सीम को खदानों को पूर्व की ओर की खदानों से जुदा करती है। एक समय खदानों के इन दो सेटों के बीच ए लेवल पर इस डाइक के बीचों बीच एक कनेक्शन था; लगभग इस समय तक इस कनेक्शन को समाप्त कर दिया गया था।

37. जैसा कि इस से पहले उल्लेख किया गया है, यद्यपि डाइक के पश्चिमी ओर नं० 1 और नं० 2 इन्कलाइनों के बीच भूमि के नीचे 'एल' लेवल तक खदानें बनाई गई थी तथापि, पश्चिम की ओर वाली इन खदानों की गहराई नं० 3 और नं० 4 इन्कलाइनों के बीच, डाइक के पूर्व की ओर 'के' लेवल की गहराई से कम थी। इसके परिणाम स्वरूप भूमि के नीचे नई डीप खान (गहरी खान) में जहां पश्चिम-वर्ती खदानों के ऊपर लगभग 70 मीटर हैड पानी जमा था, वहां पूर्ववर्ती खदानों में 'के' लेवल के ऊपर लगभग 118 मीटर हैड पानी जमा था। यह स्थिति 27-12-1975 की दुर्घटना के समय विद्यमान थी। डाइक के पूर्वी साइड की इन्हीं पुरानी खदानों से लगभग 270 से 300 लाख गैलन पानी नीचे नई डीप माइन में चला गया था जिसके कारण यह भीषण दुर्घटना हुई, जिसकी जांच की जा रही है।

स्वामित्व का इतिहास

38. चसनाला कोलियरी के स्वामित्व का इतिहास इस प्रकार दिया गया है :—

समस्त मौजा चसनाला में भूमि के नीचे कोयले के खनन अधिकार झरिया के राजा जयमंगल सिंह ने, जो उस समय परगना झरिया के भू-स्वामी थे, 5 कार्तिक, 1302 वि० सं० के एक स्थायी पट्टे द्वारा तारा नाथ दत्त नामक एक व्यक्ति को दिया था, जिसने बाद में 19-2-1901 को या इसके आस पास अपना अधिकार एक उप-पट्टे द्वारा 999 वर्षों की अवधि के लिए बंगाल कोल सिंडीकेट लिमिटेड को सौंप दिया। परिसमापन की अवस्था में

बंगाल कोल सिंडीकेट लिमिटेड तथा उसमें परिसमापक ने और ऋहण-पत्र धारियों के रिसीवर और न्यासियों ने तारीख 7 मई, 1906 के एक हस्तान्तरण विलेख द्वारा समाप्त न हुई प्रवधि अर्थात् पट्टे की शेष अवधि के संबंध में अपना अधिकार मैसर्स बर्न एण्ड कम्पनी को हस्तांतरित कर दिया।

9-10-1906 को मैसर्स बर्न एण्ड कम्पनी ने अपना अधिकार टर्नर मोरीसन एण्ड कम्पनी लिमिटेड को सौंप दिया जिसने वह अधिकार 15-10-1909 के एक हस्तान्तरण-विलेख द्वारा लोदना कोलियरी कम्पनी लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया। उसके बाद लोदना कोलियरी कम्पनी लिमिटेड तथा उसके परिसमापकों ने 6 जून, 1921 के एक विलेख द्वारा समस्त चसनाला मौजे में कोयले के खनन के अधिकार लोदना कोलियरी कं० (1920) लिमिटेड को स्थानान्तरित कर दिए। लोदना कोलियरी कं० (1920) लिमिटेड ने 12-3-1926 के एक विलेख द्वारा अपना अधिकार वापस तारा नाथ दत्त तथा उसके सहभागियों को दे दिया। इस अधिकार त्याग के बाद तारा नाथ दत्त और उसके सहभागियों ने समस्त मौजा चसनाला में भूमि के नीचे कोयले के खनन के अधिकार 12-3-1928 से लागू 28-9-1929 के एक उप-पट्टे द्वारा 999 वर्ष की अवधि के लिए हेमन्त कुमार नाग और अन्य व्यक्तियों को दे दिए। बाद में हेमन्त कुमार नाग और उसके भागेदारों ने 23-12-1935 और 1-2-1936 के दो हस्तांतरण-पत्रों द्वारा अपने उच्च भू-स्वामी का अधिकार प्राप्त कर लिया। इस प्रकार इन हस्तांतरण-पत्रों के फलस्वरूप हेमन्त कुमार नाग और उसके सहभागी 1995 बीघा कोयला-भूमि के संबंध में, जिसमें सारे का सारा मौजा चसनाला आ जाता है, झरिया के राजा के अधीन सीधे पट्टेदार बन गए। 27-4-1938 को हेमन्त कुमार नाग और उसके सहभागियों ने एक उप-पट्टे द्वारा इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० को 750 वर्षों के लिए समस्त मौजा चसनाला में भूमि के नीचे कोयले के खनन के अधिकार दे दिए।

जहां तक मौजा हेतु केन्द्र का संबंध है, इस में 603 बीघे और 8 कोटाह का क्षेत्र शामिल है। यह क्षेत्र दो प्लाटों से मिल-कर बना है जिस में से एक प्लाट 300 बीघे का है तथा दूसरा 303 बीघे और 8 कोटाह का। 300 बीघे के संबंध में कोयले के खनन के अधिकार 18 आषाढ़ 1302 वि० सं० के स्थायी पट्टे द्वारा पारेश नाथ घोष ने झरिया के राजा जयमंगल सिंह से प्राप्त किए। पारेश नाथ घोष ने अपना अधिकार गोविंद चन्द्र बोस को स्थानान्तरित कर दिया और 1932 में 300 बीघे के पूर्वोक्त प्लाट को न्यायालय द्वारा नीलाम किए जाने पर भोला नाथ दत्त ने खरीद लिया, यह नीलामी झरिया राज सम्पदा के रिसीवर द्वारा प्राप्त की गई किराये संबंधी डिग्री की तामील में की गई थी और श्री भोला नाथ ने 13-8-1932 को बिक्री प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया। उसके बाद भोला नाथ दत्त ने 11-9-1935 के रजिस्ट्रीकृत घोषणा-पत्र विलेख द्वारा यह घोषणा की कि यह सम्पत्ति उन्होंने स्वयं अपनी, हेमन्त कुमार नाग और हाराधन बनर्जी की ओर से खरीदी है और इस में उनका क्रमशः 1 आना, 8 आने और 7 आने हिस्सा है। जहां तक 303 बीघे और 8 कोटाह वाले प्लाट के संबंध है, उसे आरम्भ में झरिया के राजा दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा दिए गए 28 कार्तिक 1313 वि० सं० के स्थायी पट्टे द्वारा अभय कुमार राय चौधरी ने प्राप्त किया था। 1930 में इस सम्पत्ति को न्यायालय द्वारा की गई नीलामी में श्री हेमन्त कुमार नाग ने खरीद लिया और धनबाद के अधीनस्थ जज से बिक्री प्रमाण-पत्र दिनांक 22-7-1932 प्राप्त कर लिया। न्यायालय ने यह नीलामी धनबाद न्यायालय की एक डिग्री की तामील के लिए की थी।

11 सितम्बर, 1935 की एक न्यास-घोषणा द्वारा हेमन्त कुमार नाग ने यह घोषणा की कि सम्पत्ति में यह अधिकार उसने अपनी हाराधन बनर्जी और भोला नाथ दत्त की ओर से खरीदा है और इस में प्रत्येक का हिस्सा क्रमशः 8 आने, 7 आने और 1 आना है। 27-4-1938 को हेमन्त कुमार नाग और उसके दो सहभागियों ने मौजा हेत केन्द्र में उक्त 603 बीघे और 8 कोटाह के क्षेत्र के संबंध में इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० को 750 वर्ष के लिए एक उप-पट्टा दे दिया। उसके बाद तारीख 28-9-1955 के दो बिक्री विलेखों द्वारा 1955 बीघा क्षेत्रफल वाले मौजा चसनाला तथा 603 बीघे और 8 कोटाह क्षेत्रफल वाले मौजा हेतकेन्द्र में पूर्णतया समस्त खनन अधिकार खरीद लिए।

इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० ने भी मौजा अपर केन्द्र का एक भाग अर्जित किया जिसका क्षेत्रफल 36 एकड़ था। कम्पनी को इसका कब्जा (केवल भूमि के नीचे के संबंध में अधिकार) 27-11-1960 को दिया गया। अनेक प्रलेखों द्वारा संबंधित मालिकों से कम्पनी ने विभिन्न तल भूखंड भी प्राप्त किए।

भूमि के नीचे कोयला खनन अधिकारों के उक्त अर्जनों के परिणामस्वरूप यह कम्पनी अब 902 एकड़ क्षेत्र की मालिक है जोकि 2706 बीघे 8 कोटाह के बराबर है। इस क्षेत्र का ब्योरा इस प्रकार है :—

चसनाला मौजा	1995 बीघा
हेत केन्द्र मौजा	603 बीघा 8 कोटाह
अपर केन्द्र मौजा	36 एकड़ (108 बीघे के बराबर)

हेमन्त कुमार नाग तथा अन्य, जिनसे इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० ने यह सम्पत्ति प्राप्त की थी, इस कोलियरी को चसनाला कोल कम्पनी के नाम व स्टाइल से चलाया करते थे। इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड द्वारा पूर्वोक्त सम्पत्ति के अभिग्रहण के बाद उसका प्रबंध 13-7-1972 तक उक्त कम्पनी के पास रहा।

39. 14-1-1972 को भारत के राष्ट्रपति ने इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (प्रबन्ध-ग्रहण) अध्यादेश, 1972 (1972 का अध्यादेश 6) जारी किया, जिसके द्वारा केन्द्रीय सरकार ने चासनाला कोलियरी का प्रबन्ध तथा इस कम्पनी की अन्य सम्पत्तियों के अपने नियंत्रण में ले लिया। उक्त अध्यादेश बाद में रद्द कर दिया था तथा उसका स्थान इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (प्रबन्ध-ग्रहण) अधिनियम, 1972 (1972 का 50) ने ले लिया जिसे राष्ट्रपति की स्वीकृति 3-9-1972 को प्राप्त हुई थी और जिसे पूर्वपिक्षी प्रभाव से 14-7-1972 से लागू किया गया था। पूर्वोक्त अध्यादेश, जिसका स्थान बाद में 1972 के अधिनियम 50 ने ले लिया, के परिणामस्वरूप 14-7-1972 से इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० के सभी उपक्रमों तथा चसनाला कोलियरी का प्रबंध केन्द्रीय सरकार के हाथ में आ गया।

40. बाद में 1972 के अधिनियम 50 में इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (प्रबन्ध-ग्रहण) संशोधन अध्यादेश, 1974 (1974 का अध्यादेश संख्या 36) के नाम से ज्ञात अध्यादेश द्वारा संशोधन किया गया। बाद में इस अध्यादेश को रद्द कर दिया गया और उसका स्थान इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड (प्रबंध-ग्रहण) संशोधन अधिनियम, 1974 (1974 का अधिनियम संख्या 36) ने ले लिया। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी 31-8-1974 को प्राप्त हुई परन्तु उसे पूर्वपेक्षी प्रभाव से 23-6-1974 से लागू किया गया। 1974 के पूर्वोक्त अधिनियम संख्या 36 द्वारा कम्पनी के उपक्रम के प्रबंध की अवधि बढ़ा दी गई तथा अधिनियम में कुछ नई धाराएं भी शामिल की

गई। उक्त संशोधन द्वारा एक प्रबंध-बोर्ड गठित किया गया जिसमें एक अध्यक्ष और चार से अन्यून और 14 से अनधिक सदस्य शामिल थे। इस में एक प्रशासक की नियुक्ति का प्रावधान भी किया गया, ताकि वह प्रबंध बोर्ड की सहायता कर सके तथा कम्पनी के उपक्रम के कार्यों की व्यवस्था कर सके। इस में यह व्यवस्था भी की गई कि जिस तारीख से प्रबंध बोर्ड ने कम्पनी के उपक्रम का प्रबंध संभाला है, उस तारीख से अभिरक्षक अपना पद छोड़ देगा, परन्तु वह प्रबंध बोर्ड के सदस्य के रूप में या प्रशासक के रूप में नियुक्ति का पात्र होगा।

41. उसके बाद इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (शेयरों का अर्जन) अध्यादेश, 1976 (1976 का अध्यादेश संख्या 10) जारी हुआ जिसे बाद में रद्द कर दिया गया तथा जिसका स्थान इंडियन आयरन एण्ड स्टील कंस लि० (शेयरों का अर्जन) अधिनियम, 1976 (1976 का अधिनियम संख्या 89) ने ले लिया। यद्यपि उक्त अधिनियम को राष्ट्रपति की स्वीकृति 2-9-1976 को प्राप्त हुई, तथापि उसे पूर्वापेक्षी प्रभाव से 17-7-76 से लागू किया गया। इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन, कम्पनी के सभी शेयर केन्द्रीय सरकार को हस्तान्तरित हो गए तथा केन्द्रीय सरकार में शामिल हो गए। उक्त अधिनियम में दी गई शेयरों की परिभाषा के अनुसार शेयरों में कम्पनी की पूंजी का ऐसा कोई शेयर शामिल नहीं जिसका धारक निम्नलिखित हो :—

(i) कोई भी राज्य सरकार।
(ii) स्टेट बैंक आफ इंडिया।
(iii) स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड।
(iv) भारतीय जीवन बीमा निगम।
(v) यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया।
(vi) कोई भी तदनुरूपी नया बैंक।
(vii) साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 द्वारा राष्ट्रीयकृत कोई भी साधारण बीमा कम्पनी।

संगठनात्मक चार्ट

42. सुनवाई के दौरान प्रबन्धकों की ओर से रिकार्ड पर कोलियरी का एक संगठनात्मक चार्ट लाया गया जिसमें 27-12-1975 की स्थिति के अनुसार संगठन का ब्यौरा दिया गया था। इस चार्ट को प्रदर्श सी सी के रूप में रखा गया है। उक्त चार्ट में दी गई सभी प्रविष्टियों का इस रिपोर्ट में उल्लेख करना आवश्यक नहीं है। संगठन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रदर्श सी सी से लिया गया निम्नलिखित उद्धरण पर्याप्त होगा :—

दि इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड 27-12-1975 की स्थिति के अनुसार कोयला खानों संबंधी संशोधन

संगठनात्मक चार्ट

अध्यक्ष

प्रबन्ध बोर्ड

(खान अधिनियम के अधीन नामित मालिक)

(एन० भाया)

|

महा प्रबंध (सामग्री)

(ए० सी० लाल भूतपूर्व एयर वाइस मार्शल)

|

मुख्य कार्य पाल (कोयला खान)

जे० एन० प्री०

|

क्षेत्रीय प्रबन्धक (चसनाला तथा रामनागोर कोयला खानें) (खान अधिनियम के अधीन एजेंट के रूप में नियुक्त) (एस० के० बनर्जी) प्रबन्धक (चसनाला कोलियरी) (खान अधिनियम के अधीन प्रबन्धक के रूप में नियुक्त) (आर० भट्टाचार्य) सुरक्षा अधिकारी (ए० प्रसाद)	एजेंट (चसनाला इन्कलाइन्स) (खान अधिनियम के अधीन एजेंट के रूप में नियुक्त) (डी० सरकार)	योजना अधिकारी (खनन) खान अधिनियम के अन्तर्गत सभी खानों के संबंध में जी० एजेंट (योजना) के रूप में नियुक्त (डी० सरकार)	ग्रुप सुरक्षा अधिकारी (सभी खानों के लिए) डी० सरकार

यह उल्लेखनीय है कि महाप्रबन्धक (सामग्रीयां), मुख्य कार्यपालक (कोयला खान), क्षेत्रीय प्रबन्धक, योजना अधिकारी और ग्रुप सुरक्षा अधिकारी के पद खान अधिनियम, 1952 के अधीन सांविधिक पद नहीं हैं। इन पदों को प्रशासनिक आदेशों द्वारा सृजित पद कहा जाता है। महा प्रबन्धक (सामग्री) को कम्पनी के खान विभाग तथा सामग्री विभाग का प्रशासनिक प्रधान कहा जाता है। खान विभाग में कोयला खानें और अयस्क खानें शामिल हैं। प्रत्येक खान एक मुख्य कार्यपालक के अधीन है। बताया जाता है कि चसनाला में तैनात मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) सभी कोयला खानों की व्यवस्था के संबंध में महाप्रबंधक (सामग्री) के माध्यम से उच्चतर प्रबन्धकों के प्रति उत्तरदायी है।

43. प्रबन्ध द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार कोयला खानों के प्रतिष्ठान में (1–2) तुनोडीह जीतपुर स्थित दो कोयला खानें, (3–4) चसनाला स्थित दो कोयला खानें, (5) रामनागौर कोयला खान और (6) चसनाला स्थित कोल वाशरी शामिल है। जीतपुर कोलियरी से चसनाला कोलियरी तक एक बाई-केबल रोपवे भी है जो 5.4 मील (8.6 किलोमीटर) लम्बा है। और इस से भी लम्बा बाई केबल

रोपवे चसनाला कोलियरी से बर्नपुर तक है जो 33 मील (53 किलोमीटर) लम्बा है। बताया जाता है कि कोयला खानों की प्रभावी व्यवस्था के लिए तथा कंपनी की सांविधिक जिम्मेवारियां निभाने के लिए, कम्पनी ने इन दो क्षेत्रों के लिए दो क्षेत्रीय प्रबन्धक नियुक्त कर रखे हैं जो अर्हता प्राप्त खनन इंजीनियरी हैं तथा प्रथम श्रेणी प्रबंधक का योग्यता प्रमाण-पत्र धारी हैं। यह बताया गया है कि पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने और खानों की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी ने अन्य बातों के साथ-साथ एक ग्रुप सुरक्षा अधिकारी और एक योजना अधिकारी (खनन) नियुत कर रखा है।

कार्यसंचालन की वर्तमान प्रणाली :

44. चसनाला कोलियरी के इतिहास में प्रबंध ने एक विस्तृत टिप्पणी दी है जो खान में कार्यसंचालन की वर्तमान प्रणाली के बारे में है। इस टिप्पणी के अनुसार चसनाला कोलियरी वर्ष 1949 से बंद पड़ी रही क्योंकि प्रबन्धकों ने पट्टे के क्षेत्र की किसी भी सीम में कार्य जारी रखना कठिन तथा तकनीकी दृष्टि से अव्यवहार्य पाया। 1958 में प्रबन्धकों ने इस कोलियरी के संबंध में आगामी योजना बनाने का काम भारत के सेवा निवृत्त मुख्य खान निरीक्षक, श्री एन० बार्राक्लफ को सौंप दिया, जिन्होंने विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जांच की और 1960 में व्यवहार्यता संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

श्री एन० बार्राक्लफ की व्यवहार्यता संबंधी रिपोर्ट :

चूंकि श्री बार्राक्लफ द्वारा सुझाई गई खनन प्रणाली के लिए भारी पूंजी लगाने की आवश्यकता थी और चूंकि विदेशों से आयात की जाने वाली मशीनें खरीदने के लिए विदेशी मुद्रा भी दरकार थी, इस लिए प्रबन्धकों ने ऋण प्राप्त करने के लिए विश्व बैंक के पास आवेदन किया ताकि इस कठिन खनन परियोजना को सफलतापूर्वक विकसित किया जा सके। विश्व बैंक की सलाह पर प्रबन्धकों ने अपनी चसनाला और जीतपुर कोयला खानों की कोयला विकास परियोजना की योजना, समन्वय तथा निष्पादन का कार्य मैसर्स इंटरनेशनल कन्स्ट्रक्शन कंपनी (आई० सी० सी०) को सौंपा जिनका पंजीकृत कार्यालय 56, किंग्सवे, लन्दन में स्थित है। बताया जाता है कि यह फर्म ऐसे कार्यों में अपनी दक्षता के लिए विश्व-प्रसिद्ध है तथा उपर्युक्त प्रयोजन के लिए विश्व बैंक द्वारा अनुमोदित है।

इंटरनेशनल कन्स्ट्रक्शन कम्पनी की परियोजना रिपोर्ट :

45. आई० सी० सी० की परियोजना रिपोर्ट किसी समय 1966 में प्रस्तुत की गई। इसी बीच 1964 में एक दूसरी ब्रिटिश फर्म, मैसर्स सीमेंटेशन कंपनी लिमिटेड ने सिंकिंग की विशेष सीमेंटेशन विधि द्वारा (नई) डीप माइन के लिए शाफ्टें सिंक करने का काम आरम्भ कर दिया। प्लान के अनुसार 3 फीट उपिट है। पिट नं० 1 और 2 पश्चिम खान के लिए 2 निकास—मार्गों का काम देते हैं और पूर्वी खान में पिट नं० 4 का काम खनन के हारिजन सिस्टम के अनुसार रेत भराई, पत्थर में विकास और फेसिज सुरंगों के लिए सामग्री की आपूर्ति का प्रयोजन सिद्ध करना है। (इस जांच में हमारा संबंध पश्चिम खानों से है)।

46. प्रबंध द्वारा दिए गए विवरण में यह कहा गया है कि चसनाला के लिए प्रस्तावित किए गए हारिजन सिस्टम के खनन तकनीक के बारे में तब भारत के खनन उद्योग को कोई ज्ञान नहीं था। इस लिए विश्व बैंक की सलाह पर कम्पनी ने एक मात्र चसनाला खान के लिए एक जर्मन विशेषज्ञ (श्री सी०एच० स्पोबोन्डा) को खनन सलाहकार नियुक्त किया। उनका इंटरव्यू 'इसको' के प्रबन्धकों और विश्व बैंक ने वाशिंगटन (यू०एस०ए०) में लिया था। इस खनन सलाहकार ने जिन्हें चसनाला में तैनात किया गया, जनवरी 1969 में अपना कार्य-भार संभाला और उन्होंने चसनाला खान में इस हैसियत में दिसम्बर, 1973 तक कार्य किया। बताया जाता है कि विभिन्न क्षेत्रों में चसनाला खान का समस्त विस्तृत योजना-कार्य और डिजाइन-कार्य इस खनन विशेषज्ञ की सलाह से तथा उनके मार्गदर्शन और सीधे पर्यवेक्षण में किया गया। कहते हैं कि यह खनन विशेषज्ञ प्रबन्धकीय और तकनीकी पर्यवेक्षी कर्मचारियों को खनन के हारिजन सिस्टम द्वारा कोयले के खड़ी ढाल वाले और गहरे भण्डारों के उत्खनन का प्रशिक्षण भी देता था।

खनन का हारिजन सिस्टम :

47. खनन का हारिजन सिस्टम सामान्यतः प्रचलित इन-सीम सिस्टम से मूलतः भिन्न है। इन-सीम सिस्टम में शाफ्ट कोयले की सीम तक सिंक किए जाते हैं और बाद में सभी ग्रावेज कोयले में किए जाते हैं। यह प्रक्रिया वहां नहीं अपनाई जाती जहां दो सीमों को आपस में मिलाना होता है। उस स्थिति में क्रास-मैयर ड्रिफ्टों को पत्थर में ड्राइव करना होता है। कोयले की सीमें सामान्यतः झुकी हुई होती हैं। परन्तु हारिजन सिस्टम में शाफ्ट खदाना (हारिजन्स) के हारिजेंटल सेटों की ओर सिंक किए जाते हैं जो औसत् समुद्रतल के संदर्भ में पहले से निर्धारित डेटम स्तर पर मुख्यतः पत्थर में बनाए जाते हैं; कोयले की सीमों में भी उसी हारिजन की लेवल क्रास मैयर ड्रिफ्टों द्वारा छेदन/मार्ग किया जाता है। जब ऐसे दो हारिजन (एक के नीचे दूसरा) विकसित हो जाते हैं, उस के बाद ही दो हारिजनों के बीच काटी गई कोयले की सीमों में खनन कार्य किया जाता है। चसनाला में हारिजन नं० 1 का डेटम औसत समुद्रतल के नीचे 100 फुट या सतह से लगभग 565 फुट नीचे निर्धारित की गई थी और हारिजन नं० 2 आर्डिनेंस लेवल से 490 फुट नीचे या सतह से लगभग 955 फुट नीचे निर्धारित किया गया था।

इन दो हारिजनों में विभिन्न पिटों की सतह से गहराई इस प्रकार है :—

पिट नं०	सतह से पहले हारिजन तक गहराई	सतह से दूसरे हारिजन तक गहराई
नं० 1	556 फुट	956 फुट
नं० 2	566 फुट	955 फुट
नं० 3	560 फुट	940 फुट

अब तक पहले हारिजन और दूसरे हारिजन के खदान पिट नं० 1 और 2 में से होकर ही है। इन हारिजनों को भी अभी तक नं० 4 पिट के साथ नहीं मिलाया गया है। नं० 4 पिट से पहले हारिजन में केवल कुछ ही पत्थर के ड्राइवेज किए गए हैं।

इस जांच में हम केवल पिट नं० 1 और पिट नं० 2 से ही संबंधित हैं जो डीप (पश्चिम) माइन के प्रथम और दूसरे हारिजन तक जाते हैं जिनके बीच की खदानें पूर्णतः बाढ़ग्रस्त हो गई थीं। इन दो पिटों के बीच 165 फुट का फासला है। पिट नं० 1 पिट नं० 2 के उत्तर की ओर है।

48. प्रश्नगत खान एक गैसपूर्ण खान है और इसे गैस श्रेणी III (जो गैसयुक्तता की उच्चतम श्रेणी है) में रखा गया है। इस खान का संवातन यंत्र विद्युतपालितचन है जो एक्सियल फ्लो पंखा द्वारा चलता है। यह पंखा जल गेज के लगभग 10 इंच के दबाव पर प्रति मिनट 15000 घन फुट से 20000 घन फुट तक वायु परिचालित करता है। यह पंखा नं० 2 पिट के शीर्ष पर लगा हुआ है जो 'अप कास्ट' शाफ्ट है। (पिट नं० 1 डायन कास्ट सीफ्ट है) यह पंखा खान में से वायु खींचता है और इस तरह डाउन कास्ट शाफ्ट के माध्यम से खान को संवातित करता है। पूर्वोक्त पंखे के अतिरिक्त दो सहायक पंखे हैं जो ब्लाइंड गैलरियों को संचालित करने के लिए दोनों हारिजनों में लगे हुए हैं।

49. खान में 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों (पारियों) में काम किया जाता है। पहली पारी सुबह के सात बजे से शाम के 3 बजे तक थी; दूसरी पारी शाम के 3 बजे से रात्रि के 11 बजे तक थी और तीसरी पारी रात्रि के 11 बजे से सुबह के सात बजे तक थी। जिस दुर्घटना की जांच की जा रही है, वह 27-12-1975 की पहली पारी में हुई।

50. चसनाला खान में परत सामान्यतः जलयुक्त है और नं० 1 तथा नं० 2 हारिजनों की भूमि के नीचे की खदानों में पानी जमा होने की स्थिति से निबटने के लिए [तथा रेत-युक्त जल (सैंड स्टोविंग वाटर) को पम्पों द्वारा निकालने के लिए] निम्न प्रकार पम्प लगाए गए थे :—

नं० 1 हारिजन : पांच पम्प जिन की कुल जल-निकास क्षमता 1500 गैलन प्रति मिनट थी।

नं० 2 हारिजन पांच पम्प जिनकी कुल जल निकास क्षमता 2500 गैलन प्रति मिनट थी।

स्थानीय निरीक्षणों के बारे में टिप्पणी:

51. दुर्घटना के स्थान का प्रथम विस्तृत ब्यौरा उस नोट से मिलता है जो 30 जनवरी, 1976 और पहली फरवरी, 1976 को निरीक्षण करने के बाद श्री जी० एस० मरवाह, प्रोसेसर ने रिकार्ड किया था। श्री मरवाह ने प्रथम हारिजन के उस स्थान पर, जहां 27 दिसम्बर 1975 को बाढ़ आई थी, पहुंचने के बाद अपना निम्न लिखित टिप्पणी रिकार्ड की है :

"यह नोट किया गया कि लगभग 15 मीटर 'संवातन क्रास-आउट' के इनबाई एण्ड पर कनेक्शन बनाया गया था जो हैंगवाल ड्राइव से फुटवाल की ओर ड्राइव किया जा रहा था। कनैक्टिंग गैलरी सीम ने ढाल के समानान्तर झुकती हुई दिखाई दी और पंक्चर पॉइंट लगभग 2 मीटर चौड़ा और 3–4 मीटर ऊंचा था। मुझे बताया गया कि 'इसको' के एक सर्वेक्षक ने, जो (उस दिन इस से पूर्व) 'के' लेवल से इस कनेक्शन में गया था, के–लेवल फ्लोर से। हारिजन रूफ तक की दूरी नापी थी और उसे लगभग 49 मीटर पाया। नीचे के चन्द एक फुट के भाग को छोड़ कर, शेष कनेक्शन गैलरी का खंड काफी नियमित रूप का दिखाई देता था। लगभग 80–100 सेंटीमीटर मोटी एक डाइक वेंटिलेशन क्रास-कट में से हैंगवाल के साथ उसके जंक्शन के लगभग 6 मीटर इनबाई जा रही थी, और इस डाइक से कनेक्शन के ऊपर उसकी छत के साथ-साथ 15–20 सेंटीमीटर की मोटाई वाली एक सिल थी।

कनैटिंग गैलरी से लगभग 600–700 गैलन प्रति मिनट पानी बह रहा था। ऊपर के छोर पर हम पूर्वी साइड से हो रहा जल प्रपात देख सके जो (केन्लेवल में खड़े लोगों द्वारा की गई कैप लैम्प की रोशनी में) धुन्धला दिखाई दे रहा था। वेंटिलेशन क्रास-कट के अग्रभाग में अनेक शाट-होल साकेट दिखाई दे रहे थे। पंक्चर-कनेक्शन वेंटिलेशन क्रास-कट के पूर्वी शीर्ष सिरे पर पर बनाया गया था और भारी मात्रा में पानी जो इस पंक्चर से तेजी से नीचे की ओर बह निकला था, उसने ठीक डाइक तक क्रास-कट की पूर्वी साइट को बहा दिया था। द्रुतगति से बहते इस पानी ने न केवल वेंटिलेशन क्रासकट का बल्कि हैंगवाल ड्राइव का तल (फ्लोर) भी काफी दूर तक बहा डाला था। जैसा कि इस से पहले भी वर्णन किया जा चुका है, 25 जनवरी, 1976 के बाद इस तलरदन (स्कूरिंग) को रेत से भर दिया गया था।"

52. पहली फरवरी, 1976 को श्री मरवाह नं० 4 इन्कलाइन के सातत्य में कनैक्टिंग गैलरी पर होते हुए पुरानी खदानों के ठीक जे–लेवल तक गए थे और उन्होंने अपने इस निरीक्षण को इन शब्दों में रिकार्ड किया है :—

"कनैक्टिंग गैलरी और नं० 4 इन्कलाइन से होता हुआ ठीक जे–लेवल तक गया और ऊपर जाते हुए तथा नीचे आते हुए दोनों बार छत और साइडों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां की गई थी :—

I. कनैक्टिंग गैलरी की पश्चिम वर्ती साइड में निचले सिरे से केवल लगभग 5–6 मीटर की दूरी पर चिपका हुआ एक इस्पात की ब्रैकेट पायी गयी जिसे भारी जंग लगा हुआ था। यह ब्रैकेट स्पष्टतः तेजी से बहते हुए पानी के कारण नीचे की ओर मुड़ गई थी। इस आशय के चिन्ह मौजूद थे कि $2\frac{1}{2}$—3 मीटर की दूरी पर इसी प्रकार की ब्रैकेट गैलरी के साथ-साथ ऊपर भी लगाई गई थी परन्तु वह ब्रैकेट गायब थी।

II. इस गैलरी की शेष (क्रास सैक्शन) पूर्वोक्त ब्रैकेट की डिप-साइड की ओर लगभग $2\frac{1}{2}$ मीटर की दूरी पर काफी एक-रूप थी। इस से साफ जाहिर था कि मेन नं० 4 इन्कलाइन 'के' लेवल से परे। हारिजन की खदानों की छत से लगभग इस दूरी के भीतर तक फैल गई थी।

III. इससे पहले वर्णित सिल 1 हारिजन की खदानों से लगभग 10–12 मीटर की दूरी तक कनैक्टिंग गैलरी के ठीक नीचे थी। इस के ऊपर गैलरी की छत लगभग एक मीटर की ऊंचाई पर थी। इस स्थान पर उक्त सिल गैलरी साईड के नीचे की ओर थी। इस से कुछ और ऊपर गैलरी का तल अचानक लगभग एक मीटर ऊपर को उठा हुआ था।

IV. इस क्षेत्र के इर्दगिर्द निम्नलिखित चीजें देखी गई :—

(क) दोनों साइडों में साइड 'अन्डर कट', जो (पिक माइनरों द्वारा) नया एल-लेवल चालू करने के लिए बनाए गए होंगे।

(ख) गैलरी की दो साइडों में दो गोल 'डरनी होल', जिसमें स्पष्टतया अपट रहा होगा।

(ग) पश्चिमी साइड में गैलरी से थोड़ा सा ऊपर एक मैन-होल।

(घ) इस क्षेत्र में सिल पर पश्चिमी साइड की ओर समान दूरी पर पंच निशान (जो एक दूसरे से 1.5 मीटर की समान दूरी पर)। शायद वहां लोहे के कुछ ब्रैकेट भी फिट किए गए थे। (तथापि, इसका पक्का पता केवल निकट से वास्तविक जांच के बाद ही लग सकता है जो यह स्थान दुर्गम होने के कारण संभव नहीं था। तथापि, अस्पष्ट रूप से दो ब्रैकेटों को देखा जा सका।

V. के-लेवल से डिप की ओर 3–4 मीटर की दूरी तक गैलरी का तल सामान्य की अपेक्षा अधिक ढालू था तथा उसकी सतह अत्यन्त चिकनी थी। इस लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कनेक्टिंग गैलरी की चोटी से निरीक्षण करने वाले व्यक्ति को यह स्थान पुरी तरह से ढह चुकी गैलरी के समान दिखाई देता था, विशेषकर ऐसी स्थिति में में जब कि पूर्व से गिरने वाले जल के कारण दृश्य अस्पष्ट था। तथापि वस्तुतः केवल 3–4 मीटर ही नीचे गैलरी की शेष काफी रेगुलर थी।"

श्री मरवाह पर इस दृष्टि मूलक निरीक्षण का जो समग्र प्रभाव पड़ा, वह इस प्रकार है : पुरानी खदान के 'के' लेवल के तल पर नं० 4 इन्कलाइन समाप्त नहीं हुई थी, जैसी कि धारणा बन गई मालूम होती थी, बल्कि वह (बाद की) नई खदानों के प्रथम हारिजन की छत की ओर कोयले की सीम के साथ-साथ नीचे की ओर जा रही थी। जब दुर्घटना के दौरान पुरानी खदानों का इंकलाइन्ड डिप। हारिजन (वेंटीलेशन कनेक्शन नामक गैलरी में, जो तब ड्राइव की जा रही थी) की नई खदानों के साथ जुड़ गया तब उस के बाद के–लेवल के तल से कनेक्शन की लम्बाई लगभग 49 मीटर पाई गई। नं० 4 इन्कलाइन के डाउनवंड कन्टीन्यूशन के क्रास सैक्शन की शेपजंग शुदा ब्रैकेट

नीचे लगभग 2½ मीटर तक काफी रेगुलर थी जिससे यह मालूम होता था कि नं० 4 इन्कलाइन हारिजन। खदान की छत की तरफ छत के ऊपर बहुत कम दूरी तक के-केवल के नीचे आ गई थी।

यहां मैं यह उल्लेख कर देना चाहता हूं कि एक दूसरे, असेसर, श्री सी० करुणाकरण ने डीप माइन साइड से तथा पुरानी खदानों से होकर स्थानीय निरीक्षण किया था और उन्होंने 28 जनवरी, 1976 को जो निरीक्षण पुरानी खदानों के रास्ते किया था, उसके संबंध में उन्होंने अपने नोट में यह लिखा है:--

"पुरानी खदान के प्लान के अनुसार यह खान के-लेवल पर पहुंच कर रुक गई थी, परन्तु के-लेवल पर खड़े होकर दक्षिण की ओर देखने पर यह मालूम हुआ कि इन्कलाइन अपेक्षाकृत अधिक ढोल के साथ नीचे की ओर जा रही थी। इस निचली इन्कलाइन में से कुछ सौ गैलन पानी प्रति मिनट की दर से बह रहा था।"

53. इस जांच में प्रस्तुत साक्ष्य से यथा समय यह मालूम पड़ेगा कि श्री मरवाह और श्री करुणाकरण ने अपने निरीक्षणों के दौरान जो दृष्टि मूलक अवलोकन किए थे, वे घटनास्थल पर विद्यमान वास्तविक तथ्यों का पूर्वदर्शन थे।

दुर्घटना के बारे में प्रथम सूचना

54. किसी ने किसी अवस्था में इस बात का उल्लेख करना आवश्यक हो जाएगा कि 27-12-1975 को दुर्घटना के घटने के तत्काल बाद प्रबन्धकों के कुछ अधिकारियों ने दुर्घटना के बारे में क्या सुना, क्या देखा और क्या अनुमान लगाया। इस समय इस मामले का जिक्र कर देना सुविधाजनक रहेगा। खान के तत्कालीन प्रबन्धक, श्री रामानुज भट्टाचार्य ने अपनी गवाही में कहा है कि वह 27-12-1975 को दोपहर के लगभग डेढ़ बजे दूसरे हारिजन से बाहर आये थे और फिर खान से बाहर निकल कर अपने निवासस्थान चले गए। जैसे ही वह अपने घर पहुंचे तो उन्होंने सुना कि उनके टेलीफोन की घंटी बज रही है और टेलीफोन पर उन्हें सूचित किया गया कि खान में कोई असाधारण घटना हुई है जिसके परिणामस्वरूप मुख्य पंखा बंद हो गया है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि उन्होंने इस मामले की सूचना श्री एस० के० बनर्जी, एजेंट/क्षेत्रीय प्रबन्धक, श्री दीपक सरकार, ग्रुप सुरक्षा अधिकारी और श्री जे० एन० ओहरी, मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) को भेज दी और फिर वह पिट की चोटी की ओर तेजी से चल दिए। श्री भट्टाचार्य अपकास्ट वाइंडर चलवाने में सफल रहे और वह अपकास्ट शाफ्ट से नीचे गए। उन्होंने शाफ्ट के तल से लगभग 200 फुट की गहराई पर पानी की सतह देखी और वह तुरन्त बाहर आ गए और उन्होंने इस तथ्य की सूचना श्री जे० एन० ओहरी तथा अन्य अधिकारियों को दी जो उस समय पिट की चोटी पर आए हुए थे। (दूसरा हारिजन तल से लगभग 955 फुट नीचे था। और इस प्रकार पानी दूसरे हारिजन से लगभग 755 फुट की ऊंचाई पर आ गया था इस प्रकार दूसरा हारिजन पहला हरिजन और उनके बीच के सभी कनेक्शन पानी से पूर्णतः भर गए थे।

55. श्री जे० एन० ओहरी के अनुसार 1975 को दोपहर के लगभग 1.50 बजे श्री एस० के० बनर्जी तेजी से उनके यहां आए और उन्हें सूचित किया कि बताया गया है कि पश्चिमी खान में भारी धमाका हुआ है तथा कुछ धूल और वायु बाहर आ गई है और यह कि यह सूचना मिली है कि संभाव्यतः कोई भूमिगत विस्फोट हुआ है। इस लिए श्री बनर्जी और श्री ओहरी तेजी से पिट की चोटी पर गए और सब से पहली बात जो उन्हें बताई गई, वह यह थी कि मुख्य पंखा बंद हो गया है और उसे पुनः चालू करना संभव नहीं है। लगभग इसी समय श्रीरामानुज भट्टाचार्य शाफ्ट से बाहर आए थे और यह सूचना दी थी कि उन्होंने शाफ्ट में तल से 200 से 250 फुट की गहराई पर पानी की सतह देखी है। डाउन कास्ट शाफ्ट को चालू करने का प्रयास किया गया परन्तु उसे चालू न किया जा सका। श्री जे० एन० ओहरी के कथनानुसार परिस्थितियां अत्यन्त चकरा देने वाली दिखाई दे रही थी और दुर्घटना के संबंध में कोई स्पष्ट अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि अभी अभी सूचना आई है कि जब शाफ्ट से आवाज सुनी गई थी तब सी-लेवल तक 3/4 इन्कलाइन खदानों में लगाए गए 3 निर्मज्जनीय बोर होल पम्पों ने, जल के अचानक लुप्त हो जाने के कारण, काम करना बंद कर दिया। इन पम्पों को पुनः चालू करने के सभी प्रयास विफल रहे। इस सूचना के साथ-साथ ही यह सूचना भी मिली कि जब पिट से आवाज सुनाई दी थी तब लगभग उसी समय एक भारी भूखंड के धसने की घटना हुई थी। भूमि धसने की यह घटना 3/4 इन्कलाइन खदानों के निकटवर्ती क्षेत्र में हुई थी। इससे यह संदेह पैदा हुआ कि नं० 3/4 इन्कलाइन की पुरानी खदानों और नई खान के दरमियान कोई दरार पैदा हो गई होगी। श्री ओहरी के अनुसार, एच० के० इन्कलाइन के क्षेत्र से होकर भूमि के नीचे की पुरानी खदानों के निरीक्षण के बाद इस बात की पुष्टि हो गई। क्योंकि यह पाया गया कि एच० के० इन्कलाइन क्षेत्र में पानी का स्तर, जो बी-लेवल से कुछ ऊपर था, अचानक कम होकर डी-लेवल तक जा पहुंचा जिससे 3 करोड़ से 3.5 करोड़ गैलन पानी कम हो गया। (एच० के० इन्कलाइन क्षेत्र नई डीप माइन से और पूर्व की ओर है जहां बाढ़ आई थी और यह स्थान पुरानी 3/4 इन्कलाइन खदान से मिला हुआ है)। श्री ओहरी के अनुसार, एच० के० इन्कलाइन क्षेत्र में पानी कम पाये जाने से यह संदेह पैदा हो गया कि उसके ऊपर नई खान और पुरानी खदानों के बीच के 80 मीटर के बैरियर पर कोई गम्भीर घटना घट गई है।

56. यहां यह बात उल्लेखनीय है कि यह शक कि हारिजन नं० 1 और 3/4 इन्कलाइन की पुरानी खदानों के बीच के बैरियर का एक भाग किसी तरह टूट गया है, ठीक नहीं था, जैसा कि बाद में पता लगा। बाद में, जिस बात का पता लगा, वह यह थी कि नं० 4 इन्कलाइन लगभग 49 मीटर की इन्कलाइन्ड दूरी तक के लेवल की खदानों के नीचे चली गई थी, जैसा कि श्री जी० एस० मरवाह ने अपनी निरीक्षण टिप्पणी में रिकार्ड किया था और हारिजन नं० 1 में वेंटीलेशन कनेक्शन नामक गैलरी और नं० 4 इन्कलाइन की इस एक्सटेंशन के बीच एक कनेक्शन बन गया था, जिसके परिणामस्वरूप जमा पानी डीप खान में चला गया और वहां बाढ़ आ गई। श्री जे० एन० ओहरी ने न्यायालय में इस बात को इस तरह पेश किया है:--

"इस बात का पता हमें 27-12-1975 को हुई दुर्घटना के घटने और खान में से पानी निकाले जाने के बाद ही लगा कि नं० 4 इन्कलाइन पुराने प्लान (प्रदर्श डी/4) में दिखाई दूरी से 125 फुट की अतिरिक्त दूरी तक बढ़ गई थी......."

(प्रदर्श डी 4 द्वारा यह प्रदर्शित किया गया था कि यह एक्सटेंशन सीम के साथ-साथ केवल (लगभग) 40 फुट की इन्कलाइण्ड दूरी तक के लेवल के नीचे गई थी।)

खदानों का विवरण

57. ऐसे तथ्यों और परिस्थितियों का, जो कि रिकार्ड पर आ चुकी है, विवेचन करने से पूर्व मैं यहां कुछ डायग्राम देना चाहता हूं ताकि इस बात को आसानी से समझा जा सके कि 27-12-1975 को क्या हुआ था। ये डायग्राम किसी पैमाने के अनुसार नहीं बनाई गई हैं, तथापि इनसे आगे वर्णित तथ्य स्पष्ट हो जाएंगे।

डायग्राम नं० 1

खदानों का पार्श्विक प्रक्षेप



ए से के रेखाएं उन लेवलों की सूचक हैं जिनके साथ-साथ संयुक्त 13/114 सीम में पुरानी 3/4 इन्कलाइन खदान में खनन कार्य किया गया था। जैसा कि इस से पहले वर्णन किया गया है, इस सीम का ग्रेडियेंट लगभग 1.5 में 1 है। एल एम और एन ओ रेखाएं क्रमशः इन्कलाइन 3 और 4 की सूचक हैं। इन्कलाइन नं० 3 कुछ हद तक सीम के वास्तिक डिप के साथ-साथ नीचे गई है, जबकि इन्कलाइन नं० 4 सीम के आभासी डिप के साथ-साथ यह बात ध्यान देने योग्य है कि इन्कलाइन नं० 3 के लेवल से कुछ ही नीचे गई है। यह इन्कलाइन्ड दूरी लगभग 20 फुट बताई जाती है। इन्कलाइन नं० 4 संबन्धी रेखा यह दर्शाती है कि यह इन्कलाइन के लेवल के नीचे इन्कलाइन नं० 3 की अपेक्षा अधिक नीचे चली गई थी और के लेवल के नीचे इन्कलाइण्ड दूरी 40 फुट के लगभग बताई जाती है। रेखा क्यू क्यू 1, हारिजन नं० 1 की सूचक है। पुरानी खदान लगभग के–लेवल से सी–लेवल तक पानी से भरी हुई थी और बताया जाता है कि प्रश्नगत दुर्घटना से पहले इस पुरानी खदान में 1.1 करोड़ गैलन पानी अवश्य रहा होगा और पक्षकार नं० 1 के लिखित बयान के अनुसार के–लेवल के ऊपर 118 मीटर हैड पानी था। बताया जाता है कि इस जमा पानी में से लगभग 3 से 3.5 करोड़ गैलन पानी नं० 4 इन्कलाइन के किसी अज्ञात प्रसरकोण के जरिए डीप माइन में चला गया था (डायग्राम नं० 2 देखिए) हारिजन 1 और हारिजन 2 में पूर्णतः बाढ़ आ गई और पानी चढ़ कर इन दो पिटों में चला गया ताकि यह अपने स्तर पर आ सके और स्थिर हो सके। बताया जाता है कि 27-12-1975 को दुर्घटना के बाद इस प्रक्रिया में पुरानी खदान में पानी का स्तर कम होकर ई–लेवल तक गिर गया। यह उल्लेखनीय है कि पुरानी खदान में जमा सारे का सारा पानी बाद में इसी तरह नीचे चला गया, क्योंकि डीपमाइन में से पानी को पम्प करके पिट-शाफ्टों के रास्ते से बाहर निकाला जा रहा था। इस प्रकार सारे का सारा पानी निकाल दिया गया ताकि डीप माइन उस पानी से मुक्त हो जाए जिसने उसमें बाढ़ ला दी थी।

डायग्राम नं० 2



के–के रेखा उस स्थान के के–लेवल को दर्शाती है जिसका हम वर्णन कर रहे हैं। के–1 के–2 कोयले की सीम की चौड़ाई दर्शाती है। एल एम इन्कलाइन नं० 3 को और इस अवस्था में एन पी इन्कलाइन नं 4 को दर्शाती है। यह उल्लेखनीय है कि इन्कलाइन नं. 4 का भाग एन ओ के–लेवल के नीचे लगभग 40 फुट की इन्कलाइण्ड दूरी तक चला गया था। अब ओ पी रेखा वह जगह दर्शाती है जिसके बारे में बताया जाता है कि वह के–लेवल के नीचे नं० 4 इन्कलाइन की अज्ञात एक्सटेंशन थी। इस अतिरिक्त लम्बाई को श्री जे०एन० ओहरी ने न्यायालय में लगभग

125 फुट बताया है । क्यू क्यू 1 लेवल खदानों के नीचे हारिजन नं० 1 दर्शाती है ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि अब तो यह अंदाजे से ही निर्धारित किया जा सकता है कि हारिजन नं० 1 की छत से एक्सटेंशन सहित नं० 4 इन्कलाइन के सिरे की वास्तविक ऊंचाई कितनी थी, क्योंकि पानी के हैड ने इस इन्कलाइन के निचले सिरे के निचले भाग से कोयले का कुछ खण्ड उखाड़ दिया था और उसे बहा कर वैंटीलेशन कनैक्शन नामक गैलरी के रास्ते नई खदानों में ले गया था (डायग्राम–6 देखिए)। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुर्घटना से पूर्व नं० 1 की छत और इन्कलाइन नं० 4 के सिरे के बीच इन्कलाइण्ड दूरी 4 मीटर से अधिक नहीं हो सकती थी। पार्टिंग की लम्बात्मक मोटाई लगभग 2 मीटर बताई जाती है ।

डायग्राम नं० 3

[यह डायग्राम प्रदर्श डो/5-अनुबन्ध ङ (प्रकाशित नहीं किया) के अनुरूप है]



अब मैं इस डायग्राम में इन्कलाइन नं० 3 को छोड़ रहा हूं। प्रबन्धकों द्वारा वर्ष 1971 में हारिजन नं० 1 में (ब्यौरा बाद में दिया जाएगा) कोयले में ड्राइव करने तथा इस डायग्राम में आर आर 3 के रूप में दिखाई गैलरी तैयार करने की अनुमति प्राप्त की गई थी। इसके बाद इसे हैंगवाल ड्राइवेज या हैंगवाल गैलरी के नाम से वर्णित किया गया है । यह हैंगवाल ड्राइवेज कोयले में ईस्ट चिमनी ऐप्रोच (जिसे एस एस 1 रेखा द्वारा दर्शाया गया है) के पूर्व से शुरू हुई थी। स्वयं ईस्ट चिमनी ऐप्रोच हैंगवाल ड्राइव के रास्ते पत्थर में नार्थ क्रासकट ईस्ट ड्राइवेज के साथ जो अपकास्ट शाफ्ट के साथ मिला हुआ है, जुड़ी हुई है। यद्यपि एक लम्बी हैंगवाल ड्राइवेज के लिए अनुमति दी गई थी, तथापि 1973 तक इसे ईस्ट चिमनी ऐप्रोच कास्ट की ओर लगभग 200 फुट की दूरी तक ड्राइव किया गया था। 1971 में प्रबन्धकों ने संयुक्त सीम की फुटवाल के साथ-साथ एक फुटवाल ड्राइवेज करने का प्रस्ताव किया था, जिसे डायग्राम में टी टी 3 रेखा द्वारा दिखाया गया है, परन्तु उसी वर्ष यह प्रस्ताव वापस ले लिया गया था ।

डायग्राम नं० 4

[यह डायग्राम प्रदर्श डी/1—अनुबन्ध ज (प्रकाशित नहीं किया) के अनुरूप है]



रेखा आर आर 1, 1973 तक की गई हैंगवाल ड्राइवेज की 200 फुट की दूरी दर्शाती है। 1975 में, हैंगवाल ड्राइवेज के साथ एक फुटवाल ड्राइवेज या गैलरी द्वारा, जिसे ईस्ट चिमनी ऐप्रोच से ड्राइव किया गया था तथा जिसे रेखा टी टी 2 द्वारा दर्शाया गया है, एक कनैक्शन बनाने के लिए अनुमति मांगी गई तथा प्राप्त की गई। यह बात ध्यान देने योग्य है कि सीम की फुटवाल के साथ-साथ इस फुटवाल की लम्बाई भी लगभग 200 फुट होगी और इस दूर पर इस फुटवाल ड्राइवेज को संयुक्त सीम की चौड़ाई में से होकर गुजरने के बाद हैंगवाल ड्राइवेज के साथ मिलने के लिए दक्षिण की ओर 90 डिग्री कोण का मोड़ लेना था। पक्षकार नं० 1 के कथनानुसार यह फुटवाल ड्राइवेज अक्तूबर, 1975 में शुरू हुई थी। जब यह ड्राइवेज ईस्ट चिमनी एप्रोच से पूर्व की ओर 90 फुट की दूरी तक की जा चुकी थी, तब आगे काम बंद कर दिया गया और हैंगवाल गैलरी साइड से एक नया वैंटीलेशन कनैक्शन बनाया गया और जैसा कि अगली डायग्राम में स्पष्ट किया गया है, यह लगभग 67–70 फुट (यानी लगभग 20–21 मीटर) लम्बा बनाया गया था। इसी बीच हैंगवाल गेलरी आर आर 1 भी पूर्व की ओर और आगे ड्राइव की जाती रही।

डायग्राम नं० 5

[यह डायग्राम प्रदर्श डी/10–अनुबन्ध 1 (प्रकाशित नहीं किया) के अनुरूप है]।



जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है जब फुटवाल ड्राइवेज पोजीशन टी टी 1 को श्रोर केवल (लगभग) 90 फुट तक ही पहुंच पाई थी, तो नवम्बर, 1975 के प्रथम सप्ताह के आस-पास आगे काम बंद कर दिया गया। यह उल्लेखनीय है कि काम बंद किए जाने से पूर्व यह फुटवाल ड्राइवेज तब तक नं० 4 इन्कलाइन की एक्सटेंशन के अन्तिम छोर के नीचे जा पहुंची थी, यद्यपि दुर्घटना से पूर्व यह बात मालूम नहीं थी। अब यह बताया जाता है कि उस स्थान पर फुटवाल ड्राइवेज की छत और नं. 4 इन्कलाइन के तल के बीच का अन्तर केवल 1.5 से 1.8 मीटर था। उसके बाद, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, हैंगवाल ड्राइवेज से उत्तर की ओर एक गैलरी शुरू की गई थी जिसे डायग्राम में बी बी 1 द्वारा दर्शाया गया है। जब वैंटिलेशन कनेक्शन नामक इस गैलरी में लगभग 20 मीटर की दूरी तक काम हो चुका था, तब प्रश्नगत दुर्घटना घटित हुई। उस स्थिति में, वैंटिलेशन कनेक्शन का फ़ेस उस समय विद्यमान नं० 4 इन्कलाइन के छोर के सामने नीचे की ओर पहुंच गया था और वैंटिलेशन कनेक्शन की छत और नं० 4 इन्कलाइन के तल के बीच के कोयले को उखाड़ दिया गया था, जिससे नं० 4 इन्कलाइन और वैंटिलेशन के बीच एक कनेक्शन बन गया, जिसके रास्ते से 3/4 इन्कलाइन की पुरानी खदानों का पानी तेजी से डोप माइन में घुस गया और उसमें बाढ़ ला दी। यह वैंटिलेशन कनेक्शन ईस्ट चिमनी ऐप्रोच से लगभग 90 फुट की दूरी पर हैंगवाल साइड से बनाया गया था।

अंतिम डायग्राम (डायग्राम नं० 6) में इस मामले की ओर अधिक स्पष्ट किया गया है।

डायग्राम नं० 6

[यह डायग्राम प्रदर्श डी/10 के सैक्शन अनुबन्ध-ख (प्राकाशित नहीं किया) के अनुरूप है]



यह डायग्राम में (पूर्व से दिखाई देने वाले एक क्रास सैक्शन में) नं० 4 इन्कलाइन का सैक्शन दिखाया गया है जो के–लेवल के नीचे 'पी' पाइंट तक जाता है, जैसा दुर्घटना से पूर्व था और जिसके कारण दुर्घटना हुई। एन०पी० इन्कलाइन नं० 4, के के 1 पुरानी खदानों का के-लेवल और क्यू क्यू 1 नई खदानों (गहरी खान) का हारिजन नं० 1 दर्शाते हैं। आर 1 हैंगवाल गैलरी का सैक्शन दर्शाता है और वी वी 1 वेंटिलेशन कनैक्शन दर्शाता है, जो हैंगवाल के साथ समकोण बनाते हुये ड्राइव किया गया है। पी पी 1 कोयले के उस खण्ड को दर्शाता है जो पुरानी नं० 4 इन्कलाइन के तल से निकाला गया था और इस प्रकार पुरानी नं० 4 इन्कलाइन के तल और वेंटिलेशन कनैक्शन के बीच एक कनैक्शन बन गया। यह बात ध्यान न देने योग्य है कि इस पोजीशन में फुटवाल ड्राइवेज का छोर टी 1 (डायग्राम V) नं० 4 इन्कलाइन की पुरानी एक्सटेंशन के नीचे चला गया था। उस स्थान का सही चित्र प्रस्तुत करने के लिए खान सुरक्षा विभाग (पक्षकार नं० 8) द्वारा तैयार किया गया एक आफ-सेट प्लान रिकार्ड पर लाया गया है और उसे प्रदर्श डी/10 के रूप में मार्क किया गया है। इस प्लान (तथा सैक्शन) में समस्त ब्यौरा स्केल के अनुसार दिया गया है और स्वतः स्पष्ट है। प्लान (प्रदर्श डी/10) में यह बात भी स्पष्ट रूप से दिखाई गयी है जिसे मैंने नं० 4 इन्कलाइन की एक्सटेंशन के नीचे जाने वाली फुटवाल गैलरी के बारे में डायग्राम V और VI द्वारा स्पष्ट करने की कोशिश की है।

(प्रदर्श डी/10 के आधार पर दो भिन्न पैमानों के अनुसार दो अनुबन्ध दिए गए हैं—ये अनुबन्ध क और ख हैं)

हारिजन नं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के विकास का संक्षिप्त विवरण

58. हारिजन नं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के विकास संबन्धी विवरण से जिसका वर्णन हम यहां करने लगे हैं, हमें अन्य सभी पाइंटों का पता लग जाएगा जो इस जांच के दौरान उठे हैं। इस विवरण को समझने के लिए विस्तृत ब्यौरा देने से पूर्व इस समय इस विवरण का सार दिया जाता है।

(क) 1971 में प्रबन्धकों ने 13/14 संयुक्त सीमों में, जल से भरी ऊपर की पुरानी खदानों से 60 मीटर के भीतर हारिजन नं० 1 में कतिपय गैलरियां बनाने की अनुमति प्राप्त करने के लिए विनियम 127 के अन्तर्गत आवेदन किया था।

(ख) इस प्रस्ताव में अन्य गैलरियों के साथ साथ उत्तर की ओर नार्थ क्रासकट (ईस्ट) की एक एक्सटेंशन और इस विस्तारित नार्थ क्रासकट (ईस्ट) से पूर्व की ओर कोयले में दो सामान्तर गैलरियां भी शामिल थीं। उनमें से एक संयुक्त सीम की फुटवाल के साथ साथ और दूसरी सीम की हैंगवाल के साथ साथ थी। इन दोनों को पूर्व की ओर जाना था। इस प्रस्ताव में इन दो ड्राइवेजों (गैलरियों) के बीच अनेक कनैक्शन भी शामिल किए गए थे।

(ग) खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा इस मामले पर पूर्णतः विचार किए जाने के बाद तीन चिमनी एप्रोचों के साथ हैंगवाल ड्राइवेज की अनुमति दे दी गई और फुटवाल ड्राइवेज तथा कनैक्शनों संबन्धी प्रस्ताव प्रबन्धकों द्वारा वापस ले लिया गया। (प्लान प्रदर्श डी/3 सम्बद्ध प्लान है)

(घ) बाद में हैंगवाल ड्राइवेज ड्राइव की गई थी और जब वह चिमनी एप्रोच से लगभग 200 फुट की दूरी तक पहुंची थी तब 1973-74 में आगे काम बन्द कर दिया गया।

(ङ) 1975 में प्रबन्धकों ने एक नया प्रस्ताव किया जो संयुक्त 13/14 सीमों की फुटवाल के साथ ड्राइवेज के लिए था ताकि उसे हैंगवाल ड्राइवेज के साथ मिलाया जा सके।

(च) इस फुटवाल ड्राइवेज की लम्बाई फुटवाल के साथ-साथ पूर्व की ओर लगभग 200 फुट होनी और तब इसे वर्तमान हैंगवाल गैलरी से मिलने के लिए दक्षिण की ओर मुड़ना था। (प्लान प्रदर्श डी/1 संगत प्लान है)

(छ) खान सुरक्षा महानिदेशालय ने इस प्रस्ताव और इस प्लान के संबन्ध में उसी वर्ष स्वीकृति दे दी।

(ज) जब फुटवाल ड्राइवेज ईस्ट चिमनी ऐप्रोच के पूर्व की ओर लगभग 90 फुट तक जा पहुंची थी तब बताया जाता है कि प्रबन्ध को पेश आई कतिपय कठिनाइयों के कारण आगे काम बन्द कर दिया गया।

(झ) फुटवाल ड्राइवेज में पेश आई उक्त कठिनाइयों को दूर करने के लिए ईस्ट चिमनी ऐप्रोच से केवल 90 से 100 फुट की दूरी पर हैंगवाल गैलरी से एक कनैक्शन शुरू किया गया ताकि हैंगवाल और फुटवाल गैलरियों को मिलाया जा सके।

(ञ) जब यह नई और पहले की बिना योजना के की गई वेंटिलेशन कनैक्शन नामक ड्राइवेज उत्तर की ओर लगभग 70 फुट की दूरी तक जा पहुंची, तब पुरानी खदानों से विस्तारित इन्कलाइन नं० 4 के माध्यम से वेंटिलेशन कनैक्शन में तेजी से पानी घुस आने के कारण 27-12-1975 को दुर्घटना हो गई, क्योंकि इन दोनों के बीच की पार्टिंग टूट गई थी।

हारिजन नं० 1 के पूर्वी क्षेत्र के विकास सम्बन्धी विवरण

59. अब इस विकास का विवरण (जहां तक उससे हमारा संबन्ध है) विस्तार से दिया जा सकता है और ऐसा करने के लिए हमें उस पत्र व्यवहार का जिक्र करना होगा जो चसनाला कोयला खान के अधिकारियों और खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के बीच हुआ। इस रिपोर्ट में हर स्थान पर मैंने इन दो पक्षकारों को क्रमशः प्रबन्धक और खान सुरक्षा विभाग कहूंगा।

7 जनवरी, 1971 को प्रबन्धकों ने खान सुरक्षा विभाग को कोयला खान विनियम 1957 के विनियम 127(3) के अधीन एक आवेदन पत्र दिया जिसमें उन्होंने ईस्ट डिस्ट्रिक्ट (पूर्वी क्षेत्र) में कुछ ड्राइवेज सहित हारिजन नं० 1 में कतिपय ड्राइवेज करने के लिए अनुमति मांगी थी :

विनियम 127(3) की अपेक्षाएं क्या क्या हैं, यह समझने के लिए सारे का सारा विनियम 127 नीचे उद्धृत किया गया है:—

"127 **भूमि के नीचे बाढ़ से खतरा** :—

1. प्रत्येक खान में उसी खान की खदानों से या निकटवर्ती खान की खदानों से पानी या अन्य तरल पदार्थ के गिराव को रोकने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी।

2. ऐसे मामलों में जिनमें:—

(1) किसी अन्य सीम या किसी अन्य सैक्शन के नीचे की किसी सीम या सैक्शन में ; या

(2) किसी सीम या सैक्शन में किसी स्थान पर जो किसी निचली सीम या सैक्शन की अपेक्षा निचले लेवल (स्तर) पर हो ; या

(3) किसी सीम में ऐसे स्थान पर, जो किसी ऊपर वाली सीम या सैक्शन से होकर गुजरने वाली ऐसी दरार के निकट पहुंच रहा हो, जिसमें पानी या अन्य तरल पदार्थ जमा हो रहा हो,

काम किया जा रहा हो, इस बात के लिए पर्याप्त सावधानी बरती जाएगी कि खदानों में पानी या अन्य तरल पदार्थ का प्रवेश न हो।

3. ऐसी किसी भी खदान का, जो किसी ऐसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान (ऐसी खदानों से भिन्न जिनका निरीक्षण किया जा चुका हो और जिन्हें पानी या अन्य तरल पदार्थों से रहित पाया गया हो भले ही वह उसी खान में हो या किसी निकटवर्ती खान में), से 60 मीटर की दूरी के अन्दर पहुंच चुका था, मुख्य निरीक्षक की लिखित पूर्वानुमति बगैर आगे विस्तार नहीं किया जाएगा। इस सम्बन्ध में मुख्य निरीक्षक द्वारा निर्दिष्ट की गई शर्तों का पालन किया जाएगा।

परन्तु यदि किसी ऐसी खदान में जो ऐसी किसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान से 60 मीटर की दूरी के अन्दर न हो पानी का भारी रिसन देखा जाए, तो उस सीम के संबन्ध में एक असाधारण घटना हो तो इस प्रकार की खादान में तुरन्त काम बंद कर दिया जाएगा और इस घटना की सूचना मुख्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय निरीक्षक को फौरन दी जाएगी। मुख्य निरीक्षक की लिखित पूर्वानुमति तथा उनके द्वारा उस अनुमति के साथ जोड़ी गई शर्तों का पालन किए बगैर खदान का और विस्तार नहीं किया जाएगा।

व्याख्या—इस उपनियम के प्रयोजन के लिए उक्त खदानों के बीच की दूरी से अभिप्रेत वह न्यूनतम दूरी होगी जो यथास्थिति उसी सीम की खदानों के बीच या किन्हीं दो सीमों या सैक्शनों के बीच हो। यह दूरी क्षैतिज, लम्बात्मक या आनत, किसी भी दिशा में नापी जा सकती है।

4. उपविनियम (3) के अधीन अनुमति के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ प्लान तथा सैक्शन की दो प्रतियां संलग्न की जाएंगी जिनमें ऐसी अप्रयुक्त तथा परित्यक्त खदानों की रूपरेखा दी गई हो, जो उन खदानों की स्थिति बताती हो जो उक्त खदानों के निकट पहुंच रही हों। आवेदन पत्र में उक्त खदानों के संबन्ध में अन्य उपलब्ध सूचना भी दी जाएगी।

5. इस प्रकार की किसी खदान की चौड़ाई या ऊंचाई 2.4 मीटर से अधिक नहीं होगी और वकिंग फेस के कन्द्र के निकट कम से कम और एक होल रखा जाएगा और उसकी प्रत्येक साइड में पर्याप्त फ्लैंकहोल रखे जाएंगे और आवश्यकतानुसार खदानों के ऊपर तथा उनके नीचे ज्यादा से ज्यादा पांच पांच मीटर की दूरी पर बोरहोल रखे जाएंगे। इस प्रकार के सभी बोर होल अग्रिम रूप में खदान से पर्याप्त दूरी पर बनाए जाएंगे तथा उनका लगातार अनुरक्षण किया जाएगा और इस प्रकार की दूरी किसी भी सूरत में तीन मीटर से कम नहीं होगी। ये पूर्वोपाय इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत योग्य व्यक्ति के सीधे पर्यवेक्षण में किए जाएंगे।

6. उप-नियम (5) में निर्धारित किए गए पूर्वोपाय ऐसी किसी अन्य खदान में भी किए जाएंगे जहां भारी मात्रा में पानी का रिसना देखा गया हो, चाहे वह अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान के पास पहुंच रही हो या न पहुंच रही हो।"

1971 में दायर किया गया आवेदन पत्र

60. यहां प्रबन्धकों द्वारा दायर किया गया आवेदन पत्र (प्रदर्श 15/4) भी पूरे का पूरा उद्धृत किया जाता है।

"खान सुरक्षा महानिदेशक,
धनबाद।

7 जनवरी, 1971

प्रिय महोदय,

कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 127(3) चसनाला कोयला खान के हारिजन नं० 1 में पत्थर तथा कोयले में ड्राइवेज।

* * *

मैं इस आवेदन पत्र के साथ चसनाला कोलियरी, पश्चिमी खान के हारिजन नं० 1 के आंशिक प्लान की दो प्रतियां संलग्न कर रहा हूं। जो गैलरियां बनायी जानी हैं तथा जो 13/14 सीम की जल से भरी खदानों से 60 मीटर की दूरी के भीतर स्थित हैं, वे पत्थर में गैलरियों की सूरत में लाल रंग से तथा कोयले में गैलरियों की सूरत में हरे रंग से दर्शाई गई हैं। प्रथम हारिजन और जल से भरी खदानों के बीच 80 फुट का एक लम्बात्मक बैरियर छोड़ा गया है। आवश्यक सूचना प्लान में दी गई हैं।

यदि आप इन गैलरियों की अनुमति प्रदान करें तो मैं आपका आभारी हूंगा। ड्राइवेज के दौरान विनियम 127(5) के अधीन यथा निर्धारित आवश्यक पूर्वोपाय किए जाएंगे।

भवदीय,

के० आर० डडवाल

7-1-71

उप मुख्य खनन इंजीनियर (श्री) तथा एजेन्ट

जीतपुर—चसनाला कोयला खानें।"

इस आवेदन पत्र में उल्लिखित प्लान की दो प्रतियां प्रदर्श डी/7 और प्रदर्श डी/7(1) के रूप में रिकार्ड में रखी गई हैं। जैसा कि उनसे पता चलेगा, सभी प्रस्तावित ऐक्सटेंशनें विस्तार से दी गई थीं। इस प्लान में दर्शाई गई फुटवाल ड्राईवेज और हैंगवाल ड्राइवेज के साथ कनेक्शन बाद में वापस ले लिए गए थे।

इस आवेदन के संबंध में कुछ पत्र-व्यवहार भी हुआ जो प्रदर्शों के रूप में रिकार्ड पर रखा गया है। बर्नपुर में स्थित कम्पनी के मुख्य खनन इंजीनियर के नाम इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी के उपमुख्य खनन इंजीनियर (डी), श्री डडवाल के दिनांक 25 जून, 1971 के पत्र से लगता है कि खान सुरक्षा विभाग के कार्यालय में मंजूरी प्रदान करने के संबंध में कोई आपत्ति उठाई गई थी क्योंकि पुरानी खदानों और प्रस्तावित ड्राइवेजों के बीच 80 फुट के लम्बात्मक बैरियर (रोध) को पर्याप्त नहीं समझा गया था। प्रदर्श ए में उल्लिखित था कि यद्यपि खान सुरक्षा विभाग उत्तर क्रासकट ईस्ट की ड्राइवेज के लिए अनुमति दे रहा है, कोयले में अन्य ड्राइवेजों के लिए और विचार-विमर्श आवश्यक होगा। उसी दिन, अर्थात् 25 जून, 1971 को प्रबन्धकों ने अपने मूल आवेदन के क्रम में खान सुरक्षा विभाग को एक पत्र भेजा। इस पत्र में उस विचार विमर्श का उल्लेख था जो खान सुरक्षा विभाग के कार्यालय में 24 जून, 1971 को हुआ था। इस पत्र में उल्लिखित प्लान को प्रदर्श डी/5 के रूप में रिकार्ड पर लाया गया है। इस प्लान में भी ईस्ट डिस्ट्रिक्ट (पूर्वी क्षेत्र) की दो ड्राइवेजों को हैंगवाल और फुटवाल ड्राइवेजों के रूप में दर्शाया गया है। लगता है कि यह पत्र और संलग्न प्लान (प्रदर्श डी/5) हारिजन नं० 1 में प्रस्तावित नई ड्राइवेजों के संबंध में के-लेवल की पुरानी खदानों की स्थिति दर्शाने के प्रयोजन से भेजे गए थे। उसके बाद, प्रबन्धकों ने 21/28 जुलाई, 1971 को खान सुरक्षा विभाग को एक और पत्र लिखा। (प्रदर्श 15/6) इस पत्र के साथ एक संशोधित प्लान भेजा गया था, जिसे प्रदर्श डी/3 के रूप में अंकित किया गया है। इन्कलाइन हालेज मार्गों के सेक्शन 3 और 4 दर्शाने वाले एक अलग प्लान में उक्त पत्र के साथ भेजा गया जिसे प्रदर्श डी/4 अंकित किया गया है। जनवरी, 1971 के मूल प्रस्ताव में क्या-क्या परिवर्तन किए गए, यह दर्शाने के लिए अब उक्त पत्र का संबंधित भाग उद्धृत किया जा सकता है:—

"(क) कोयले में पूर्व की ओर की फुटवाल ड्राइवेज को छोड़ दिया गया है।

(ख) पूर्व और पश्चिम उत्तर के क्रास-कटों के बीच के कनेक्शन को कोयले के एक (लेटरल) ड्राइवे करके थोड़ा सा हटा दिया गया है ताकि इस ड्राइवेज और राइज साइड की जल से भरी पुरानी खदानों के बीच एक अच्छे खासे अवरोध (बैरियर) की व्यवस्था हो सके। यह उल्लेखनीय है कि यह कनेक्शन शिफ्ट पिल्लर के भीतर है।

(ग) पश्चिम की ओर वाली दो ड्राइवेजों को कायम रखा गया है। यह ड्राइवेजें केवल थोड़ी सी ही दूरी तक पानी से भरी खदानों से 60 मीटर के भीतर पड़ती हैं।"

जिस मुख्य पाइंट से हम इस अवस्था पर संबंधित हैं, वह यह है कि उत्तर क्रास-कट (पूर्व) की ओर वाली फुटवाल ड्राइवेज को छोड़ दिया गया।

1971 में प्रदान की गई अनुमति

61. खान सुरक्षा विभाग की अनुमति 17 अगस्त, 1971 को तत्कालीन खान सुरक्षा महानिदेशक (तथा मुख्य खान निरीक्षक), श्री एच०बी० घोष द्वारा दी गई (प्रदर्श 15/8 द्वारा)। इस पत्र को पूर्णतः उद्धृत करना आवश्यक है:—

"विषय: नं० 3/4 इन्कलाइनों द्वारा 13/14 सीमों की जल से भरी खदानों से 60 मीटर के भीतर पश्चिम खान के हरिजन नं० 1 में कोयले तथा पत्थर में ड्राइवेजें बनाने के लिए कोयला-खान विनियम, 1957 के विनियम 127(3) के अधीन अनुमति (जैसा कि आपके संख्या के०आर०डी०/बी०पी०/3/10/752 दिनांक 28-7-71 के साथ संलग्न चासनाला कोयला खान के प्लान में दिखाया गया है)।

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अपने पत्र संख्या के आर डी/बी पी/3/10/752, तारीख 28-7-71 और के आर डी/आर आर/3/10/808 तारीख 5-8-71 का अवलोकन करने की कृपा करें।

कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127(3) के अधीन मैं आपको निम्नलिखित शर्तों पर उपर्युक्त अनुमति प्रदान करता हूं:—

1. कोयले में ड्राइवेजों का विस्तार करते हुए हराइजेंटल से 10, 20 और 30 डिग्री पर झुके तथा क्रमशः 27 मीटर, 28 मीटर और 30 मीटर लम्बे 3 राइजिंग बोरहोलों का एक सेट ड्राइव किया जाएगा और जल से भरी खदानों से रक्षा की खातिर कम से कम 15 मीटर मोटे बैरियर प्रूव करने के लिए वैसे ही राइजिंग फ्लैंक बोरहोल ड्राइव किए जाएंगे। जब पिछले सेट के होलज से 6 मीटर की दूरी रह जाए तो अगले सेट के होल खोदने का काम शुरू किया जाएगा। पानी से भरी खदानों के साथ कहीं आकस्मिक कनेक्शन न० जुड़ जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कार्यवाही की जाएगी।

2. नं० 13/14 सीमों के 15 मीटर के अन्दर अन्दर पड़ने वाले क्षेत्र में पत्थर में ड्राइवेज करते समय विनियम 127(5) में यथा निर्दिष्ट बोरहोल किए जाएंगे।

3. इन ड्राइवेजों में जब कभी भी भारी जल रिसन देखने को मिले जो काम के लिए सामान्य नहीं होता तो सारा काम तुरन्त बन्द कर दिया जाएगा और ऐसे सभी व्यक्तियों को खान से वापस बुला लिया जाएगा जिनको खतरा होने की संभावना हो। घटना के बारे में खान सुरक्षा महानिदेशक और खान सुरक्षा के संयुक्त निदेशक को तुरन्त सूचित किया जाएगा। ड्राइवेजों का आगे विस्तार नहीं किया जाएगा और खान सुरक्षा महानिदेशक की लिखित पूर्व अनुमति और जो शर्तों को विनिर्दिष्ट करें, उनका पालन किए बगैर व्यक्तियों को पुनर्नियोजित नहीं किया जाएगा।

यदि आवश्यक समझा गया तो उपर्युक्त अनुमति में संशोधन किया जा सकता है या इसे वापस लिया जा सकता है और यह अनुमति विनियमों के अन्य प्रावधानों के लागू होने के रास्ते में नहीं आएगी जो किसी भी समय लागू हों या लागू हो जाएं।

भवदीय,

ह०/-एच० बी० घोष,

खान सुरक्षा महानिदेशक"

फुटवाल ड्राइवेज को 1971 में छोड़ देने के कारण

62. फुटवाल ड्राइवेज संबंधी प्रस्ताव को 1971 में छोड़ देने के कारणों के बारे में अब कोई सन्देह नहीं है और इस पाइण्ट पर विशिष्ट साक्ष्य दिया जा चुका है। श्री एस० एन० ठाकर के जो प्रश्नगत दुर्घटना के समय उपखान सुरक्षा निदेशक थे, के साक्ष्य के अनुसार 3/4 इन्कलाइन की जल से भरी समस्त खदान फुटवाल ड्राइवेज की पश्चिम वर्ती साइड में तथा उसके ऊपर थी। न्यायालय ने श्री ठाकर से पूछा कि प्रथम हारिजन के फुटवाल पार्श्व की तुलना में के-लेवल में हैंगवाल पार्श्व की स्थिति क्या होगी। उनका उत्तर यह था कि के-लेवल का हैंगवाल पार्श्व 1971 में प्रस्तावित प्रथम हारिजन की फुटवाल ड्राइवेज की छत पर लम्बात्मक रूप से पड़ता था। कहने का अभिप्राय यह है कि यदि के-लेवल के सभी मार्गों को एक लेवल समझा जाए तो 13 और 14 संयुक्त सीमों के झुकाव को ध्यान में रखते हुए 3/4 इन्कलाइनों की पुरानी खान में जमा भारी मात्रा में पानी 1971/प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज की चोटी पर प्रथम हारिजन के लेवल पर लगभग 80 फुट की ऊंचाई पर लगभग लम्बात्मक रूप में विद्यमान था। हारिजन नं० 1 में जिस हैंगवाल ड्राइवेज का प्रस्ताव 1971 में किया गया था, वह इस प्रस्तावित फुटवाल के दक्षिण की ओर थी जिसके मध्यवर्ती प्रथम हारिजन लेवल में 13 और 14 संयुक्त सीमों की समस्त क्षैतिज मोटाई पड़ती थी। श्री ठाकर के अनुसार हैंगवाल के उत्तरी किनारे और फुटवाल के उत्तरी किनारे, जो दोनों हारिजन नं० 1 में हैं, लगभग 85 फुट की दूरी था। श्री रामानुज भट्टाचार्य (तत्कालीन प्रबन्धक) ने इन दो ड्राइवेजों के बीच की दूरी एक कोने से दूसरे कोने तक, पश्चिमी छोर की ओर 85 और पूर्वी छोर की ओर एक कोने से दूसरे कोने तक 75 फुट बताई है।

63. श्री दीपक सरकार के अनुसार के-लेवल की पुरानी खदानों से प्रथम हारिजन तक सीम के साथ-साथ की मोटाई लगभग 170 फुट थी। इसलिए हम कल्पना कर सकते हैं कि 1971 में जब दोनों फुटवाल तथा हैंगवाल गैलरियों के बारे में प्रस्ताव किया गया था, तो हारिजन नं० 1 की हैंगवाल ड्राइवेज ऊपर की जलमग्न खानों से कितनी दूरी पर थी। यह स्पष्ट है कि हारिजन नं० 1 और जमा पानी के बीच की न्यूनतम दूरी प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज और उसी जल-भण्डार के बीच की न्यूनतम दूरी से लगभग दुगनी थी और यह बात 1971 में उस समय अवश्य ही ध्यान में आ गई होगी जब प्रबन्धकों ने दोनों फुटवाल ड्राइवेज तथा हैंगवाल ड्राइवेज के लिए प्रस्ताव किया था।

64. जिन कारणों से 1971 में प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज को अन्ततः छोड़ दिया गया, उनके संबंध में निम्नलिखित शहादत रिकार्ड पर आई है। श्री एस० के० बनर्जी ने, जो 27-12-1975 को चसनाला कोयला खान के प्रबन्धक एवं एजेण्ट थे, अपने साक्ष्य में इस मामले का जिक्र किया है। (जनवरी, 1971 में वह चसनाला परियोजना के वरिष्ठ प्रबन्धक थे और चसनाला में तैनात थे) श्री बनर्जी के अनुसार, 1971 में, पुरानी खदानों में "नथिंग क्रास-कट" के साथ सैयरान की अवस्थिति संबंधी सूचना उपलब्ध नहीं थी और इसलिए के-लेवल के नीचे "नथिंग क्रास-कट" की एक्सटेंशन के बारे में कुछ सन्देह था और इस कारण फुटवाल ड्राइवेज को छोड़ दिया गया। उनके कथनानुसार, इस बात का पता नहीं था कि "नथिंग क्रास-कट" संयुक्त सीमों के तल में था या मध्यपार्श्व में या फिर छत में। दूसरा प्लान (प्रदर्श डी/एस), जिसमें फुटवाल ड्राइवेज अभी भी शामिल थी, भेज दिए जाने के बाद, प्रबन्ध के अधिकारियों के बीच अनेक बार विचार-विमर्श हुआ। इस विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप जुलाई, 1971 में एक तीसरा प्लान (जिसे प्रदर्श डी/3 मार्क किया गया है) खान सुरक्षा विभाग को प्रस्तुत किया गया जिसमें से फुटवाल ड्राइवेज का लोप कर दिया गया था। श्री बनर्जी ने इस संबंध में पूरी जानकारी दी है कि इस विचार-विमर्श में किन-किन अधिकारियों ने भाग लिया था। उनमें श्री बी०एल० वर्मा तत्कालीन मुख्य खनन इंजीनियर और श्री जे० एन० ओहरी, तत्कालीन उप मुख्य खनन इंजीनियर (प्लानिंग) शामिल थे। यह तथ्य की बात है कि प्रदर्श डी/3, डी/4 के साथ तैयार किया गया था। बताया जाता है कि प्रदर्श डी/3 के रूप में मार्क किए गए प्लान के भेज दिए जाने के बाद भी तत्कालीन उप मुख्य खनन इंजीनियर (संक्रिया)/एजेंट ने श्री एच० बी० घोष के साथ और विचार विमर्श किया था।

65. श्री बी० एल० वर्मा से अदालती गवाह के रूप में जिरह की गई है और न्यायालय द्वारा उनसे एक विशिष्ट प्रश्न यह पूछा गया कि क्या उनको याद पड़ सकता है कि 1971 में किए गए फुटवाल ड्राइवेज संबंधी मूल प्रस्ताव को छोड़ देने के कारण के पीछे कम्पनी का तर्क क्या था। उनके उत्तर का स्वरूप लगभग वही था जिसमें उन्होंने "नथिंग क्रास-कट" का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सीम के साथ-साथ "नथिंग क्रास-कट" के बारे में अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए विचार-विमर्श किया गया था और फुटवाल ड्राइवेज को छोड़ दिया गया। श्री वर्मा के कथनानुसार एक अन्य प्रश्न जो इस अवस्था में विचारार्थ पेश हुआ वह यह था कि क्या फुटवाल ड्राइवेज को छोड़ देने से वायु संचार का वेग अनुज्ञेय सीमा के भीतर होगा। संगणना करने पर यह पाया गया कि फुटवाल ड्राइवेज को बेखटके छोड़ा जा सकता है। श्री वर्मा के वास्तविक शब्द इस प्रकार हैं:—

"एक अन्य पाइण्ट जो विचारार्थ सामने आया, वह यह था कि क्या फुटवाल गैलरी को छोड़ देने से वायु संचार के वेग अनुमेय सीमाओं में होंगे। संगणना करने पर यह पाया गया कि इस सोच-विचार को गंभीर रूप से प्रभावित किए बगैर फुटवाल गैलरी छोड़ी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, यह भी सोचा गया कि इस गैलरी को छोड़ देने से खान की सामान्य बनावट पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यह हारिजन केवल संवातन के लिए तथा खदानों को सामग्री की आपूर्ति करने के लिए ही है।"

66. श्री जे० एन० ओहरी (जिनसे कोल खान माइन्स आफिसर्ज ऐसोसिएशन—पक्षकार नं० 14 के गवाह के रूप में जिरह की गई) ने भी उस विचार-विमर्श के बारे में सविस्तार बयान दिया है जो 1971 में प्रस्तावित गैलरियों (ड्राइवेजों) के संबंध में किया गया था। उनके कथनानुसार जनवरी और जुलाई, 1971 में काफी विचार-विमर्श किया गया था जिसमें श्री एस० के० बनर्जी (जो उस समय चसनाला कोयला खान के प्रबन्धक थे) सहित प्रबन्ध के अधिकारियों ने भाग लिया था। इस विचार-विमर्श के बाद प्रबन्धकों ने उक्त प्लान (प्रदर्श डी/3) को अन्तरिम रूप से स्वीकार कर लिया और उसे खान सुरक्षा विभाग को भेज दिया। न्यायालय ने उनसे एक प्रश्न किया कि प्रबन्धकों ने ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में फुटवाल ड्राइवेज संबंधी प्रस्ताव को 1971 में वापस क्यों ले लिया था। श्री ओहरी ने इस पाइण्ट के संबंध में अनेक कारण दिए, जो इस प्रकार हैं:—

"पूर्व की ओर तीन ड्राइवेजों की कोई आवश्यकता नहीं थी और आवश्यकता केवल दो ड्राइवेजों की ही थी और फुटवाल ड्राइवेज को मुख्यतः इन दो कारणों से छोड़ दिया गया:—

1. "नथिंग क्रास-कट" की अवस्थिति और नथिंग क्रास-कट और नं० 1 हारिजन के बीच की वास्तविक दूरी के बारे में अनिश्चितता; और

2. क्योंकि संवातन संकर्षण और अन्य प्रयोजन के लिए तीन ड्राइवेजें आवश्यक नहीं थीं;

"नथिंग क्रास-कट" के बारे में अनिश्चितता प्रदर्श डी/5 से स्पष्ट है जिसमें सेक्शन सीडी में यह दर्शाया गया था कि यह क्रास-कट तल के साथ-साथ है और नं० 1 हारिजन तक जाता है। इन परिस्थितियों में, आवश्यक विचार-विमर्श के बाद इस बात पर सहमति हुई कि संकर्षण, संवातन और अन्य सम्बद्ध प्रयोजनों के लिए सीम की स्ट्राइक की पूरी लम्बाई के लिए, जो पूर्व की ओर 7000 से 7500 फुट के लगभग होगी, दो ड्राइवेजें रखी जाएं।"

67. जब श्री एच० बी० घोष का अदालती गवाह के रूप में बयान लिया गया तो उनसे पूछा गया कि 1971 में फुटवाल ड्राइवेज का अनुदान न करने के क्या कारण थे, तो उन्होंने इस आशय का उत्तर दिया कि 1971 में इस बात का पता लगा कि 'नथिंग क्रासकट' या कुछ इस प्रकार के नाम का एक क्रास-कट था जिसके बारे में कुछ भी मालूम नहीं था और इसके बारे में न तो प्रबन्धक और न श्री घोष ही आश्वस्त पाए थे और इस प्रकार ड्राइवेज के लिए फुटवाल की ओर बढ़ने का अर्थ संकट मोल लेना था। इसलिए, यह स्पष्ट है कि 1971 में अनेक खनन विशेषज्ञों ने संयुक्त सीम 13 और 14 की फुटवाल के साथ साथ फुटवाल ड्राइवेज द्वारा हारिजन नं० 1 को हो सकने वाले खतरे के बारे में सोचा था।

1975 में फुटवाल ड्राइवेज संबंधी प्रस्ताव का पुनरारंभ

68. हारिजन नं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में फुटवाल ड्राइवेज संबंधी प्रस्ताव पर 1975 में फिर जोर दिया गया और यह विवरण भी सविस्तार देना होगा। परन्तु ऐसा करने से पूर्व मुझे उस साक्ष्य में से कुछ नुक्तों पर प्रकाश डालना होगा जो इस जांच न्यायालय के समक्ष पेश किए गए कि हैंगवाल ड्राइवेज का काम कहां तक चला था, यह कब और क्यों बन्द कर दिया गया और कैसे 1975 में फुटवाल ड्राइवेज की आवश्यकता महसूस हुई बताई जाती है। ये बातें श्री दीपक सरकार और श्री रामानुज भट्टाचार्य के साक्ष्य से, जिनसे प्रबन्धकों की ओर से जिरह की गई तथा श्री जे० एन० ओहरी, मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के साक्ष्य से, जिनका बयान आफिसर्ज ऐसोसिएशन की ओर से लिया गया, प्रकट हुई हैं। इस मामले का सार नीचे दिया जाता है।

(क) 17 अगस्त, 1971 को हैंगवाल ड्राइवेज के लिए अनुमति प्राप्त कर लेने के बाद, हैंगवाल गैलरी ईस्ट चिमनी के जंक्शन से पूर्व की ओर लगभग 200 फुट की दूरी तक ड्राईव की गई यह 1973 से लगभग सितम्बर, 1975 तक बन्द पड़ी रही, और फिर इसे पुनः चालू कर दिया गया। अगस्त, 1975 में हारिजन 2 में एलसी-3 पेनल के लिए अनुमति प्राप्त कर लेने के बाद हैंगवाल को पुनः चालू किया गया। (फुटवाल ड्राइवेज के लिए 1975 की अनुमति 29-9-1975 को दी गई)।

(ख) इस ड्राइवेज को पुनः चालू करने से लेकर 26-12-1975 (दुर्घटना से एक दिन पूर्व) तक, हैंगवाल ड्राइवेज का काम उसी चिमनी एप्रोच से 350 से 400 फुट की कुल दूरी तक हो चुका था।

(ग) फुटवाल ड्राइवेज की योजना जिस प्रयोजन को लेकर बनाई गई थी, वह यह था कि उस हैंगवाल के ब्लाइण्ड एण्ड को हटा दिया जाए, जिसका उस स्थान से, जहां 1973 में काम बन्द किया गया था, और पूर्व की ओर विस्तार किया जाने वाला था। प्रबन्धक, श्री रामानुज भट्टाचार्य के कथनानुसार, 9 जून, 1975 को दिए गए आवेदनपत्र का उद्देश्य खान सुरक्षा विभाग के 1959 के परिपत्र संख्या 48 के अनुपालन में चिमनी ऐप्रोच के पूर्व में लगभग 200 फुट की दूरी पर हैंगवाल ड्राइवेज के साथ कनेक्शन स्थापित करना था ताकि हैंगवाल ड्राइवेज में ज्वलनशील गैस के संचयन को रोका जा सके।

(घ) बताया जाता है कि मई, 1975 में (प्रबन्धकों की) एक पुनरीक्षण बैठक में, जिसमें सर्वश्री जे० एन० ओहरी, दीपक सरकार, एस० के० बनर्जी और रामानुज भट्टाचार्य उपस्थित थे, यह निर्णय किया गया था कि हारिजन नं० 1 के सभी ब्लाइण्ड एण्डज को हटा दिया जाना चाहिए। तदनुसार श्री जे० एन० ओहरी ने, जो मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) थे, श्री एस० के० बनर्जी को सलाह दी कि इस प्रयोजन के लिए ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में फुटवाल ड्राइवेज के लिए प्लान सहित एक आवेदन पत्र दिया जाना चाहिए। श्री एस० के० बनर्जी के कथनानुसार प्रबन्धक को कहा गया कि वह पिछले सारे पत्रव्यवहार का अध्ययन करें तथा एक प्लान बनाएं।

69. 1975 में फुटवाल गैलरी ड्राइव करने का आभासित उद्देश्य (अर्थात हैंगवाल के ब्लाइंड छोर को हटाना, जिसकी लम्बाई उस समय 200 फुट थी) बहुत ही अस्पष्ट था। 1971 में मंजूर की गई हैंगवाल ड्राइवेज की लम्बाई 1000 फुट से अधिक होनी चाहिए थी। वास्तव में इस ड्राइवेज को 1975 में फुटवाल ड्राइवेज के लिए अनुमति प्राप्त होने से पूर्व, पुनः शुरू कर दिया गया था। परिणामस्वरूप हैंगवाल गैलरी के ब्लाइण्ड एण्ड का पूर्व की ओर आगे विस्तार किया जा रहा था, और 1975 की प्रस्तावित ड्राइवेज, यदि पूर्ण हो भी जाती तो भी वह हैंगवाल में आगे के ब्लाइण्ड एण्डज को हटा न पाती। इसलिए यह स्पष्ट है कि हैंगवाल गैलरी में आगे आने वाले ब्लाइण्ड एण्डज को हटाने के लिए फुटवाल ड्राइवेज का आगे विस्तार करना आवश्यक रहा होगा ताकि पूर्व की ओर उसकी प्रगति जारी रहे; ईस्ट गैलरी को पूर्व की ओर लगातार ड्राइव करते रहने से नथिंग क्रासकट से वही खतरा पैदा हो जाता जिसकी आशंका 1971 में की गई थी।

70. इस सन्दर्भ में श्री बी० एल० वर्मा का साक्ष्य भी संगत है जिसका उल्लेख इससे पहले किया जा चुका है। यदि 1971 में यह पाया गया होता कि उक्त वर्ष में प्रस्तावित की गई फुटवाल ड्राइवेज को संवातन पर प्रभाव डाले बिना छोड़ा जा सकता है, तो 1975 में हैंगवाल ड्राइवेज के ब्लाइण्ड छोर को हटाने के लिए संवातन का प्रश्न दोबारा कैसे उठा। श्री जे० एन० ओहरी ने प्रदर्श डी डी के रूप में मार्क किए गए एक दस्तावेज का उल्लेख किया था और यह कहा था कि 'इसको' के प्रबन्धक बोर्ड के सदस्य, श्री सी० बलराम के साथ परामर्श करके मई, 1975 में यह निर्णय किया गया था कि हारिजन नं० 1 के ईस्ट/में हैंगवाल/डिस्ट्रिक्ट गैलरी को संवातित करने वाले औक्सिलियरी पंखे सहित ऐसे सभी पंखों को वापस ले लिया जाना चाहिए और 1975 में उस समय एक फुटवाल ड्राइवेज गैलरी की आवश्यकता महसूस की गई थी। मेरा विचार है कि श्री ओहरी द्वारा दिया गया यह साक्ष्य बाद की सोची हुई बात है और स्वयं दस्तावेज भी उनके बयान की पुष्टि नहीं करता। प्रदर्श डी० डी० में मैंने श्री बालराम की इस आशय की सिफारिश नहीं पाई है कि औक्सिलियरी पंखों को हटा दिया जाना चाहिए। यद्यपि फुटवाल ड्राइवेज के लिए दिए गए आवेदन-पत्र में उसका उद्देश्य हैंगवाल गैलरी के साथ एक कनेक्शन स्थापित करना लिखा गया था, तथापि यह स्पष्ट है कि प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज उन ब्लाइंड एण्डज जो नहीं हटा सकती थी जो हैंगवाल ड्राइवेज की ओर आगे बढ़ाने के दौरान बन गए थे। 1975 में फुटवाल गैलरी के लिए अनुमति मांगने का वास्तविक उद्देश्य उस प्रयास में सफलता प्राप्त करना था जो 1971 में विफल रहा था, जब खान सुरक्षा के महानिदेशक श्री एच० बी० घोष थे। श्री घोष उक्त निदेशालय को 1974 के मध्य में छोड़ गए थे और उस समय तक श्री जे० एन० ओहरी को चसनाला में मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) नियुक्त किया जा चुका था।

1975 में दायर किया गया आवेदन-पत्र

71. जब मैं/फुटवाल ड्राइवेज तथा अन्य सम्बद्ध मामलों के बारे में 1975 को दायर किए गए आवेदन पत्र के इतिहास का वर्णन करता हूं जिस के परिणामस्वरूप खान सुरक्षा विभाग ने 29-9-1975 को मंजूरी प्रदान की थी।

प्रबन्धकों ने 9 जून, 1975 को खान सुरक्षा महानिदेशक के पास एक आवेदन पत्र भेजा जिसमें उन्होंने हारिजन नं० 1 के पूर्व की 12/13/

14 सीमों की फुटवाल के साथ-साथ एक रोडवे ड्राइव करने की अनुमति मांगी। उक्त आवेदन पत्र नीचे उद्धृत किया जाता है:—

"हारिजन नं० 1 की ईस्ट फुटवाल के साथ-साथ 10'×10' की चापाकार (मेहराबदार) रोडवे की ड्राइवेज संबंधी प्रस्ताव— कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 के अधीन अनुमति।

चसनाला (कोयला खान)

प्रथम हारिजन ईस्ट चिमनी ऐप्रोच रोडवे से ईस्ट हैंगवाल के साथ साथ ब्लाइंड गैलरी के साथ कनेक्शन स्थापित करने के लिए 12/13/14 सीम की फुटवाल के साथ-साथ 10'—10' का एक मेहराबदार (चापाकार) ड्राइव करने का प्रस्ताव है। इस गैलरी के एक-एक मीटर की दूरी पर इस्पात की मेहरावों का सहारा दिया जाएगा। प्रस्तावित आर्कवे को दर्शाने वाला एक प्लान इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

कृपया इस संबंध में अपनी अनुमति प्रदान करें।

भवदीय,

एस० के० बनर्जी

एजेण्ट

चसनाला कोयला खान"

72. यह दस्तावेज प्रदर्श डी/2 है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस आवेदन पत्र में संवातन कनेक्शन का कोई उल्लेख नहीं था। संलग्न प्लान में संयुक्त सीम की फुटवाल के साथ-साथ एक गैलरी और उसके क्रम में दक्षिण की ओर जाती हुई हैंगवाल गैलरी के साथ मिलाने वाली एक गैलरी दर्शाई गई थी। यदि हम उत्तर से दक्षिण जाने वाली गैलरी को लें, जो फुटवाल के साथ-साथ की जाने वाली प्रस्तावित ड्राइवेज और वर्तमान हैंगवाल ड्राइवेज को मिलाती है तथा उसे संवातन कनेक्शन का नाम दें, तो प्लान में उत्तरोक्त चिमनी कनेक्शन के पूर्व की ओर लगभग 200 फुट की दूरी पर दिखाई गई थी। इस नाम का उल्लेख इस अवस्था पर करने का एक प्रयोजन है जो बाद में स्पष्ट होगा। प्लान (प्रदर्श डी/1) में दाईं ओर एक सेक्शन दिखाया गया था जो के-लेवल खदान के वर्तमान हैंगवाल पार्श्व के प्रसंग में 1975 में प्रस्तावित फुटवाल ड्राइव की स्थिति को दर्शाता है। जैसा कि दर्शाया गया है, इन दोनों के बीच 27 मीटर की दूरी थी और संकेत यह था कि हारिजन नं० 1 में प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज लगभग लम्बात्मक रूप में के-लेवल की जल से भरी पुरानी खदान के नीचे थी। इस संबंध में भविष्य में हवाले के लिए एक अन्य पाइण्ट, जिसका उल्लेख किया जा सकता है, यह है कि प्रस्ताव 10'×10' के साइज की ड्राइवेज के लिए था जबकि विनियम 127(5) के अनुसार, इस खदान की चौड़ाई 2.4 मीटर के अधिक नहीं होने चाहिए थी।

अनुमति 1975 में प्रदान की गई

73. खान सुरक्षा विभाग ने फुटवाल ड्राइवेज (मूल संवातन कनेक्शन के साथ-साथ) की अनुमति एक पत्र द्वारा तारीख 29-9-1975 को दी, जिसे प्रदर्श 13 मार्क किया गया है। इस अवस्था पर इस अनुमति पत्र को उद्धृत करना ठीक रहेगा:—

"विषय: जलमग्न खानों के 60 मीटर के अन्दर-अन्दर

प्रथम हरिजन में 12, 13, 14 सीमों की ईस्ट फुटवाल के साथ-साथ एक मेहराबदार रोडवे ड्राइव करना—

कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 के अधीन अनुमति।

हवाला: आपका पत्र संख्या 1/580

तारीख 9-6-1975

प्रिय महोदय,

कृपया अपने उपर्युक्त आवेदन-पत्र का अवलोकन करें जिसके साथ आपने राइज साइड की जलमग्न खदानों के 60 मीटर के भीतर प्रस्तावित ड्राइवेज के लिए प्रक्षेप दर्शाने वाला प्लान संख्या 75/4 भेजा था। इस विभाग में इस मामले पर गौर किया गया है। मैं कोयला खान विनियम 1957 के विनियम 127 के अन्तर्गत आपको निम्नलिखित शर्तों पर प्रश्नगत गैलरी ड्राइव करने की अनुमति प्रदान करता हूं:—

1. जैसा कि आपने सुझाव भी दिया है, उक्त गैलरी 3 मीटर से अधिक ऊंची और चौड़ी नहीं होगी और उसे एक-एक मीटर की दूरी पर इस्पात की मेहराबों द्वारा सहारा दिया जाएगा जिस पर कंक्रीट के सलैब चढ़ाए जाएंगे।

2. ड्राइवेज में आगे की भूमि को परख लेने के लिए एक केन्द्रीय बोरहाल पहले से (एडवांस में) बनाया जाएगा और उसे हर समय तीन मीटर गहरा रखा जाएगा।

3. यदि भारी मात्रा में रिस कर आने वाला पानी देखने को मिले, जो संबंधित सीम के लिए असाधारण स्वरूप का है तो कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 के उप-विनियम (3) के परन्तुक का दृढ़ता से अनुपालन किया जाएगा।

यदि किसी भी समय उन शर्तों में से जिनके अध्यधीन यह अनुमति दी गई है, किसी भी शर्त का उल्लंघन किया गया या उसका अनुपालन न किया गया, तो इस अनुमति को तुरन्त रद्द हुआ माना जाएगा।

उपर्युक्त अनुमति में किसी भी समय आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है या उसे वापस लिया जा सकता है। इस अनुमति से कानून के ऐसे किन्हीं अन्य उपबन्धों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जो लागू हों या जो किसी भी समय लागू हो सकते हों।

भवदीय,

ह० एच० एस० आहूजा

कृते खान सुरक्षा महानिदेशक

1975 की यह अनुमति खान सुरक्षा निदेशक (यह पद खान अधिनियम के अधीन निरीक्षक के पद के बराबर होने के कारण), श्री एच० एस० आहूजा ने दी थी न कि मुख्य खान निरीक्षक ने। यह बात कि इस मामले को तत्कालीन मुख्य खान निरीक्षक के समक्ष क्यों नहीं प्रस्तुत किया गया था, एक अलग प्रश्न है और उसका विवेचन आगे किया गया है।

नवम्बर, 1975 में फुटवाल की ड्राइवेज बन्द करना।

74. प्रबन्धकों की ओर से बताया जाता है कि 29-9-1975 को अनुमति प्राप्त कर लेने के बाद फुटवाल ड्राइवेज का काम अक्तूबर, 1975 के पहले सप्ताह में शुरू कर दिया गया था और यह कि नवम्बर, 1975 के पहले सप्ताह में यह काम बन्द कर देना पड़ा। उस समय तक ड्राइव की गई फुटवाल, ड्राइवेज की लम्बाई ईस्ट चिमनी ऐप्रोच के पूर्व की ओर लगभग 90 फुट थी।

75. इस स्थान पर एक अत्यन्त महत्वपूर्ण नुक्ते का जिक्र करना होगा जो उन कारणों से संबंधित है जो प्रबन्धकों ने पूर्व की ओर की जाने वाली ड्राइवेज की पूर्वनिर्धारित लम्बाई के लगभग आधे तक ड्राइवेज कर लेने के बाद फुटवाल की ड्राइवेज बन्द कर देने के बारे में दिए हैं जिसके परिणाम स्वरूप वेंटिलेशन किनेक्शन, जिससे हम संबंधित है, ईस्ट चिमनी ऐप्रोच से केवल (लगभग) 90/100 फुट की दूरी पर हैंगवाल गैलरी से खुल गया और उत्तर की ओर बढ़ने लगा। फुटवाल ड्राइवेज को बन्द करने के संबंध में प्रबन्धकों द्वारा दिए गए कारण स्वीकार्य हैं या नहीं, इस पर पूर्णतः विचार करना होगा। लगभग 90 फुट तक ड्राइव करने के बाद फुटवाल ड्राइवेज बन्द कर देने के सम्बन्ध में प्रबंधकों ने जो तर्क दिए हैं, उनका सार यह है कि फुटवाल ड्राइवेज में कोयले के लदान की ऐसी कठिनाई थी और संवातन की ऐसी कठिनाइयां थी कि दक्षिण से संवातन कनेक्शन के बगैर इस ड्राइवेज में आगे काम नहीं बढ़ सकता था। बताया जाता है कि फुटवाल ड्राइवेज की छत से लटकी संवातननलिका से बाधा के कारण लोडरों द्वारा बास्कटें उठाने और ईस्ट

चिमनी ऐप्रोच और हैंगवाल गैलरी के जंक्शन पर खान-कारों में लदान करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं था । यह भी बताया जाता है कि संवातन की अपर्याप्तता के कारण फुटवाल गैलरी गर्म तथा नम थी और संवातन अत्यन्त मन्द था । बताया जाता है कि इनका रणों से प्रबन्धक श्री रामानुज भट्टाचार्य ने श्री दीपक सरकार (प्लानिंग खनन अधिकारी) और श्री एस० के० बनर्जी (एजेण्ट) से तकनीकी सलाह मांगी थी । प्रबन्धक के साक्ष्य के अनुसार, एक ने भी विचार विमर्श के दौरान, जिसमें मुख्य कार्यपालक (कोयला खान), श्री जे० एन० ओहरी, प्लानिंग-अधिकारी श्री दीपक सरकार तथा प्रबंधक ने भाग लिया था, इन समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया था और यह निर्णय किया गया था कि ईस्ट हैंगवाल गैलरी के पूर्व से एक क्रास कनेक्शन द्वारा फुटवाल ड्राइवेज को मिला दिया जाए । श्री ओहरी के अनुसार, इस कठिनाई की सूचना उन्हें दी गई थी और उन्होंने इस कनेक्शन को बनाने संबंधी सुझाव के बारे में अपनी सहमति दी थी । इस प्रकार यह संवातन कनेक्शन ईस्ट चिमनी ऐप्रोच से लगभग केवल 90 से 100 फुट की दूरी पर ईस्ट हैंगवाल गैलरी साइड से शुरू किया गया, जबकि प्लान प्रदर्श डी/1 के अनुसार यह कनेक्शन उसी चिमनी से लगभग 200 फुट की दूरी पर बनाना चाहिए था ।

76. मेरे विचार में फुटवाल ड्राइवेज के संबंध में आगे काम बन्द करने और कम दूरी पर कनेक्टिंग गैलरी बनाने के जो कारण प्रबन्धकों ने दिए हैं, वे वास्तविक कारण नहीं रहे होंगे । मैं संवातन व लदान संबंधी अभिकथित कठिनाइयों पर अलग अलग विचार करूंगा । यह बात ध्यान देने योग्य है कि जो पंखा हैंगवाल और फुटवाल गैलरियों को संवातित कर रहा था, यह फोर्सिंग फैन था, जो उत्तर क्रासकट में जंक्शन के कुछ उत्तर की ओर उत्तर क्रासकट पूर्व और हैंगवाल के जंक्शन के निकट लगा हुआ था । नलिका की मुख्य लाइन हैंगवाल ड्राइवेज में जाती थी और वहां से उस नलिका की एक शाखा को चिमनी ऐप्रोच के रास्ते से संवातन हेतु फुटवाल गैलरी में ले जाया गया था । यह बात कुछ आश्चर्य जनक है कि जब आरम्भ में फुटवाल ड्राइवेज की बात उठाई गई तो इस प्रकार की संवातन सम्बन्धी कठिनाई का कोई पूर्वानुमान नहीं किया गया था । यह मामला श्री दीपक सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया जो दुर्घटना के समय प्लानिंग अधिकारी (खनन) थे और उन्होंने जो कुछ कहा वह यह था कि इस प्रकार की ड्राइवेजिज के लिए उनके विस्तृत प्लान बनाना उनका काम नहीं था और यह कि यह काम सामान्यतः क्षेत्रीय प्रबंधक और प्रबन्धक के कार्यालय द्वारा किया जाता था । न्यायालय ने श्री दीपक सरकार से खास तौर पर यह प्रश्न पूछा कि क्या केवल फुटवाल गैलरी को ही संवातित करने के लिए अलग पंखा लगाना सम्भव होता । इस प्रश्न का उत्तर 'हां' में दिया गया । यदि फुटवाल ड्राइवेज में अलग पंखे द्वारा संवातन व्यवस्था करना सम्भव होता, तो यह विश्वास करना असम्भव है कि एक मात्र अन्य विकल्प के रूप में अनायोजित संवातन कनेक्शन बनाया जाता । फुटवाल ड्राइवेज को संवातित करने के लिए प्लानिंग के बारे में प्रबन्धक, श्री रामानुज भट्टाचार्य से भी पूछा गया और उनका उत्तर यह था कि फुटवाल गैलरी में कोयले के लदान के लिए ईम्को के बेलचे इस्तेमाल किए जाने वाले थे और ईस्ट हैंगवाल से संवातन नलिका की एक शाखा वहां ले जाई जानी थी । इस संबंध में प्रबन्धक ने कहा कि फुटवाल गैलरी में ईम्को बेलचे का उपयोग नहीं किया गया क्योंकि ईम्को के एकमात्र उपलब्ध बेलचे का इस्तेमाल हैंगवाल ड्राइवेज में किया जा रहा था और यह कि अनुरक्षण की समस्या के कारण तथा फालतू पुर्जों के अभाव में सितम्बर, 1975 के अन्त में या अक्टूबर, 1975 के शुरू शुरू में ईम्कों का बेलचा पूर्व फुटवाल गैलरी के लिए उपलब्ध नहीं था । परन्तु इससे एक अनायोजित स्थान से किसी नई संवातन गैलरी के बनाए जाने का कोई औचित्य सिद्ध नहीं होता ।

77. प्रबन्धक के साक्ष्य से एक और बात उठी है । न्यायालय ने उनसे पूछा था कि संवातन नलिका फुटवाल गैलरी के 'फेस' से किसी दूरी पर समाप्त हुई थी । उत्तर यह था कि इस्पात की यह नलिका 'फेस' से 30 फुट की दूरी पर समाप्त हुई थी । यदि यह बात है तो फुटवाल गैलरी के निकट की संवातन कठिनाइयों (यदि कोई थी तो) को दूर करने के लिए उक्त नलिका को 'फेस' की तरफ और आगे तक बढ़ाया जाना चाहिए था । चसनाला कोयला खान के एक पिक या इनर एवं लोडर, निजाम अहमद का अदालती गवाह के रूप में बयान लिया गया है । उसका साक्ष्य कुछ विचित्र प्रकार का है क्योंकि उसने कहा है कि फुटवाल गैलरी में कोई संवातन नलिका थी ही नहीं । उसने यह भी कहा है कि यह संवातन नलिका चिमनी कनेक्शन गैलरी में फुटवाल गैलरी के मुख के आरपार थी । यह बात सही नहीं हो सकती । खैर कुछ भी सही, यदि यह भी मान लिया जाए कि फुटवाल ड्राइवेज में वेंटीलेशन ट्यूबिंग या संवा नलिका मौजूद थी तो भी मैं यह तर्क स्वीकार नहीं कर सकता कि नए संवातन कनेक्शन द्वारा उक्त गलरी में किसी कठिनाई को दूर करने का विचार था । सच तो यह है कि गणनाओं द्वारा यह पता चलता है कि आग्जिलियरी फैन और नलिका का साइज हैंगवाल ड्राइव और फुटवाल ड्राइव दोनों को एक साथ भली भांति संवातित करने के लिए प्रर्याप्त था । जहां तक लदान की अभिकथित कठिनाई का संबंध है। प्रबन्धकों की ओर से यह बताया जाता है कि उक्त संवातन नलिका अपने सिरों पर बास्केट उठा कर ले जाने वाले लोडरों को बाधा पहुंचाया करती थी और इसलिए फुटवाल ड्राइवेज के संबंध में आगे काम बंद करना पड़ा । मैं नहीं समझता कि यह चीज भी उक्त गैलरी का काम बंद करने और इस नए संवातन कनेक्शन को शुरू करने का कारण रही होगी। श्री जे० एन० ओहरी ने तो यहां तक कह दिया है कि उन्हें सूचित किया गया था कि जब फुटवाल का काम 98 से 100 फुट तक हो चुका था तो लोडर फुटवाल रोडवे के साथ साथ रास्ता तंग होने के कारण फुटवाल फेस से कोयले का लदान करने से इन्कार कर रहे थे क्योंकि यह तंग रास्ता उन्हें असुविधा पहुंचा रहा था । मुझे इसमें बहुत सन्देह है कि क्या खान में कठिन स्थितियों में कार्य करने के अभ्यासी लोडर मिलकर कार्य करने से इन्कार कर देंगे, यद्यपि इसमें कुछ लोडिंग कठिनाइयां थीं । तथापि ऐसी किसी कठिनाई के बारे में किसी लोडर की कोई गवाही रिकार्ड पर नहीं है । यह ध्यान देने योग्य है कि प्रबन्धकों ने 10′×10′ आयाम के फुटवाल ड्राइवेज की मांग की थी, जो कि मंजूर हो गई थी । अतः यह मान लेना उचित होगा कि किसी भी प्रकार की लोडिंग कठिनाई की संभावना नहीं थी । प्रबन्धक के अनुसार, फुटवाल ड्राइवेज को 10′×8′ के आयाम के डायें (आर्कस) द्वारा सदमा दिया जा रहा था । यदि नलिका को बीच में बन्द कर देने से कोई लोडिंग कठिनाई हुई हो, तो इसे साइडों से बन्द कर देना चाहिए था । यहां यह उल्लेखनीय है कि श्री भट्टाचार्य की डायरी (प्रदर्श सी/2) में फुटवाल ड्राइवेज में किसी वेन्टिलेशन और लोडिंग कठिनाई का जिक्र नहीं है, जिसके कारण कार्य रुका । तत्कालीन खान सुरक्षा उप निदेशक, श्री एस० सी० बत्रा ने ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट का निरीक्षण 15-12-1975 को किया था और उनकी तारीख 23-12-1975 की रिपोर्ट को रिकार्ड में प्रदर्श जी0/2 के रूप में लाया गया है । इस रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि फुटवाल ड्राइवेज को वेन्टिलेशन और लोडिंग कठिनाइयों के कारण बन्द किया गया था । इस निरीक्षण पर श्री बत्रा के साथ श्री रामानुज भट्टाचार्य भी गए थे और रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि फुटवाल और हैंगवाल के साथ ड्राइवेज को इस लिए बन्द रखा गया था, क्योंकि सपोर्ट को आधुनिकतम बनाना था । इसलिए, यदि फुटवाल गैलरी में कोई वेन्टिलेटिंग और लोडिंग कठिनाइयां थी, तो वे केवल सामान्य प्रकार की होंगी । मैं यह नहीं मानता कि वास्तव में ऐसी कठिनाइयों के कारण ही फुटवाल ड्राइवेज को बन्द किया गया और नये वेन्टिलेशन कनेक्शन को अननुसूचित स्थान पर खोला गया । इसके अवश्य ही कुछ और कारण होंगे । न्यायालय ने इस सुराग का पता लगाने के लिए भरसक प्रयास किया और उसका विवरण यथा समय फुटवाल ड्राइवेज को नवम्बर, 1975 में बन्द करने के वास्तविक कारण क्या हो सकते हैं" नामक प्रसंग के अन्तर्गत किया जाएगा ।

78. मैं अब एक नए मामले पर विचार करूंगा । वह मामला यह है कि फुटवाल ड्राइवेज के लिए तारीख 9-6-1975 के आवेदन पत्र पर खान सुरक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई की गई । इस संबंध में की गई

कार्रवाई का सारांश पहले दिया गया है और ब्यौरे तत्पश्चात् दिए गए हैं।

तारीख 9-6-1975 के आवेदन-पत्र पर खान सुरक्षा विभाग द्वारा कैसे कार्रवाई की गई—सारांश

79. तारीख 9 जून, 1975 के आवेदन-पत्र पर प्रथमतः श्री एस० एन० ठाकुर, क्षेत्रीय कार्यालय (क्षेत्र संख्या 2) के तत्कालीन खान सुरक्षा उप-निदेशक, ने कार्रवाई की थी और उन्होंने अपनी सिफारिशें दीं, जो कि प्रदर्श एस/2 के रूप में अंकित नोट-शीट में प्रकाशित की गई हैं। श्री ठाकुर ने इस मामले पर कैसे कार्रवाई की, इसका वर्णन बाद में किया जाएगा। उनकी टिप्पणियों के पश्चात्, फाईल को श्री ए० बी० सिंह के पास भेजा गया था, जो कि उस समय क्षेत्रीय कार्यालय में खान सुरक्षा संयुक्त निदेशक और क्षेत्रीय संख्या II के प्रभारी थे। श्री ए० बी० सिंह ने इस मामले पर जो कार्रवाई की, उसका वर्णन भी बाद में किया जाएगा। तत्पश्चात् इस मामले पर खान सुरक्षा निदेशक और क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी, श्री एस० पी० गांगुली द्वारा भी विचार किया गया और उसके बाद इस मामले को श्री ए० बी० सिंह की दिनांक 29-8-1975 की टिप्पणी के साथ मुख्यालय को भेजा गया। तत्पश्चात् इस मामले पर मुख्यालय में प्रथमतः श्री एन० मिश्र द्वारा, जो कि उस समय खान सुरक्षा संयुक्त निदेशक थे, विचार किया गया। श्री एन० मिश्र ने तारीख 15-9-1975 की टिप्पणी द्वारा अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं और इस टिप्पणी को मुख्यालय के खान सुरक्षा निदेशक, श्री एच० एस० अहूजा जो खान सुरक्षा महानिदेशक की ओर से कार्य कर रहे थे, 29-9-1975 को अनुमोदित किया। मुख्यालय के नोट-शीट को प्रदर्श एस/1 के रूप में अंकित किया गया है।

80. श्री एस० एन० ठाकुर की नोटशीट (प्रदर्श एस/2) में निर्दिष्ट पहली सिफारिश इस प्रकार है:—

"प्रस्तावित गैलरी पुरानी जलाक्रांत खदानों के 60 मीटर के भीतर पड़ती है (सही अन्तर 27 मीटर है)। इस प्रस्ताव पर कोई भी आपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि उसी होरिजन पर विकास कार्य पहले ही किया जा चुका है।"

ऐसा प्रतीत होता है कि श्री ए० बी० सिंह के अनुरोध पर इस सिफारिश में एक शर्त जोड़ी गई। उस शर्त में सेन्ट्रल बोर-होल का सुझाव दिया गया था। अन्ततः श्री ठाकुर की टिप्पणी इस प्रकार थी—

"प्रस्तावित गैलरी पुरानी जलाक्रान्त खदानों के 60 मीटर के भीतर पड़ती हैं (सही अन्तर 27 मी० है)। इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि उसी होरिजन पर विकास कार्य पहले से ही किया जा चुका है। तथापि, प्रत्येक फेस में 3 मीटर लंबे सेन्ट्रल बोर-होल की व्यवस्था करना अपेक्षित होगा।"

अन्त में, क्षेत्रीय निदेशक के साथ विचार-विमर्श करने के पश्चात् क्षेत्रीय कार्यालय की सिफारिशें श्री ए० बी० सिंह की तारीख 29-8-1975 की अन्तिम सिफारिशों के साथ मुख्यालय में भेज दी गई, जो इस प्रकार थी:

"प्रस्तावित गलरी पुरानी जलाक्रान्त खदानों के 60 मीटर के भीतर पड़ती है। (सही अन्तर 27 मीटर है)। इस प्रस्ताव पर कोई भी आपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि उसी होरिजन पर विकास कार्य पहले से ही किया जा चुका है। यद्यपि एडवांस बोर-होल्स आवश्यक नहीं है, क्योंकि उसी होरिजन पर विकास कार्य पहले ही किया जा चुका है, जैसा कि प्लान और सैक्शन में दिखाया गया है। तो भी अतिरिक्त सावधानी के लिए प्रत्येक प्रेस में पहले से ही 3 मी० लम्बे सेण्ट्रल बोर-होल की व्यवस्था करना अपेक्षित होगा।"

क्षेत्रीय कार्यालय में किए गए विचार का ब्यौरा :

81. इस सारांश को प्रस्तुत करने के पश्चात् मैं 1975 के आवेदन-पत्र पर किए गए विचार के ब्यौरे का उल्लेख करता हूं। श्री एस० एन० ठाकुर ने बताया है कि उनकी सिफारिशें मूल रूप से वही थीं जो बाद में स्वीकृति-पत्र (प्रदर्श 13) में सम्मिलित की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने फुटवाल ड्राइवेज के आवेदन-पत्र के संबंध में प्रबन्धक और एजेन्ट के साथ विचार-विमर्श किया था और उन्होंने पुष्टि की कि उन्होंने हैंगवाल ड्राइवेज के लिए 1971 में दी गई स्वीकृति में निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया था। उस समय न्यायालय द्वारा श्री सरकार से एक प्रश्न पूछा गया और उनका उत्तर नीचे उद्धृत किया गया है।

"न्यायालय प्रश्न : जैसा कि प्रदर्श 15/8 में दिखाया गया है, 1971 में दी गई स्वीकृति में निर्दिष्ट शर्त संख्या 1 में यह निर्धारित किया गया था कि क्षतिज से कतिपय निर्दिष्ट इंक्लीनेशन के बोर होलों की व्यवस्था कुछ निर्दिष्ट लम्बाईयों अर्थात् 30 मीटर तक की जानी चाहिए थी, जैसा कि प्रदर्श 13 में दिखाया गया है, आपकी टिप्पणी पर आधारित 1975 में दी गई स्वीकृति, में निर्दिष्ट शर्त संख्या 2 में यह कहा गया था कि ड्राइवेज के आगे की भूमि हर समय 3 मीटर गहरे एक सेन्ट्रल एडवांस बोर हाल द्वारा परीक्षित की जाएगी। आपने 1971 की स्वीकृति में परिवर्तन की सिफारिश क्यों की।

उत्तर— मैं 1971 और 1975 के इन दो विचित्र आवेदन-पत्रों और स्वीकृतियों से जो कुछ समझता हूं, वह इस प्रकार है :-

1971 में एक पूर्णतया अप्रयुक्त क्षेत्र का अन्वेषण किया जा रहा था, जिसमें 'के०' लेवल के नीचे नं० 4 इन्कालाइन प्लेन के जुलाई, 1971 में आवेदन-पत्र के साथ दिए गए प्लानों में दिखाए गए विस्तार से अधिक विस्तार के बारे में कोई सन्देह नहीं था। जिस बात का सन्देह था, वह संभवतः 'के०' लेवल के बारे में था, जो कि पुराने प्लान (माइनस 6 फुट या माइनस 8 फुट) में दर्शाए गए स्तर से नीचे के स्थान पर हो सकता था और आशंका थी कि यदि लेवलिंग में कोई गलती हो, कुल मिलाकर 'के०' लेवल एक फुट नीचे हो सकता है। 1971 में बोरहोल का विस्तृत पैटर्न यह मालूम करने के लिए बनाया गया था कि क्या 'के०' लेवल प्लान में दिखाए गए पहले होरिजन के समीप हो सकता है। जब 1975 का आवेदन-पत्र सामने आया तब यह विचार था कि अनेक बोर होलों की व्यवस्था की जा चुकी होगी और 1971 की स्वीकृति के उद्देश्य प्राप्त हो चुके होंगे। 1975 में फुटवाल में प्रस्तावित ड्राइवेज 1971 के बोर होलों की व्यवस्था के अनुसार जारी की जानी चाहिए थी और यह समझा गया कि यदि हर समय फेस के आगे तीन मीटर लम्बे एक एडवांस बोर होल की व्यवस्था की जाए तो उससे प्रयोजन सिद्ध हो जाएगा। यह पायलेट होल के रूप में काम करेगा और इस संबंध में आगे सावधानियों की व्यवस्था, यदि आवश्यक हो, इस पायलेट होल द्वारा दी गई चेतावनी के बाद की जाएगी।"

82. विनियमन 127(5) के उपबन्ध के बारे में, जिसके अनुसार खदानों के सेंटर के नजदीक बोर-होल और प्रत्येक साइड पर फ्लैंक होल तथा खदानों के ऊपर और नीचे बोर होल की व्यवस्था की जानी चाहिए, श्री ठाकुर से विशेष रूप से जिरह की गई और उनका मत यह रहा है कि 29-9-75 को दी गई स्वीकृति का निस्संदेह अर्थ विनियमन की अपेक्षाओं से छूट देना था। यद्यपि स्वीकृति-पत्र में अपेक्षाओं में किसी भी प्रकार की छूट का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया।

83. मुझे ऐसा लगता है कि फुटवाल ड्राइवेज के लिए प्रबन्धकों के आवेदन-पत्र पर प्रारम्भिक विचार गलत दृष्टिकोण से किया गया। प्रबन्धकों द्वारा 1975 के आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया प्लान (प्रदर्श डी/1) अपर्याप्त तथा वास्तविक रूप से गलत था और ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्लान खान सुरक्षा विभाग द्वारा बिना किसी आपत्ति के स्वीकार कर ली गई है। 1971 की स्वीकृति को देखने के बाद भी (क्षेत्रीय कार्यालय में) प्लान प्रदर्श डी/1 को स्पष्ट और अधिक सही प्लान से नहीं बदला गया। ऐसा प्रतीत होता है कि इस तथ्य से कि 1971 में होरिजन नं० 1 का ईष्ट डिस्ट्रिक हैंगवाल ड्राइवेज द्वारा कुछ हद तक विकसित हो चुका था। खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सन्तोष हो गया। वस्तुतः प्रस्तावित (1975) फुटवाल गैलरी उस क्षेत्र के बाहर खोदी जानी थी जो कि हैंगवाल गैलरी की पहले की गई ड्राइवेज के दौरान वास्तव में परीक्षित किया जा चुका था। यह बताया गया है और शायद ठीक ही बताया गया है कि 1971 की स्वीकृति में निर्धारित बोर होल का पैटर्न पुरानी खदानों से नीचे की ओर के विस्तार को रोकने या चैक करने के लिये नहीं बनाया गया था, परन्तु इसे मुख्यतः पुरानी और नई खदानों के बीच के अन्तर को चैक करने के लिए बनाया गया था। यह सिद्ध हो चुका था कि (पुरानी) 'के' लेवल की खदानें (नई) डीप माइन में होरिजन नं० 1 की खदानों से 15 मीटर से अधिक ऊपर थीं। यह भी भली भांति कहा जा सकता है कि फुटवाल ड्राइवेज के लिए स्वीकृति प्राप्त करते समय प्रबन्धकों द्वारा प्रस्तुत किए गए गलत प्लान, प्रदर्श डी/1 द्वारा खान सुरक्षा विभाग को श्री एस० एन० ठकर तथा अन्य अधिकारियों को, इस मामले को निपटाने में 1975 में गुमराह किया गया था। श्री ठाकर ने बताया है कि फुटबाल ड्राइवेज के लिए आवेदन-पत्र पर विचार करते समय उन्होंने 1971 का आवेदन-पत्र तथा उस पर दी गई स्वीकृति और 1971 की नोटिंग एवं अनेक प्लान आदि देखे थे। परन्तु उनके द्वारा दिया गया एक महत्वपूर्ण बयान ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बताया है कि जब 1971 की स्वीकृति दी गई थी तो सं० 4 इन्कलाइन का आखरी भाग बन्द पड़ा दिखाया गया था। स्पष्टतः श्री एस० एन० ठकर सं० 4 इन्कलाइन के आखरी भाग को बन्द दिखाने वाले नक्शे, प्रदर्श डी/3, का उल्लेख कर रहे थे। इसलिये उन्होंने सं० 4 इन्क्लाइन के सेक्शन का प्लान (प्रदर्श डी/4), नहीं देखा है, जो प्रदर्श डी/3 का भाग था और जिस में संख्या 4 इन्क्लाइन के आखरी भाग को खुला दिखाया गया था।

84. श्री एस० एन० ठकर द्वारा आवेदन-पत्र पर कार्रवाई किए जाने के बाद, इस फाइल पर क्षेत्र सं० 11 के तत्कालीन संयुक्त निदेशक, खान सुरक्षा श्री० ए० बी० सिंह द्वारा कार्रवाई की गई थी। श्री सिंह के अनुसार, श्री ठकर की टिप्पणियां प्राप्त करने के बाद उन्होंने श्री ठकर के साथ इस मामले पर विचार विमर्श किया और पूछा कि उन्होंने फ्लैंक 'बोर होल्स' के बारे में सिफारिश क्यों नहीं की थी। इस समय श्री ठकर ने श्री सिंह को 1971 की अनुमति और प्लान दिखाया था जो 'भगवाल ड्राइवेज' के लिए इस समय प्रस्तुत किए गए थे और उसके बाद श्री सिंह ने श्री ठकर के साथ इस नाम पर सहमति प्रकट की थी कि चूंकि लम्बे "बोर होल्स" बना कर उस क्षेत्र में विकास पहले ही कर दिया गया था इसलिये फुटबाल ड्राइवेज के लिए फ्लेंक बोर होल्स की व्यवस्था करने की कोई आवश्यकता नहीं। श्री सिंह ने प्रदर्श डी/3 देखा था और स्पष्टतः वह इस बात पर भी ध्यान न दे सके प्रदर्श डी/4 के बिना प्रदर्श डी/3 अपूर्ण था।

85. इसके बाद श्री ए० बी० सिंह ने श्री ठकर की टिप्पणियों के साथ फाइल श्री एस० पी० गांगुली, जोनल निदेशक खान सुरक्षा को भेजी। श्री सिंह को यह फाइल श्री गांगुली की इन टिप्पणियों के साथ प्राप्त हुई थी। फुटवाल ड्राइवेज के लिए फ्लेंक बोर होल्स की सिफारिश क्यों नहीं की गई। श्री ए० बी० सिंह ने ध्यान दिया है कि इसके बाद उन्होंने श्री एस० पी० गांगुली के साथ इस मामले पर विचार-विमर्श किया था और उन्हें 1971 का अनुमति पत्र और प्लान (प्रदर्श डी/3) दिखाया था और श्री गांगुली ने यह बात स्पष्ट की थी कि चूंकि उस क्षेत्र में एडवांस्ड बोर होल्स द्वारा विकास कार्य पहले ही किया जा चुका था, फुटवाल ड्राइवेज के लिए फ्लेंक बोर होल्स बनाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। और श्री एस० पी० गांगुली ने इस बात में अपनी सहमति दी थी। जो ब्यान श्री ए० बी० सिंह ने दिया है, श्री गांगुली ने अपने साक्ष्य में केवल उसी को दोहरा दिया है। मुझे यह बात कहनी ही होगी कि जब श्री गांगुली ने फ्लेंक बोर होल्स का सवाल उठाया था तब मुख्यालय को मामला भेजने से पहले प्रदर्श डी/3 और डी/4 सहित पिछले रिकार्ड का और ध्यानपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए था। यदि प्रदर्श डी/4 देखा गया होता तो इन्क्लाइन सं० 4 के आखरी भाग के सम्बन्ध में प्रदर्श डी/3 और डी/4 के बीच के अन्तर (चाहे वह खुला दिखाया गया था या बन्द) का पता चल गया होता और स्पष्टतः खान सुरक्षा विभाग के अधिकारी 1971 के आवेदन-पत्र के सभी अन्य संबंधित कागजों और प्लानों की जांच किए बिना संतुष्ट होते। अतः मेरे विचार में फुटवाल ड्राइवेज के प्रयोग के संबंध में विचार करने पर आरम्भ से ही नरमी दिखाई गई है, जो गलत प्लान (प्रदर्श डी/1) की स्वीकृति पर आधारित है और सर्वथा जारी रही। (प्रदर्श डी/1 का स्वरूप और इसकी त्रुटियां बाद में बताई गई हैं) इसके अतिरिक्त, प्रबन्धकों के आवेदन-पत्र में बोर होल्स के किसी उपबन्ध से किसी छूट का जैसा कि विनियम 127(5) के अधीन अपेक्षित है, न तो कोई सुझाव दिया गया है और न ही इसके लिए प्रार्थना की है। अतः यह समझ में नहीं आता है कि खान सुरक्षा विभाग में छूट देने का प्रश्न कैसे उठ सकता था।

86. खान मुख में पहले ही केन्द्रीय बोर होल्स के सिफारिश करने का कारण श्री ए० बी० सिंह ने बताया है। उनके अनुसार, यह पूर्वोपाय किसी भी भौमिकीय बाधा, जिसका सामना करना पड़ सकता है, से बचने के लिए किया गया था। इस न्यायालय के समक्ष अपने साक्ष्य में श्री एस० पी० गांगुली ने मामले को निम्न प्रकार बताया :

> "विकसित किए जाने वाले हराइजन (क्षितिज) में या मध्यवर्ती परत में जब कभी हल्की बाधा उत्पन्न हो जाती है तो प्रबन्धकों को असामान्य टपकाव के बारे में जागरूक रहने के सम्बन्ध में मानक चेतावनी देने के लिए अतिरिक्त, (उन्हें प्रबन्धकों को) सामान्यतः पहले-ही एक बोर होल की व्यवस्था करने की सलाह दी जाती है ताकि असामान्य टपकाव के लिए भूतल पहले ही तैयार रखा जा सके।"

87. संक्षेप में, सर्वश्री एस० एन० ठकर, ए० बी० सिंह और एस० पी० गांगुली का यह सामान्य मत था कि चूंकि हराइजन सं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में विकास कार्य के 1971 में किया गया था, इसलिये 1975 में फुटवाल ड्राइवेज के लिए फ्लेंक बोर होल्स अपेक्षित नहीं थे। खान मुख में केन्द्रीय बोर होल की आवश्यकता के सम्बन्ध में इन तीन आधिकारियों का सामान्य मत यह था कि यदि प्रस्तावित फुटवाल ड्राइवेज के सामने कुछ भौमिकी बाधा विद्यमान तो इस की खानमुख में एक केन्द्रीय बोर होल द्वारा सुरक्षा की जा सकती है।

मुख्यालय में विचार-विमर्श के ब्यौरे

88. अब मैं इस मामले पर खान सुरक्षा विभाग के मुख्यालय में किए गए विमर्श को लेता हूं, जो श्री एन० मिश्र, संयुक्त सचिव खान सुरक्षा की सिफारिश से आरम्भ होता है। दिनांक 15-9-1975 की उनकी टिप्पणियां निम्न प्रकार थीं :--

> "क्षेत्रीय कार्यालय ने सिफारिश की है कि चूंकि यह क्षेत्र पहले ही परीक्षित है, नियम 127(5) के अधीन सभी पूर्वोपाय आवश्यक नहीं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि केवल 3 मी० डीप एडवांस बोर होल्स से काम चलेगा। यह उचित प्रतीत होता है।"

श्री एन० मिश्र, जिन्हें न्यायालय के गवाह के रूप में बुलाया गया था, से यह पूछा गया कि क्षेत्रीय कार्यालय के मत का पूर्णतः समर्थन करने वाली अपनी टिप्पणी देने से पहले उन्होंने कौन से दस्तावेज या रिकार्ड देखे। उन्होंने जवाब दिया कि उन्होंने 1971 का अनुमति पत्र और उससे संलग्न पत्र देखा था। श्री मिश्र की इस बात के संबंध में पूर्णतया स्पष्ट थे कि उन्होंने 1971 का केवल एक प्लान देखा था और उनके अनुसार प्लान यह प्रकट करता था कि उसमें दिखाई गई दो इन्क्लाइनें बन्द थीं। इसलिए अवश्य यह प्लान प्रदर्श डी/3 होगा। अतः श्री मिश्र के साक्ष्य का सार यह है कि प्रबन्धकों द्वारा जनवरी, 1971 में दिये गए आवेदन-पत्र और प्रबन्धकों द्वारा बाद में जुलाई, 1971 में दायर किए गए प्लान तथा श्री ए० बी० सिंह की दिनांक 29-8-75 की टिप्पणी को देखने के बाद उन्होंने फुटवाल गैलरी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की सिफारिश का समर्थन किया था।

89. अन्ततः मुझे श्री एच० एस० अहूजा द्वारा दिए गए साक्ष्य पर विचार करना है कि उन्होंने किस प्रकार 1975 के आवेदन-पत्र पर कार्रवाई की, जिससे वे फुटवाल ड्राइवेज के लिए स्वीकृति प्रदान करने के निष्कर्ष पर पहुंचे। उन्होंने बताया है कि इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय की फाइल नहीं देखी थी। जैसा कि पहले बताया गया है कि मुख्यालय की टिप्पणियां (प्रदर्श एस/1) क्षेत्रीय कार्यालय के श्री ए० बी० सिंह की दिनांक 29-5-1975 की अंतिम टिप्पणी से आरम्भ होती है। श्री अहूजा से यह पूछा गया था कि उनको यह ज्ञात था कि ड्राइवेज की अनुमति के लिए वर्ष 1971 में एक आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ था तथा इसकी स्वीकृति प्रदान की गई थी उनका जवाब था कि उन्हें 27-12-1975 की दुर्घटना के बाद 1971 की स्वीकृति के बारे में पता चला था। 1975 में श्री अहूजा ने जिन पहलुओं को ध्यान में रखा था, उन्हें उन्होंने निम्न प्रकार उल्लिखित किया है।

"जब यह मामला मेरे पास आया तो मैंने प्रबन्धकों के आवेदन-पत्र का अध्ययन किया, इसके साथ संलग्न प्लान को देखा, क्षेत्रीय कार्यालय की रिपोर्ट/टिप्पणियां तथा मुख्यालय में इस मामले की जांच करने वाले अधिकारी की टिप्पणियां पढ़ीं। क्षेत्रीय कार्यालय की रिपोर्ट से मैंने देखा कि प्रस्तावित ड्राइवेज और पानी से आच्छादित कार्यस्थल के बीच विभाजन की मोटाई के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रेक्षण किए गए थे, जिसके साथ यह सिफारिश की गई थी कि प्रस्ताव के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि उसी हराइजन में पहले ही विकास किया जा चुका था तथा यद्यपि एडवांस बोर होल्स पहले ही किए जा चुके हैं, जैसा कि प्लान और सेक्शन में दिखाया गया है, लेकिन तीन मीटर लम्बाई के एक केन्द्रीय बोर होल की व्यवस्था करने का अतिरिक्त पूर्वोपाय किया जाना चाहिए। प्रबन्धकों का आवेदन-पत्र भी बड़े साधारण स्वरूप का था जिस में ईस्ट हैंगवाल के साथ-साथ खोदी गई ब्लाइंड गैलरी के साथ सम्बन्ध जोड़ने के प्रयोजन के लिए ईस्ट फुटवाल नामक एक ड्राइव स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया था। आवेदन-पत्र के साथ भेजे गए प्लान और इस पर बनाया गया सेक्शन प्रस्तावित फुटवाल और के० स्तर कार्य स्थल के बीच 27 मीटर का स्पष्ट विभाजन दर्शाता था और इसके नीचे कोई मुख्य सुरंग नहीं दिखाई गई थी जैसा कि सेक्शन से देखा जा सकता है। मेरे समक्ष प्रस्तुत की गई ऊपर उल्लिखित सूचना और टिप्पणियों के देखते हुए, मेरे लिए यह सोचने का कोई कारण नहीं था कि जो सिफारिश की जा रही है उसके लिए किसी भी तरह से और पूर्वोपाय करने आवश्यक हैं।"

इस प्रकार यह प्रतीत होगा कि खान सुरक्षा विभाग के अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय के और मुख्यालय के प्रबन्धकों द्वारा फुटवाल ड्राइवेज के प्रस्तुत किए गए 1975 के आवेदन-पत्र के साथ भेजे गए प्लान (प्रदर्श डी/1) में दिखाए गए गलत सेक्शन से गलत फहमी में पड़ गए और असावधान हो गए। शायद यह पुनरावृत्ति होगी कि प्रदर्श डी/1 में दर्शाए गये सेक्शन इस मामले की गई व्यापक जांचों तथा 1971 में किए गए विचार विमर्श के परिणामों की उपेक्षा की है।

90. श्री अहूजा ने सेन्ट्रल बोर होल की आवश्यकता के सम्बन्ध में निम्नलिखित शब्दों में ध्यान दिया :—

"एडवांस बोर होल सम्बन्धी अनुबन्ध, जिससे हर समय कम से कम तीन मीटर भूमि का परीक्षण किया जा सके, इसलिए शामिल किया गया था ताकि पानी के किसी संभरक से होने वाले खतरे यदि इसमें कोई छोटी सी दरार या भौगोलिक नितोदन विद्यमान हो, से रक्षा की जा सके। बोर होल की ऐसी लम्बाई से उक्त खतरे का पर्याप्त संकेत और चेतावनी होती। इसी लिए शर्त (2) जैसा कि प्रदर्श 13 में दर्शायी गई है, अनुमति पत्र में शामिल की गई थी।"

इस मामले पर खान सुरक्षा विभाग द्वारा कैसे कार्यवाही की गई—इस संबंध में और टिप्पणियां

91. अब इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार करना पड़ेगा कि क्या खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने 1975 में फ्लेंक बोर होल्स की अपेक्षाओं को सही मानों में अनावश्यक समझा या नहीं। इस बात पर भी विचार करना पड़ेगा कि अब उल्लिखित किए गए कारणों से क्या सेंट्रल बोर होल्स वास्तव में अपेक्षित था। खान में केवल एक सेन्ट्रल बोर होल की व्यवस्था करने पर्याप्तता पर भी अवश्य ही विचार किया जाना चाहिए। मामले के इन पहलुओं पर पूर्ण विचार करने के बाद, मुझे ऐसा लगता है कि यद्यपि फ्लेंक बोर होल्स से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता, खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विनियम 127 की अपेक्षाओं की उपेक्षा करना ठीक नहीं था, विशेष कर कार्यस्थल के ऊपर बोर होल्स से सम्बन्धित और 1975 में प्रस्तावित की गई सुरंग के मुख में केवल एक सीधे बोर होल के सम्बन्ध में यह हो सकता है कि हैंगवाल सुरंग के लिए 1971 के अनुमति पत्र में दिए गए निर्देशों पर हैंगवाल सुरंग के आसपास 15 मीटर का क्षेत्र परीक्षित किया गया था, परन्तु 1975 में प्रस्तावित की गई पश्चिम से पूर्व की हैंगवाल सुरंग, 15 मीटर से काफी परे हैंगवाल सुरंग के उत्तर की ओर थी, उसी क्षितिज में, पानी की मात्रा के साथ, लगभग सीधी (वास्तव में सीधी लाइन के कुछ उत्तर में)। ज्यादा से ज्यादा यह कहा जा सकता है कि हैंगवाल सुरंग खोदने के लिए 1971 में निर्धारित किए गए बोर होल पैटर्न को अपनाकर यह पता लगाया गया है कि के० स्तर इस प्रकार पहले हेराइजन के 15 मीटर के भीतर नीचे नहीं आया था। परन्तु फुटवाल सुरंग को अन्य कारणों से भी खतरा रहा होगा। मेरे विचार में, फुटवाल सुरंग के मुख में केवल एक बोर होल रखने के कारणों के सम्बन्ध में खान सुरक्षा विभाग की ओर से हमारे समक्ष दिया गया साक्ष्य अनुमति पत्र, में केवल उनके द्वारा दिए गए अपर्याप्त निर्देश के समर्थन में दिया गया है। खान सुरक्षा विभाग की 1975 की नोट-शीटों (प्रदर्श एस/2 और एस/1) में कोई ऐसा संकेत नहीं है जो यह दर्शाये कि फुटवाल सुरंग के मुख में एक ही बोर होल का निर्देश किसी विशेष प्रयोजन के लिए, फुटवाल गैलरी के समक्ष किसी खराबी की विशिष्ट आशंका या भौमिकी बाधा की आशंका से या किसी वाटर फीडर जो वहां विद्यमान हो सकता है, के खतरे के कारण दिया गया था, यदि 1971 की नोट शीट (प्रदर्श एस) का ध्यान पूर्वक अध्ययन किया जाए तो यह पता चला कि एक बार श्री एच० बी० घोष ने यह नोट लिखा था कि केन्द्रीय छिद्र आवश्यक नहीं थे क्योंकि पुरानी खदानें हराइजन सं० शीर्ष पर थीं। स्पष्टतः 1971 में सुझाव किए गए बोर होल के पैटर्न के लिए यह भी एक कारण था, यहां तक कि हैंगवाल सुरंग के लिए भी इसका सुझाव दिया गया था अर्थात् 3 राइजिंग बोर होल्स जो क्षितिज से 10 डिग्री, 20 डिग्री और 30 डिग्री पर झुके थे और लम्बाई में क्रमशः 27 मीटर, 38 मीटर और 30 मीटर थे। तथापि, श्री एच० बी० घोष ने भी यह स्वीकार किया है कि यह पैटर्न इन्क्लाइन सं० 4 के विस्तार के किसी छिटपुट शीर्ष को रोकने के लिए निर्मित नहीं किया गया था। यह पैटर्न शायद 1971 में इस मामले की पूर्ण जांच के बाद हुई समिति के पश्चात् निर्मित किया गया था जब श्री एच० बी० घोष को यह सूचित किया गया था कि प्रबन्धकों ने कोयला खान के रिकार्ड और पुराने कर्मचारियों

से यह पता लगाया है कि इन्क्लाइन सं० 4 भी "बन्द" थी, जिस का मतलब यह हुआ कि कार्यस्थल प्रदर्श डी/4 में दर्शाई गई जगह से परे नहीं था। वास्तव में श्री घोष से यह पूछा गया था कि उन्होंने जो बोर होल्स के पैटर्न निर्धारित किए थे उस के उद्देश्य क्या थे और उसका जवाब था कि यह के० स्तर और हारिजन, जहां खुदाई करने का प्रस्ताव था, के बीच के विभाजन की मोटाई निर्धारित करने के लिए किया गया था। प्रश्नगत दुर्घटना के बाद प्राप्त हिंडरसाइड के संबंध में यह न माना जाये कि मैं अपनी टिप्पणी दे रहा हूं परन्तु सामान्य सिद्धांत के रूप में मेरा यह विचार है कि 1975 के अनुमति पत्र में सिफारिश की गई बोर होल्स पैटर्न, एक अपर्याप्त निदेश था, भले ही विनियम 127 (5) की अपेक्षाओं को संशोधित किया गया हो या उनमें ढील दी गई हो। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि यदि फुटवाल गैलरी के मुख्य में 1971 की अनुमति के ढंग से बोर होल्स बनाने की प्रणाली का पालन किया जाता तो यह बहुत संभव था कि विस्तारित इन्क्लाइन सं० 4 में पानी को फुटवाल गैलरी के इस एक्सटेंशन से नीचे जाने से बहुत पहले निकाल दिया जाता।

92. 1975 में 3 मी० गुणा 3 मी० माप की एक सुरंग (अर्थात् फुटवाल गैलरी) की इजाजत देने के लिए दिए गए कारणों की जांच भी अपेक्षित है। श्री ए० बी० सिंह ने बताया है कि ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की तरह बृहत्तर माप की एक गैलरी द्वारा निकास पहले ही कर दिया गया था, क्षेत्रीय कार्यालय ने 3 मी० गुणा 3 मी० माप की एक फुटवाल गैलरी की सिफारिश की थी। ऐसा लगता है कि श्री सिंह का विचार यह था कि जब किसी क्षेत्र में 2.4 मी० गुणा 2.4 मी० से बड़े माप की गैलरी की अनुमति दी जाती है तो उस क्षेत्र में बिना और विचार किए विनियम 127(5) में निर्धारित गैलरियों से बड़े माप की गैलरियों की इजाजत दी जानी चाहिए। इस विचार को मानना कठिन है। यदि विनियम 127 (5) की अपेक्षाओं से भिन्न कार्रवाई की अनुमति दी जानी है तो विभिन्न माप की गैलरी के प्रत्येक अनुरोध पर उस के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जाए न कि इस तथ्य पर अपेक्षाएं उस विशिष्ट क्षेत्र में भी पहले की अपेक्षाओं से भिन्न हैं। चसनाला कोयला खानों के एजेन्ट द्वारा खान सुरक्षा महानिदेशक को लिखे गए एक महत्वपूर्ण पत्र दिनांक 5-8-71 (प्रदर्श 15/7) में कहा गया था कि प्रस्तावित गैलरियों के माप के सम्बन्ध में (हैंगवाल सुरंग सहित) ————यह अनुरोध है कि कोयले की सुरंग के लिए लांग एडवांस होल्स किए जाने के बाद 8 फीट गुणा 8 फी० के माप की सीमित गैलरियों की जगह हमें पूर्ण माप की गैलरियां खोदने की इजाजत दी जाए, जैसी कि प्लान में दर्शायी गयी है। इसलिये 1971 में, प्रबन्धकों ने विनियम 127 की अपेक्षा के अतिक्रम के लिए अनुरोध करने के सम्बन्ध में कुछ कारण तो दिया था, लेकिन उन्होंने इस प्रकार का या कोई अन्य कारण 1975 में नहीं दिया था, ना ही अनुमति देने से पूर्व बड़े माप की सुरंग से संबंधित उनके अनुरोध के समर्थन में इस मामले की खान सुरक्षा विभाग में जांच की गई प्रतीत होती है। परन्तु, निसन्देह ही, खोदी गई "फूटवाल" गैलरी के माप का किसी प्रकार दुर्घटना से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं था।

93. चसनाला डीप माईन झरिया कोयला क्षेत्र में अपने किस्म की खान थी, उसमें हराइजन प्रणाली के खनन का प्रशस्त कार्य विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से किया जा रहा था। उस खान में कठिन कार्य-दशाओं का खान सुरक्षा विभाग को अच्छी तरह से ज्ञान था। इन्टरनेशनल कंस्ट्रक्शन कं० द्वारा तैयार की गई परियोजना रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि पुरानी खान को पानी से मुक्त रखा जाए ताकि नई खान में पानी की रिसन को न्यूनतम किया जा सके, और खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की जानकारी के अनुसार न तो पश्चिम के पुराने कार्य-स्थल और न ही मैन-डाइक के पूर्व के कार्य-स्थल को पानी से मुक्त नहीं किया गया था। 3/4 इन्क्लाइन की पुरानी खदान में 10 करोड़ गैलन से अधिक पानी जमा हो गया था, जिसके नीचे 1975 में फूटवाल सुरंग बनाने का प्रस्ताव किया गया था। ऐसी परिस्थितियों में, यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने, जिन्होंने कि 1975 की फूटवाल आवेदन-पत्र पर कार्यवाई की थी, प्रदर्श 13 के अनुसार उसके लिए अनुमति देने से पूर्व स्थिति की गंभीरता को नहीं समझा था।

94. अन्तर्विभागीय निर्देश द्वारा, श्री एच० एस० अहूजा को, कुछ अन्य विनियमों में से विनियम 127 के अधीन दिए गए सभी अभिवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए अधिकार प्रदान किये गये थे। मुझे यह सवाल करना पड़ रहा है कि क्या उसे ऐसा अधिकार ठीक ही प्रदान किया गया था या नहीं।

क्या श्री एच० एस० अहूजा दिनांक 9-6-75 के आवेदन-पत्र को अन्ततः निपटा सके

95. विनियम 127 (3) के अनुसार, फूटवाल सुरंग तैयार करने के लिए मुख्य खान निरीक्षक की लिखित पूर्व अनुमति आवश्यक थी, क्योंकि यह पुराने जलमग्न कार्यस्थल के 60 मी० के अन्दर पड़ता था। उस समय श्री एस० एस० प्रसाद, मुख्य निरीक्षक थे, जैसा कि प्रदर्श टी/7 में दर्शाया गया है। यह दस्तावेज भारत सरकार की दिनांक 5-9-1974 की अधिसूचना है, जिसमें श्री एस० एस० प्रसाद को 26-8-1974 से मुख्य खान निरीक्षक नियुक्त किया गया है। 9-6-1975 को, जब फूटवाल सुरंग के लिए आवेदन-पत्र दिया गया था, और 29-9-1975 को, जब कि इसके लिए श्री एच० एस० अहूजा द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी, श्री अहूजा, खान सुरक्षा निदेशक के पद पर नियुक्त थे, जिससे उन्हें खान अधिनियम के अधीन निरीक्षक की शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त हो गया था। पक्षकार सं० 8 की ओर से श्री अहूजा को मुख्य परीक्षण के समय, उन से पूछा गया कि विनियम 127 (प्रदर्श 13) के अन्तर्गत उन्होंने किस अधिकार से अनुमति पत्र पर हस्ताक्षर किए और उन्होंने उत्तर दिया कि उन्होंने यह अधिकार खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा जारी किए गए 26-8-1976 के एक कार्यालय आदेश से प्राप्त किया था। इस आदेश की एक प्रति प्रदर्श टी के रूप में रिकार्ड में रखी गई है, जिसका संबंधित भाग निम्न प्रकार है:—

कार्यालय आदेश

अगले आदेशों तक खान सुरक्षा के उप महानिदेशक का कार्य निम्न प्रकार से निपटाया जाएगा:—

* * * *

खान सुरक्षा निदेशक (सुरक्षा संबंधी मानक)	कोयला खानों और उनकी दुर्घटनाओं से संबंधित सारी फाइलें।

खान सुरक्षा के उप महानिदेशक के अनुमोदन से संबंधित सारे महत्वपूर्ण निर्णय श्री एस० एस० प्रसाद को प्रस्तुत किए जायेंगे।

ह०/- एस० एस० प्रसाद
खान सुरक्षा महानिदेशक

96. 1975 में उस समय श्री एच० एस० अहूजा, खान सुरक्षा निदेशक (सुरक्षा मानक) थे। यह कार्यालय आदेश "खान सुरक्षा के उप महानिदेशक" के कार्य का उल्लेख करता है और इसलिए इस संदर्भ में श्री अहूजा के साक्ष्य से कुछ बताना पड़ेगा। भारत सरकार की दिनांक 5-1-1972 की अधिसूचना (प्रदर्श टी/2) द्वारा, जो कि खान सुरक्षा महानिदेशक को भेजी गई थी, खान सुरक्षा महानिदेशक को खान अधिनियम, 1952 के अधीन (अपीलों से संबंधित को छोड़कर) खान सुरक्षा निदेशकों को मुख्य खान निरीक्षक के ऐसे अधिकार सौंपने की सत्ता दी गई थी, जिन्हें वह निर्दिष्ट करे। केन्द्रीय सरकार द्वारा यह अधिकार खान अधिनियम, 1952 की धारा 6 (1) के अधीन था। इस समय श्री एच० बी० घोष, खान सुरक्षा महानिदेशक थे, जो मुख्य निरीक्षक की सारी शक्तियों का प्रयोग कर रहे थे। दिनांक 22-8-72 के एक कार्यालय ज्ञापन द्वारा, जिस पर श्री एच० बी० घोष ने हस्ताक्षर किया था, श्री एस० एस० प्रसाद को मुख्य खान निरीक्षक की कुछ शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय

ज्ञापन के अधीन, श्री एस० एस० प्रसाद को विनियम 127 के अधीन किसी आवेदन-पत्र का निपटान करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया गया।

97. उसके बाद, श्री एच० बी० घोष द्वारा पारित किए गए दिनांक 3-5-1973 के एक कार्यालय आदेश (प्रदर्श टी/4) द्वारा, अन्य मामलों में से, उन्होंने यह निदेश दिया "कि कोयला खान विनियम, 1957 के नियम 127 के अधीन सारे आवेदन-पत्र अगले आदेशों तक खान सुरक्षा के उप महानिदेशक के पास अंतिम निर्णय के लिए प्रस्तुत किए जाते थे। तथापि इस कार्यालय आदेश में यह बताया गया था कि यथा-पद्धति उप महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशक को जब कभी आवश्यक समझें, कोई भी फाइल प्रस्तुत कर सकते हैं।" संभवतः इस समय से विनियम 127 के अधीन प्राप्त आवेदन-पत्रों के निपटान का उत्तरदायित्व खान सुरक्षा के उप महानिदेशक को हस्तांतरित किया गया था और दिनांक 26-8-1974 को प्रदर्श टी० द्वारा यह उत्तरदायित्व श्री एस० एस० प्रसाद द्वारा खान सुरक्षा निदेशक (सुरक्षा मानक) को सौंपा गया था।

क्या श्री एस० एस० प्रसाद खान सुरक्षा महानिदेशक थे

98. इस अवस्था में, एक विशेष प्रकार के विवाद का उल्लेख कर दें। यह विवाद इस नुक्ते पर था कि क्या 26-8-1974 को श्री एस० एस० प्रसाद, खान सुरक्षा महानिदेशक थे या नहीं। श्री एच० एस० अहूजा के अनुसार, उस समय श्री एस० एस० प्रसाद, खान सुरक्षा महानिदेशक थे और अपनी बात को साबित करने के लिए प्रदर्श टी/1, दिनांक 24-8-74 के रूप में अंकित हुआ एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। श्री एस० एस० प्रसाद की अदालती गवाह के रूप में जांच की गई है और उनके अनुसार, 26-8-1974 को वे खान सुरक्षा महानिदेशक नहीं थे, बल्कि, वह खान सुरक्षा के उप महानिदेशक के रूप में काम कर रहे थे तथापि हमें इस नुक्ते से कोई संबंध नहीं है कि 26-8-1974 को श्री एस० एस० प्रसाद, खान सुरक्षा महानिदेशक थे या खान सुरक्षा के उप महानिदेशक थे। हमें इस नुक्ते से संबंध है कि क्या 26-8-1974 को वे मुख्य खान निरीक्षक थे या नहीं, जब उन्होंने प्रदर्श टी में समाविष्ट किया गया आदेश पास किया था। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि उस तारीख को श्री एस० एस० प्रसाद मुख्य खान निरीक्षक थे। केन्द्रीय सरकार की दिनांक 5-9-1974 की अधिसूचना (प्रदर्श टी/7) के आधार पर श्री एस० एस० प्रसाद को 26-8-1974 से मुख्य खान निरीक्षक नियुक्त किया गया था।

क्या मुख्य खान निरीक्षक किसी निरीक्षक को विनियम 127(3) के अधीन आदेश पास करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है

99 यदि 28-8-1974 को श्री एस० एस० प्रसाद विनियम 127(3) के अधीन प्राप्त शक्तियों को खान निरीक्षक को सौंपने के लिए प्राधिकृत किया गया था तो प्रदर्श टी के अधीन, इस प्रकार सौंपा गया, अधिकार वैध होगा। परन्तु, मैं यह नहीं समझता कि 28-4-1974 को तत्कालीन मुख्य खान निरीक्षक को किसी खान निरीक्षक को विनियम 127 (3) में परिकल्पित आदेशों को पारित करने के लिए प्राधिकृत करने की कोई शक्ति थी। यह साबित करने के प्रयोजन के लिए कि तत्कालीन मुख्य खान निरीक्षक किसी खान निरीक्षक को विनियम 127 (3) के अधीन प्राप्त किसी आवेदन-पत्र पर कार्रवाई करने और उस पर अन्तिम आदेश देने के लिए प्राधिकृत कर सकता था, पक्षकार सं० 8 की ओर से रिकार्ड में कुछ दस्तावेज रखे गए हैं और खान अधिनियम के कुछ उपबन्धों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया था। इस विशिष्ट नुक्ते के संबंध में प्रदर्श टी/2 दिनांक 5-1-1972 का हवाला दिया गया है। यह नोट किया जाए कि प्रदर्श टी/2 के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशक को "खान अधिनियम, 1952 की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति दी गई है कि वह खान सुरक्षा निदेशक को खान अधिनियम, 1952 (अपवादों से भिन्न) को मुख्य खान निरीक्षकों की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं जो वह निर्दिष्ट करना चाहें।" मैं यह नहीं समझता कि इस अनुमोदन के अधीन, खान सुरक्षा महानिदेशक या मुख्य खान निरीक्षक, निदेशकों को (जो निरीक्षक) थे कोयला खान विनियम, 1957 के अधीन मुख्य निरीक्षकों की किसी भी शक्ति का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं। मुख्य निरीक्षकों को खान अधिनियम के अधीन कुछ शक्तियां थी, जो उसमें निर्दिष्ट हैं, और उन्हें विनियमों के अधीन अन्य शक्तियां भी प्राप्त थीं। खान अधिनियम की धारा 7 में यह व्यवस्था है कि मुख्य निरीक्षक या कोई निरीक्षक "ऐसी अन्य शक्तियों" का प्रयोग कर सकते हैं जो कि इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए विनियमों द्वारा निर्धारित की जाएं यह व्याख्या स्पष्ट रूप से मुख्य निरीक्षक की खान अधिनियम के अधीन शक्तियों और विनियमों के अधीन उनकी "अन्य शक्तियों" के बीच अन्तर दर्शाती है। जब यह प्रतीत हो कि मुख्य खान निरीक्षक विनियम 127 (3) के अधीन कोई आदेश पारित करने का दावा करता है तब वह खान अधिनियम की धारा 7 द्वारा परिकल्पित अपनी "अन्य शक्तियों" का प्रयोग करता है, न कि खान अधिनियम के अधीन दी अपनी शक्तियों का।

100. खान अधिनियम की धारा 6 (1) में उल्लिखित "अधिनियम" शब्द खान अधिनियम के अधीन पारित विनियमों के बराबर मानने के लिए पक्षकार सं० 8 के विद्वान काउन्सेल ने खान अधिनियम की धारा 59 (5) का आश्रय लिया है जिस में यह कहा गया है कि विनियम तथा नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जायेंगे और इस प्रकार प्रकाशित किए जाने पर ये उसी प्रकार वहीं प्रभावी होंगे मानों ये अधिनियम में बनाए गए हों। मैं यह नहीं समझता कि यह व्याख्या स्वीकार्य है। "इन का कहीं प्रभाव होगा मानो" या "माने जाएंगे" की तरह के शब्द हमेशा कल्पित स्थिति की व्याख्या करने वाले माने जाते हैं, ताकि जिन उपबन्धों को वे निर्दिष्ट करते है उनको सार्वधिक वैधता दी जा सके, परन्तु ऐसी अभिव्यक्तियों से, विनियमों और नियमों को सब प्रकार से स्वयं अधिनियम के उपबन्धों के बराबर नहीं माना जा सकता।

101. इसी संदर्भ में पक्षकार सं० 8 के विद्वान काउन्सेल ने 1959 के अधिनियम 62 द्वारा संशोधित किए जाने से पहले खान अधिनियम 1952 की धारा 83 का हवाला देकर यही तर्क दी है कि खान अधिनियम, 1952 में "अधिनियम" शब्द में खान अधिनियम के अधीन निर्मित विनियम भी शामिल हैं। पुरानी धारा 83 के अधीन केन्द्रीय सरकार को किसी भी स्थानीय क्षेत्र किसी खान या खानों के समूह या वर्ग या किसी खान के किसी भाग को या व्यक्तियों के किसी वर्ग को खान अधिनियम के सभी या किसी भी उपबन्ध के प्रवर्तन से छूट देने का अधिकार था। इस संबंध में हमारा ध्यान भारत सरकार द्वारा पुरानी धारा 83 के अधीन प्रकाशित की गई कुछ अधिसूचनाओं की ओर दिलाया गया है, जिनके द्वारा खान अधिनियम के अधीन कुछ विनियमों की प्रयोज्यता से छूट दी गई है। मैं नहीं समझता कि खान अधिनियम की धारा 6 (1) में प्रयुक्त शब्द "अधिनियम" की व्याख्या के लिए इस तर्क को स्वीकार किया जा सकता है। यह हो सकता है कि इस असंगति को दूर करने के लिए खान अधिनियम की धारा 83 संशोधित की गई थी, जिस में केन्द्रीय सरकार को खान अधिनियम के सभी उपबन्धों या किसी भी उपबन्ध में प्रवर्तन से छूट देने की शक्तियां प्रदान की गई और केन्द्रीय सरकार को यह शक्तियां भी प्रदान की गई कि वह मुख्य खान निरीक्षक या किसी अन्य अधिकारी को इस अधिनियम के अधीन निर्मित विनियमों या नियमों के प्रवर्तन से छूट देने का प्राधिकार दे सकती है। यह उल्लेखनीय है कि अधिनियम की धारा 6 और धारा 83 को 1959 के अधिनियम 62 द्वारा संशोधित किया गया था और इस प्रकार अधिनियम के उपबन्धों और विनियमों के उपबन्धों को समान नहीं माना जा सकता, जैसा कि विद्वान काउन्सेल ने कहा है।

102. पक्षकार सं० 8 के विद्वान काउन्सेल का एक अन्य तर्क केन्द्रीय सरकार द्वारा खान अधिनियम के अधीन पारित दिनांक 31-3-1960 की (प्रदर्श 15/2) अधिसूचना के साथ पठित खान अधिनियम की धारा 83(2) पर आधारित है। इस संबंध में मैं विद्वान काउन्सेल के तर्क को स्वीकार करने में असमर्थ हूं। यदि केन्द्रीय सरकार धारा 83(2)

के अधीन कार्य करते हुए, कानून के उस उपबन्ध में परिकल्पित, मुख्य निरीक्षक को कोई अधिकार देती है तब मुख्य निरीक्षक ही एकमात्र ऐसा प्राधिकारी है वे उस अधिकृतीकरण के अधीन कार्रवाई कर सकता है। श्री एस० एस० प्रसाद ने अदालती गवाह के रूप में बयान देते हुए बताया है कि उन्होंने प्रदर्श 15/2 के अनुसार कोई आदेश जारी नहीं किया है। इस पाइंट पर और बल देते हुए विद्वान काउन्सेल ने तर्क दिया है कि दिनांक 31-3-1960 के प्रदर्श 15/2 द्वारा, जो खान अधिनियम की धारा 83(2) के अधीन पारित किया गया था, मुख्य निरीक्षक को विनियम 127 के उपबन्धों से छूट देने के लिए प्राधिकृत किया गया था और दिनांक 5-1-1972 के प्रदर्श सं० टी/2 द्वारा (जो खान अधिनियम की धारा 6 के अधीन पारित किया गया था) मुख्य निरीक्षक को किसी निरीक्षण को विनियम 127 को किसी अपेक्षा से छूट देने के लिए शक्तियां प्रदान करने के लिए प्राधिकृत किया गया था, यदि वह इसे उचित समझे इस तर्क को स्वीकार करना कठिन है। मेरे विचार में खान अधिनियम की धारा 6 और धारा 83 को ऐसी व्याख्या के लिए समान नहीं समझा जा सकता है। धारा 83(2) के अधीन, केन्द्रीय सरकार मुख्य खान निरीक्षक को छूट देने के लिए प्राधिकृत करने की जगह "किसी अन्य प्राधिकारी" को प्राधिकृत कर सकती है और इस मामले में, दिनांक 31-5-1960 की अधिसूचना (प्रदर्श 15/2) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने खान अधिनियम के अधीन विनियमों के उपबन्धों से छूट देने के लिए मुख्य खान निरीक्षक को प्राधिकृत किया था और किसी प्राधिकारी को नहीं। केन्द्रीय सरकार द्वारा खान अधिनियम की धारा 83 (2) के अधीन जारी किए गए इस आदेश को उसी केन्द्रीय सरकार द्वारा खान अधिनियम की धारा 6 (1) के अधीन मुख्य निरीक्षक को दी गई किसी स्वीकृति से संबद्ध नहीं किया जा सकता जिसके अनुसार अधिनियम के अधीन मुख्य निरीक्षक को प्रदत्त कुछ शक्तियों का प्रयोग करने के लिए किसी निरीक्षक को प्राधिकृत किया जाता है। मेरे विचार में, विचाराधीन विषय के संबंध में निष्कर्ष अवश्य ही यह होगा कि मुख्य निरीक्षक विनियम 127 के अधीन आवेदन-पत्रों को निपटाने के लिए और उनकी अपेक्षाओं से छूट देने के लिए किसी निरीक्षक को प्राधिकृत नहीं कर सकता था।

103. एक समय यह सवाल उठा कि क्या श्री एस० एस० प्रसाद, मुख्य निरीक्षक के रूप में प्रदर्श टी/2 के अधीन कार्य कर सकते थे या उन्हें खान अधिनियम को धारा 6(1) के अधीन केन्द्रीय सरकार से नयी स्वीकृति प्राप्त करनी चाहिए थी। मेरे विचार में श्री एस० एस० प्रसाद के लिए नई स्वीकृति प्राप्त करनी आवश्यक नहीं थी। परन्तु यह बात इस संदर्भ में अनावश्यक है, क्योंकि यहां तक कि श्री एन० बी० घोष भी विनियम 127 के अधीन आवेदन-पत्रों को निपटाने के लिए किसी निरीक्षक को प्राधिकृत नहीं करते। मुझे ऐसा लगता है कि श्री एस० एस० प्रसाद खान सुरक्षा विभाग में विद्यमान पूर्वोदाहरण का अनुसरण कर रहे थे, जैसे कि उन्होंने हमारे समक्ष बताया है।

104. इस विषय पर मेरा निष्कर्ष संक्षेप में इस प्रकार है :—

(क) रिकार्ड में ऐसी कोई सामग्री नहीं लायी गई है जिस से इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके कि खान अधिनियम, 1952 की धारा 83(2) के अधीन जारी की गई दिनांक 31-3-1960 की अधिसूचना (प्रदर्श 15/2) के अधीन छूट देने के लिए किसी मुख्य निरीक्षक ने कोई कार्यवाही की हो, जिससे विनियम 127 या उसका कोई भाग चसनाला कोलियरी या उसके किसी भाग पर लागू न रहा हो। बल्कि सभी पक्षों ने इस आधार पर कार्यवाही की है कि विनियम 127 इस कोलियरी पर लागू था।

(ख) रिकार्ड पर लायी गयी सामग्री इस कथन की पुष्टि नहीं करती कि मुख्य निरीक्षक को विनियम 127 (3) के अधीन कोई ऐसी शक्ति प्रदत्त की गई हो जिस से वह खान अधिनियम के अधीन किसी निरीक्षक को अपनी शक्तियां सौंप सके।

(ग) यदि मुख्य निरीक्षक को किसी निरीक्षक को अपनी शक्तियां सौंपने का अधिकार प्राप्त नहीं था तो श्री एच० एस० अहूजा फूटवाल सुरंग के मामले में कार्रवाई करने और अन्ततः 1975 में स्वीकृति प्रदान करने के लिए सक्षम नहीं थे। ऐसी परिस्थितियों में, श्री अहूजा द्वारा विनियम 127(5) के उपबन्धों की अपेक्षाओं में से किसी भी अपेक्षा से छूट प्रदान करने का प्रश्न ही नहीं उठ सकता।

[मैंने विनियम 127 (3) के अधीन मुख्य निरीक्षक के प्राधिकार की व्याख्या के प्रश्न पर कहीं और जगह कार्रवाई की है और मैंने यह निष्कर्ष निकाला है कि यदि विनियम 127 किसी खान पर लागू होता है तो मुख्य निरीक्षक को विनियम 127(5) को किसी अपेक्षा को संशोधित करने या उसमें परिवर्तन करने या उन से कोई छूट देने का कोई अधिकार नहीं है।]

परन्तु मुझे यह भी अवश्य कहना चाहिए कि खान सुरक्षा निदेशक (सुरक्षा मानक), अर्थात् खान अधिनियम के अधीन निरीक्षक का पद धारण करने वाले व्यक्ति, को वास्तव में विनियम 127 के अधीन अभ्यावेदनों पर कार्रवाई करने की शक्ति प्रदान की गई थी और इस लिए मैं प्रबंधकों द्वारा 1975 में दिए गए आवेदन पत्र को अन्ततः निपटाने के लिए मैं एच० एस० अहूजा पर दोष नहीं लगा सकता। उनके लिए यह संभव नहीं था कि वह कानून की जटिलताओं में जाएं और मुख्य निरीक्षक द्वारा विनियम 127 के अधीन अपनी शक्तियां उन्हें सौंपने के अधिकार को चुनौती दें यदि श्री अहूजा और खान सुरक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने, विनियम 127 की अपेक्षाओं तथा सभी संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रख कर, इस आवेदन-पत्र पर कार्रवाई की होती, तो मैं इस मामले पर केवल कानूनी जटिलताओं को बताने के सिवा कोई टिप्पणी नहीं देता, दूसरी ओर, यहां मैं यह भी बताना चाहूंगा (ताकि पूरा ब्यौरा दिया जा सके) कि यदि प्रबंधकों ने 1975 में श्री अहूजा द्वारा दी गई अनुमति का प्लान से विचलित हुए बिना पालन किया होता तो यह विशिष्ट दुर्घटना 27-12-1975 को न घटती। क्या प्रबंधकों ने इस प्लान का पालन किया था या वह इससे विचलित हुए थे यह एक पृथक मामला है, जिस को कहीं और जगह विचार किया गया है। (इस संबंध में मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि प्रबंधकों ने 1975 में मंजूर किए गए प्लान का पालन नहीं किया था और प्रश्नगत दुर्घटना 1975 में प्रदान की गई स्वीकृति से विचलित होने के कारण हुई है)।

105. इस के तुरंत बाद, विनियम 127(3) के अधीन मुख्य निरीक्षक को शक्ति पर अवश्य विचार किया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वह विनियम 127 (5) की अपेक्षाओं से छूट दे सकते हैं या जहां कहीं विनियम 127 लागू होता हो वहां उन अपेक्षाओं का अवश्य ही अनुपालन किया जाना चाहिए। विनियम 127 की व्याख्या के प्रश्न और यदि आवश्यक हो तो विनियम 127 में संशोधन सुझाने के लिए इस मामले पर हमारे समक्ष बहस हुई है।

विनियम 127 की व्याख्या

106. विनियम, 127 के संबंध में विचार करने की मुख्य बात यह है कि विनियम 127 के उप-नियम (3) में आने वाली अभिव्यक्ति, जो इस प्रकार है, "मुख्य निरीक्षक की लिखित में पूर्वानुमति को छोड़ कर तथा ऐसी शर्तों के अधीन जो वह उस में निर्दिष्ट करें", मुख्य निरीक्षक को, स्वीकृति देने के लिए विनियम 127 के अन्य उप-नियमों विशेष कर उप-नियम (5), की अपेक्षाओं को परिवर्तित करने, संशोधित करने या उनसे छूट देने की शक्तियां देता है। इस प्रश्न के उठने का कारण यह है कि श्री एच० एस० अहूजा ने 29-9-1975 को खान सुरक्षा महानिदेशक की ओर से ईस्ट फूटवाल सुरंग की स्वीकृति (प्रदर्श 13) देते समय विनियम 127 (5) की अपेक्षाओं को संशोधित किया था और वास्तव में उन्होंने उस उप-नियम की कुछ अपेक्षाओं का पालन नहीं किया था। (यह भी बता दिया जाए कि श्री एच० एस० अहूजा ने यह खण्ड भी शामिल किया था कि "यदि भारी मात्रा में पानी के रिसने का पता

चले, जो सीम के लिए सामान्य न हो, तो कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 के उपनियम (3) से संलग्न परन्तुक का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए, जोकि विनियम 127 द्वारा अपेक्षित शर्त नहीं थी)।

107. इस जांच न्यायालय के समक्ष अपनाया गया रवैया यह था कि मुख्य निरीक्षक, जिनके द्वारा विनियम 127 (3) के अधीन कार्यवाही करते समय विनियम, 127 की अपेक्षाओं को परिवर्तित करने, संशोधित करने और उन से छूट देने के लिए सक्षम है। यह प्रश्न विशेष रूप से श्री एस० एन० ठाकर से पूछा गया था, जो खान सुरक्षा महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में पहले व्यक्ति थे जिन्होंने इस आवेदन-पत्र पर कार्रवाई की थी। उन्होंने ध्यान दिया कि स्वीकृति पत्र (प्रदर्श 13) में विनियम 127 (5) के किसी उपबन्ध से छूट देने के संबंध में विशेष रूप से नहीं कहा गया था, परन्तु वास्तव में यह अपेक्षाओं से छूट देने के समान था। उन से पूछा गया कि प्रदर्श 13 में ऐसी चीज क्या है जो यह दर्शाये कि छूट प्रदान की गई थी। उन्होंने जवाब दिया कि छूट इस लिए दी गई क्योंकि 3 मीटर × 3 मीटर माप की गेलरी खोदने की स्वीकृति दी गई थी और जमीन के परीक्षण का तरीका (प्रदर्श 13 के अन्तर्गत निर्देशित) विनियम 127 की अपेक्षाओं से भिन्न था। श्री ठाकर से पूछा गया अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न और उसके संबंध में उनका उत्तर नीचे उद्धृत किया गया है:—

प्रश्न: प्रबंधकों द्वारा 1975 में अंतिम स्वीकृति के लिए दिए गए आवेदन पत्र के संबंध में क्या आपने यह सिफारिश की थी कि विनियम 127 (5) के उपबन्धों का अनुपालन अनावश्यक या अव्यवहार्य था। आप ने यह सिफारिश किस आधार पर की थी?

उत्तर: विनियम 127(5) की अपेक्षा आवश्यक नहीं समझी गई।

108. विनियम 127 (3) के अधीन मुख्य निरीक्षक की शक्तियों के संबंध में श्री एस० एन० ठाकर की व्याख्या पूर्णतः प्रतीत नहीं होती। उन से पक्षकार सं० 14 की ओर से पूछा गया कि क्या उनके द्वारा सिफारिश देने के समय यह आवश्यक नहीं था कि वह विनियम 127 (5) के अधीन निर्धारित कानून के सांविधिक उपबन्धों से अवगत होते। उन्होंने उत्तर दिया कि उस समय उन्हें मालूम था कि मुख्य खान निरीक्षक की शक्तियां राजपत्रित अधिसूचना द्वारा बढ़ा दी गई थीं और वह विनियम 127 (5) के उपबन्धों से छूट दे सकते थे। ऐसा लगता है कि श्री ठाकर के दिमाग में खान अधिनियम, 1952 की धारा 83 (2) थी, जो निम्न प्रकार थी:—

"83(2)—केन्द्रीय सरकार सामान्य या विशिष्ट आदेश द्वारा ऐसी पाबंदियों के साथ जिन्हें वह लगाने के लिए उपयुक्त समझे मुख्य निरीक्षक या किसी भी अन्य प्राधिकारी को, किन्हीं विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन किसी खान या उसके भाग को इस अधिनियम के अधीन बने विनियमों और नियमों के किसी भी उपबन्ध के प्रवर्तन से छूट देने के लिए प्राधिकृत कर सकती है, यदि मुख्य निरीक्षक या ऐसे प्राधिकारी का यह मत हो कि किसी खान या उस के भाग में परिस्थितियां ऐसी हैं जिनमें ऐसे उपबन्धों का अनुपालन अनावश्यक और अव्यवहार्य है।"

धारा 83 (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार की दिनांक 31-3-1960 की एक अधिसूचना रिकार्ड में लायी गई है जिसे प्रदर्श 15/2 के रूप में अंकित किया गया और जो निम्न प्रकार है:—

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 31 मार्च, 1960

का० आ० खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 83 की उप-धारा (2) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मुख्य खान निरीक्षक को, किन्हीं विशिष्ट शर्तों के अध्यधीन, किसी खान या उसके भाग को निम्नलिखित विनियमों अर्थात् कोयला खान विनियम 1957 के विनियम 69, 74, 89, 99, 127, 130, 151 और 172 के प्रवर्तन से छूट देने के लिए प्राधिकृत करती है, यदि मुख्य खान निरीक्षक का यह विचार हो कि उस खान या उसके किसी भाग में ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनमें ऐसे उपबन्धों का अनुपालन अनावश्यक या अव्यवहार्य है।

[1/15/60/एम I]

ए० पी० वीरा राघवन, अवर सचिव

109. स्पष्टतः, श्री ठाकर को इस संबंध में खान अधिनियम की धारा 83 (2) के उपबन्ध और विनियम 127 (3) के उपबन्ध के बीच भ्रांति थी। रिकार्ड में ऐसी कोई सामग्री नहीं लायी गई है जो यह दर्शाये कि विनियम 127 के प्रवर्तन से चसनाला कोलियरी को छूट देने के लिए किसी मुख्य निरीक्षक ने सीधे अधिसूचना (प्रदर्श 15/2) के अन्तर्गत कार्रवाई की थी और वास्तव में यह जांच इसी आधार पर की गई है कि विनियम 127 चसनाला कोलियरी पर लागू था। जैसा कि पहले बताया गया है, श्री एस० एस० प्रसाद ने ब्यान दिया है कि उन्होंने विनियम 127 के प्रवर्तन से किसी खान या उस के भाग को छूट देने के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया था। अतः, मुख्य निरीक्षक की शक्तियों पर विचार केवल विनियम 127 (3) के अनुसार ही किया जाना चाहिए।

110 प्रबन्धकों की ओर से विनियम 127 की अपेक्षाओं और उस से परिवर्तनों के सम्बन्ध साक्ष्य रिकार्ड में है श्री रामानुज भट्टाचार्य से, जो उस समय प्रबन्धक थे, यह पूछा गया कि क्या विनियम 127 (5) के अनुसार दोनों किनारों पर फ्लैंक बोर होल तथा जहां कहीं आवश्यक हो, खदानों के ऊपर और नीचे बोर होल अपेक्षित थे या नहीं, और उन्होंने हां में उत्तर दिया। पूछे गए प्रश्न और दिए गए उत्तर इस प्रकार थे:

प्रश्न। जैसा कि विनियम के इस उपबन्ध के अधीन अपेक्षित है, ऐसे बोर होल क्यों नहीं किए गए?

उत्तर। मैं ने प्रदर्श 13 में दिए गए निर्देश का पालन किया और मैंने उसे पर्याप्त समझा।

श्री रामानुज भट्टाचार्य से स्वीकृति पत्र में आने वाले शब्दों "कानून के किसी अन्य उपबन्ध पर, जो प्रयोज्य हो या किसी भी समय प्रयोज्य हो जाए, बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले" के संबंध में अपनी व्याख्या देने के लिए भी कहा गया और उनका उत्तर निम्न प्रकार था:—

"चूंकि स्वीकृति पत्र में कोई स्पष्ट संकेत नहीं था, इस लिए मैंने प्रदर्श 13 की शर्त (2) को पर्याप्त समझा"।

अतः, प्रबंधक का मत था कि विनियम 127 (5) के उपबन्ध विनियम 127 (3) के अधीन जारी किए स्वीकृति पत्र में दिए गए निर्देशों द्वारा नियंत्रित किए जाते थे।

111. विनियम 127(3) के अधीन मुख्य निरीक्षक की शक्तियों के सही महत्व का पता लगाने के लिए इस प्रकार के मामले को नियंत्रित करने वाले पहले के विनियमों के तत्संबंधी उपबन्धों की ओर ध्यान देना आवश्यक होगा। भारतीय कोयला खान विनियम, 1926 के उपबन्ध विनियम 72ख, 73, 74 और 75 में मिलेंगे, जो नीचे उद्धृत किए गए हैं:

"72 ख(1). ऐसे किसी भी स्थान से कोयला नहीं निकाला जाएगा जो निम्नलिखित के नीचे लम्बरूप में स्थित हो:—

(क) किसी नदी, तालाब या जलाशय के तल का कोई भाग, या

(ख) कोई भी ऐसा स्थान जो किसी नदी के किसी भी किनारे या किसी टैंक या जलाशय की सीमा से 50 फुट की क्षैतिज दूरी के अन्दर हो यहां खनन केवल मुख्य निरीक्षक की लिखित अनुमति से उनके द्वारा निर्दिष्ट की गई शर्तों के अनुसार किया जा सकता है।

(2) इस विनियम के प्रयोजन के लिए, जहां नदी के मार्ग में या टैंक में या जलाशय में बालू या अलूवियम पड़े हों, उस प्वाइंट में नदी, टैंक या जलाशय का तल ऐसे बालू या अलूवियम के नीचे हार्ड स्ट्राटा की सतह के अनुरूप समझा जाएगा।

73. जहां किसी खान का कोई भाग इस प्रकार स्थित हो कि खान में सतह के पानी के फूट पड़ने का खतरा हो, वहां पानी के फूटने के ऐसे खतरे से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाएगी।

74. जहां कोई खदान किसी ऐसे स्थान से 100 फुट की सीमा में पहुंच गया हो जिस में पानी के जमाव या अन्य तरल पदार्थ के होने की संभावना हो या किसी ऐसे अप्रयुक्त खदान (वे ऐसे खदान नहीं, जिन की जांच की गई है और पानी या अन्य तरल पदार्थ के जमाव से मुक्त पाए गए हैं), के 100 फुट की सीमा में पहुंच गया हो, वहां खदान की चौड़ाई या ऊंचाई 8 फीट से अधिक नहीं होगी और खदान के मुख के केन्द्र के समीप कम से कम एक बोर होल और प्रत्येक किनारे में पर्याप्त बोर होल्स बनाए जाएंगे और जहां आवश्यक हो 15 फुट से अनधिक दूरी पर खदान के ऊपर व नीचे बोर होल बनाए जाएंगे। इस प्रकार के सारे बोर होल्स की खनन की कार्य करने से पूर्व पर्याप्त दूरी पर लगातार व्यवस्था की जाएगी और यह दूरी किसी भी हालत में 10 फीट से कम नहीं होगी।

75. जहां किसी ऐसी सीम या सीम के भाग के नीचे, जिसमें पानी के जमाव की संभावना हो, किसी सीम या सीम के भाग में कार्य हो रहा हो, या जहां कार्य किसी ऊपर सीम में या किसी ऊपर सीम के भाग में किया जा रहा हो, जो निचली सीम के किसी भाग के निचले स्तर से नीचे हो, जिस में पानी हो या पानी के जमाव की संभावना हो, वहां जिस सीम में कार्य किया जा रहा हो उसमें पानी के आने से बचने के लिए, जिस से खान में काम कर रहे श्रमिकों की जान को खतरा हो सकता है, पर्याप्त पूर्वोपाय किए जाएंगे।"

112. ये सभी उपबन्ध अब कुछ संशोधनों और परिवर्धनों के साथ कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 126 और 127 में शामिल किए गए हैं। सामान्यतः पुराने विनियम 72ख और 73 के उपबन्ध अब 1957 के विनियमों के विनियम 126 में पाये जाएंगे और पुराने विनियम 74 और 75 के उपबन्ध अब 1957 के विनियमों के विनियम 127 में पाये जाएंगे।

113. यह बात ध्यान देने योग्य है कि 1926 के विनियमों के विनियम 74 में मुख्य निरीक्षक को उन खदानों के संबंध में कोई शर्त निर्धारित करने की कोई शक्ति प्रदान नहीं की गई थी जो किसी ऐसे स्थान से 100 फुट की सीमा में पहुंच गई हों जिस में पानी या किसी अन्य तरल पदार्थ का जमाव हो और इस लिए इस प्रकार के खनन् कार्य के लिए मुख्य निरीक्षक की मंजूरी की कोई आवश्यकता नहीं थी। ये अपेक्षायें आदेशात्मक थी। (तथापि, पानी के तल के नीचे की खदानों के संबंध में 1926 के विनियमों के विनियम 72 ख के अधीन उन्हें कुछ शक्तियां और विवेकाधिकार प्रदान किए गए थे)। 1926 के विनियमों के विनियम 74 में निर्धारित की गई 100 फुट की दूरी को 1957 के विनियमों के विनियम 127 (3) में बढ़ा कर 60 मीटर (200 फुट) कर दिया गया है और इस संबंध में विनियम 127(3) में यह शामिल किया गया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर खनन–कार्य केवल मुख्य निरीक्षक की लिखित पूर्वानुमति से और उनके द्वारा स्वीकृति-पत्र में निर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन किया जा सकता है।

114. यह उल्लेखनीय है कि भारतीय कोयला खान विनियम, 1926 और कोयला खान विनियम, 1957 के बीच 1955 में अस्थायी कोयला खान विनियम जारी किए गए थे, संबंधित उपबन्ध 1955 के विनियमों के विनियम 5 में हैं, जो नीचे उद्धृत किया गया है।

"खान के कार्यस्थल या उसके किसी भाग में जल या अन्य तरल पदार्थ के धावें और घुसने के खतरे से बचने के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त पूर्वोपाय किए जाएंगे, अर्थात्:—

(1) मुख्य विनियमों के विनियम 72ख के अधीन स्वीकृति देने के लिए सभी आवेदन-पत्रों के साथ खान की खदानों की वर्तमान स्थितियों को दर्शाने वाले प्लानों और सेक्शनों की दो-दो प्रतियां, खदानों का प्रस्तावित नक्शा, सतह से खदान की गहराई, सभी दरारों, डाइकों तथा अन्य भौमिकीय बाधाओं और ऐसे अन्य तथ्य का ब्यौरा भेजा जाएगा जो कि खान या उसमें नियोजित श्रमिकों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

(2) मुख्य विनियमों के विनियम 74 में शामिल किसी भी उपबन्ध के बावजूद, किसी भी ऐसी खदान में जो किसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान (ऐसी खदानों को छोड़ कर जिन की जांच की गई है और पानी या अन्य तरल पदार्थ के जमाव से मुक्त पायी गयी हैं) से 150 फुट की सीमा में पहुंच गई हो (चाहे वह उसी खान में हो या समीप की खान में), बिना मुख्य निरीक्षक की लिखित पूर्वानुमति लिए आगे खनन कार्य नहीं किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निरीक्षक द्वारा निर्दिष्ट शर्तों का पालन किया जाएगा।

(3) मुख्य वियनमों के विनियम 74 में शामिल किसी भी उपबन्ध के बावजूद, यदि किसी खदान में पानी का रिसना नजर आए जो किसी अप्रयुक्त या 8 परित्यक्त खदान (ऐसी खदानों को छोड़कर जिनकी जांच की गई है और पानी या अन्य तरल पदार्थ के जमाव से मुक्त पायी गयी है) से 150 फुट से दूर हो (चाहे वह उसी खान में हो या साथ की खान में) तब ऐसी खदान को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा और मुख्य निरीक्षक और सर्कल के निरीक्षक को तत्काल इस घटना की सूचना दी जाएगी। ऐसी खदानों में मुख्य निरीक्षक की लिखित पूर्वानुमति के बिना आगे खनन कार्य नहीं किया जाएगा इस संबंध में मुख्य निरीक्षक द्वारा निर्दिष्ट शर्तों का पालन किया जाएगा।

व्याख्या—धाराओं (2) और (3) के प्रयोजनों के लिए, उक्त खदानों के बीच की दूरी का अर्थ होगा न्यूनतम दूरी, चाहे वह किसी भी दिशा में हो, अर्थात् क्षैतिज, लम्बात्मक या ढलान से।

(4) धारा (2) के अधीन अनुमति के लिए सभी आवेदन-पत्रों के साथ ऐसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदानों के नक्शों को दर्शाने वाले प्लानों और सेक्शनों की दो प्रतियां भेजी जाएंगी जिनमें ऐसी अप्रयुक्त और परियुक्त खानों के मानचित्र होंगे जो उन खदानों की स्थिति बताते हों जो उनके समीप हों। उनसे संबंधित उपलब्ध सूचना भी उन में होगी।

(5) मुख्य विनियमों के विनियम 74 में निर्धारित किए गए पूर्वोपाय इस प्रयोजन के लिए प्रबंधक द्वारा प्राधिकृत किए गए सक्षम व्यक्ति के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन लागू किए जायेंगे।"

115. यह स्पष्ट है कि कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 127, 1955 के अस्थायी विनियमों के विनियम 5 के आधार पर, कुछ परिवर्धन और परिवर्तन करके, तैयार किया गया था। 1957 के विनियमों के विनियम 127(3) में शामिल किया गया एक विशिष्ट परिवर्तन 60 मीटर (अर्थात्, 200 फुट) की दूरी है, जब कि यह दूरी 1955 के विनियमों में 150 फुट थी। इस प्रकार 1957 के विनियमों की यह मात्रा 1955 के अस्थायी विनियमों के अनुसार उपबन्धों से कड़ा है। अस्थायी विनियम 5(2) में उल्लिखित मुख्य निरीक्षक की शक्ति वर्तमान विनियम 127(3) में शामिल की गई है। यह पता चलेगा कि 1955 के अस्थायी विनियमों ने भारतीय कोयला खान विनियम, 1926 को प्रतिस्थापित

नहीं किया था, 1955 के अस्थायी विनियमों के विनियम 5 द्वारा अतिरिक्त पूर्वोपाय निर्धारित किए गए थे । अब जबकि 1957 के विनियमों ने 1926 और 1955 के विनियमों को प्रतिस्थापित कर लिया है तब यह सवाल उठता है कि क्या मुख्य निरीक्षक को वर्तमान विनियम 127(3) द्वारा अपनी स्वीकृति देते समय विनियम 127(5) की अपेक्षाओं को संशोधित करने, शिथिल करने या समाप्त करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं ? मेरे विचार में उन को इस प्रकार की शक्तियां प्रदान नहीं की गई हैं और कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम, 127 बनाते समय केन्द्रीय सरकार का मुख्य निरीक्षक को ऐसी शक्तियां प्रदान करने का इरादा नहीं था।

116. कोयला खान विनियम, 1957 में कुछ ऐसे विनियम है जो मुख्य निरीक्षक को विशिष्ट रूप से उसकी अपेक्षाओं को परिवर्तन करने की शक्ति प्रदान करते हैं । इस संबंध में अध्याय IV के नियम 31 ए और 32, अध्याय I/II के विनियम 66 का अवलोकन किया जाए। अध्याय X के विनियम 104 में, इस विनियम की कुछ अपेक्षाओं को परिवर्तित करने की मुख्य निरीक्षक की शक्तियां उप-विनियम 2(घ) में दी गई हैं जो निम्न प्रकार हैं।

"बशर्ते कि मुख्य निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह उस आदेश में निर्दिष्ट करें यथास्थिति विभाजन की कम या अधिक मोटाई की स्वीकृति दे सकता है या मांग कर सकता है ।"

क्या मुख्य निरीक्षक विनियम 127(5) की अपेक्षाओं में से किसी अपेक्षा को परिवर्तित, संशोधित या समाप्त कर सकता है ।

117. मेरी सुविचारित राय में, वर्तमान विनियमों के विनियम 127(3) के अधीन मुख्य निरीक्षक को दी गई शक्ति का प्रयोग समग्र रूप से विनियम 127 में परिकल्पित सुरक्षा की अपेक्षाओं की सहायता में किया जाना है, और उन को दी गई शक्ति को ऐसा न समझा जाए कि वह विनियम 127(5) की किसी भी अपेक्षा को परिवर्तित, संशोधित या समाप्त कर सकता है । मुख्य निरीक्षक विनियम 127(3) के अधीन जिस प्रकार का आदेश पारित कर सकता है, वह उसी स्वीकृति में अभिव्यक्त किया गया है, जो श्री एच० एस० आहूजा द्वारा 1975 में खान सुरक्षा महानिदेशक की ओर से फुटवाल सुरंग के लिए दी गई थी । 1975 की स्वीकृति की शर्त सं० 3 में लिखा था कि—

"यदि सीम में पानी सामान्य से अधिक मात्रा में रिसने लगे, तो 1957 के विनियमों के विनियम 127 के उप-विनियम 3 के साथ संलग्न उपबन्धों का दृढ़ता से अनुपालन किया जाएगा।"

विनियम 127 में स्पष्ट शब्दों में किसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान के 60 मीटर की सीमा के भीतर की किसी खदान के संबंध में सीम में सामान्य से अधिक मात्रा में पानी के रिसने के लिए कोई पूर्वोपाय संबंधी कार्यवाही शामिल की गई प्रतीत नहीं होती । वास्तव में यह निदेश 1971 में तत्कालीन खान सुरक्षा महानिदेशक श्री एच० बी० घोष द्वारा हैंगवाल सुरंग के लिए प्रदान की गई स्वीकृति में भी निर्दिष्ट किया गया था।

विनियम 127(4) के अधीन दिए गए आवेदन-पत्र के साथ भेजे जाने वाले प्लानों में क्या दिखाया जाना चाहिये।

118. श्री जे० एन० ओहरी द्वारा दिए गए साक्ष्य से एक और महत्वपूर्ण बात सामने आई है जो उन के द्वारा विनियम 127 को समझने के बारे में है । उस विनियम के उप-नियम (3) में अन्य बातों के साथ-साथ कहा गया है कि—

"ऐसी किसी खदान में किसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदानों 60 मीटर की दूरी में पहुंच गई है ——उसे मुख्य निरीक्षक की लिखित में पूर्वानुमति के बिना खनन कार्य नहीं किया जाएगा । इस संबंध में मुख्य निरीक्षक द्वारा निर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन किया जाएगा ——" और न्यायालय ने श्री ओहरी से पूछा कि क्या उस विशेष स्थान पर वेंटिलेशन कनैक्शन को ड्राइव करने के संबंध में निर्णय लिए जाने या इस वेन्टीलेशन कनैक्शन के प्रारम्भ होने के बाद, इस संबंध में कोई सूचना खान सुरक्षा महानिदेशक को दी गई थी या नहीं ।

इस सम्बन्ध में उन का उत्तर नीचे उद्धृत किया गया है :—

"जैसा कि ऊपर बताया गया है, विनियम 127 के संबंध में पुरानी खदानों की सीमा दिखानी होती है । जिन खदानों का विस्तार किया जाना है, है, उन्हें दिखाना पड़ता है और इस प्लान में सामान्यतः नई खदानों में की जाने वाली खुदाई की सीमा दिखायी जाती है, चाहे वह विकास के लिए हो या पिल्लरों को पूरी तरह उखाड़ने के लिए हो। पिछले 20 वर्ष के मेरे अनुभव में, मैंने विनियम 127(3) का उपयोग किया है और उन में हमेशा यह दिखाया जाता है कि किसी सीमा तक नई खुदाई की जाएगी और उसी सीमा के अन्तर्गत, उपयुक्त विनियम के उपबन्धों के अनुपालन में, जैसा कि प्रदर्श 13 के अन्तिम पैराग्राफ में उल्लिखित किया गया है, अन्य विनियमों के उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए खदान का विस्तार करना होता है । इस मामले में विनियम 99 लागू होता है। प्रस्तावित वेंटीलेशन कनैक्शन उसी स्तर पर बनाया जा रहा था जिस पर अन्य सुरंगें, अर्थात् फुटवाल और हैंगवाल, सुरंगें बनाई गई थी, और यह किसी भी तरह पुरानी जलमग्न खदान के नजदीक नहीं पहुंच रहा था । इस क्षेत्र को हैंगवाल की सुरंग द्वारा तथा उस जगह से आगे फुटवाल द्वारा पहले ही परीक्षित किया गया था । इस लिए व्यक्तिगत रूप से मेरे विचार में इन परिस्थितियों में विनियम 127(3) के अधीन कोई नया आवेदन-पत्र आवश्यक नहीं था ।"

119. श्री ओहरी द्वारा इस्तेमाल किए गए इन शब्दों "प्रस्तावित वेंटीलेशन कनैक्शन उसी स्तर पर बनाया जा रहा था जिस पर अन्य सुरंगें, अर्थात् हैंगवाल और फुटवाल सुरंगें, बनाई गई थीं तथा यह किसी भी तरह पुराने जलमग्न खदान के पास नहीं पहुंच रही थी" का तात्पर्य यह धारणा देना था, मैं यह मानता हूं कि हैंगवाल सुरंग और फुटवाल सुरंग पहले ही पुरानी जलमग्न खदान के 60 मीटर की सीमा के अन्दर थीं और हैंगवाल सुरंग तथा फुटवाल सुरंग को जोड़ने के लिए न्यू वेंटीलेशन कनैक्शन, पुराने जलमग्न खदान के 60 मीटर के अन्दर एक गैलरी थी, और इस लिए, यह ऐसी गैलरी नहीं थी जो जलमग्न खदान की ओर पहुंचती । मैं नहीं समझता कि यह व्याख्या स्वीकार्य है । श्री ओहरी ने अपने ब्यान में (जो ऊपर उद्धृत किया गया है) यह भी बताया है कि विनियम 127 में यह अपेक्षा की गई है कि पुरानी खदान की हद दिखानी होगी जिन खदानों का विस्तार किया जाना वे भी दिखाई जानी है और सामान्यतः नई-नई खोदी जाने वाली खदानों की हद, उस प्लान् में दर्शानी होगी जो विनियम 127(4) के अधीन प्रस्तुत किया जाना है। विनियम 127(4) में विशिष्ट शब्दों में यह अपेक्षा की गई है कि उप-विनियम 3 के अधीन स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र के साथ प्लान और सैक्शन की दो प्रतियां अवश्य ही प्रस्तुत की जानी चाहियें, जिसमें यह दर्शाया जाए (क) 1 अप्रयुक्त तथा परित्यक्त खदान का खाका जिनके नजदीक नई खदानें पहुंच रही हैं और –(ख) कोई अन्य ऐसी सूचना भी अवश्य दी जानी चाहिए जो उक्त खदान के संबंध में उपलब्ध हो । स्पष्टतः श्री जे० एन० ओहरी का मत है कि ऐसी नई खदानों का खनन जो अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान के 60 मीटर की दूरी के अन्दर बनाई जानी है, प्रस्तुत किए जाने वाले प्लान में दिया जाना आवश्यक नहीं है और इस लिए श्री ओहरी ने बताया कि जिन खदानों का विस्तार किया जाना है, वे प्लान में अवश्य दिखाई जानी चाहिएं और नई खदानों की हद सामान्यतः प्लान में दर्शायी जाती है ।

120. विनियम 127(4) की व्याख्या के इस मामले के संबंध में 'इस्को' के भूतपूर्व मुख्य खनन इंजीनियर, श्री बी० एल० वर्मा से पूछा गया कि क्या उप-विनियम 3 के अधीन प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन-

पत्र और प्लान में ऐसी प्रस्तावित नई खदानें दिखायी जानी चाहिए या नहीं जो परित्यक्त खदानों (जिन में पानी या कोई अन्य तरल पदार्थ है) से 60 मीटर के अन्दर खोदी जाती हैं और उन्होंने जवाब दिया है कि विनियम 127 की उप विनियम स्पष्ट रूप से यह नहीं बताता कि प्रस्तावित खदानों का खाका आवेदन-पत्र के साथ संलग्न प्लान में दिखाया जाना चाहिए यह मामला श्री एल० बी० घोष के सामने भी रखा गया, जिन्होंने तत्कालीन मुख्य निरीक्षक के रूप में 1971 की स्वीकृति दी थी। श्री घोष से पूछा गया कि क्या विनियम 127(4) के अधीन प्रस्तुत किए जाने वाले प्लान में प्रस्तावित खदानों का दर्शाना आवश्यक था या नहीं और उनका जवाब था कि ऐसा अपेक्षित नहीं था, परन्तु एक परम्परा के रूप में "कुछ" था और हमेशा जब कभी इस प्रकार का आवेदन-पत्र प्राप्त होता था, तब योजना का ब्यौरा हमेशा मांगा जाता था और दिया जाता था तथा उस की जांच की जाती थी"। तथापि, मेरा यह विचार है कि विनियम 127(4) की यह व्याख्या स्वीकार नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि विनियम 127(4) में यह निहित है कि विनियम 127(3) के अधीन स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए गए वाले प्लान में प्रस्तावित नई खदानें भी दिखाई जानी चाहिएं। मैं और आगे कहने तथा यह विचार प्रस्तुत करने के लिए तैयार हूं कि विनियम 127(4) इस संबंध में स्पष्ट है, हालांकि यह अपेक्षा उन्हीं शब्दों में उल्लिखित नहीं की गई है जैसे कि यह विनियम 126(3) में उल्लिखित है। मेरे विचार में "इस प्रकार की अप्रयुक्त और परित्यक्त खदानों का खाता जिनके नजदीक नई खदानें पहुंच रही हैं" शब्दों का आशय प्रस्तावित खदानों के सम्बन्ध में अप्रयुक्त या परित्यक्त खदानों से होना चाहिए अन्यथा विनियम (5) की अपेक्षायें समझी नहीं जाएंगी।

121. विनियम 127 की विभिन्न अन्य जटिलताओं पर हमारे समक्ष तर्क दिए गए हैं और मैं कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 127 में निम्नलिखित संशोधनों का सुझाव देता हूं :

(क) यदि केन्द्रीय सरकार का यह विचार है कि मुख्य निरीक्षक को विनियम 127 में निर्धारित की गई अपेक्षाओं में से किसी अपेक्षा को परिवर्तित, संशोधित और समाप्त करने का अधिकार है या उसको इस प्रकार के अधिकार दिए जाएं, तो उसे ऐसे अधिकार देने के लिए विशिष्ट शब्दों में एक नया उप विनियम समाविष्ट किया जाए।

(ख) यदि केन्द्रीय सरकार का यह विचार हो कि विनियम 127(3) के पहले पैराग्राफ में लिखे गए शब्द, अर्थात् "ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह उस में विनिर्दिष्ट करें" कि मुख्य निरीक्षक को विनियम 127 के किसी भी उपबन्ध की अपेक्षाओं को परिवर्तित, संशोधित या समाप्त करने का अधिकार नहीं देते या अधिकार देने के अभिप्राय के लिए नहीं हैं तो उस उप-विनियम में ही उपयुक्त शब्द जोड़कर मामले को स्पष्ट कर दिया जाए। (चाहे किसी भी तरह इस मामले में निर्णय किया जाए, मुख्य निरीक्षक की शक्तियों के सम्बन्ध में विनियम 126 या कहीं और पाए जाने वाले इसी प्रकार के शब्दों के बारे में भी विचार करना पड़ेगा)। मेरा अपना, विचार है कि यह स्पष्ट किया जाए कि विनियम 127 की अपेक्षायें अनिवार्य है।

(ग) विनियम 127(3) के परन्तुक में संशोधन किया जाए ताकि इस में यह बात शामिल की जाए कि इसी प्रकार की कार्रवाई किसी अप्रयुक्त या परित्यक्त खदान के 60 मीटर की सीमा में की जाएगी।

(घ) विनियम 127(4) में संशोधन किया जाना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट रूप से अपेक्षित हो कि उसमें निर्दिष्ट प्लान में प्रस्तावित नई खदानों का, जिनके लिए अनुमति मांगी जा रही है, खाका और आवश्यक ब्यौरा भी आवश्यक शामिल किया जाना चाहिए। (इससे यह सुनिश्चित होगा कि मुख्य निरीक्षक के पास मामले को पुनः भेजे बिना स्वीकृत प्लान में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी)।

(ङ) विनियम 127(5) के अन्तिम वाक्य में निर्दिष्ट अपेक्षाओं को देखते हुए, विनियम 127 के उपबन्धों में ऐसे आशय का उपबंध होना चाहिए कि जिस मामले में उप-विनियम (5) लागू होता हो उसमें बनाई गई गैलरियों और बोर होलार्स के माप का लिखित में रिकार्ड सक्षम व्यक्तियों द्वारा, रखा जाना चाहिए, जिसके पर्यवेक्षाधीन उप-विनियम (5) द्वारा परिकल्पित पूर्वोपाय किए जाते हैं ;

(च) विनियम 127(6) संशोधित किया जाना चाहिए ताकि उस में यह व्यवस्था कि जाए कि विनियम 127(3) के परन्तुक के अनुसार ऐसी खदानों (इस बात पर ध्यान दिए बिना कि वे अप्रयुक्त या परित्यक्त खदानों के समीप पहुंच रही है या नहीं) में, जहां भारी मात्रा में पानी के रिसने का पता चले, काम बन्द कर दिया जाना चाहिए और मुख्य निरीक्षक की अनुमति प्राप्त करने के बाद उनमें कार्य पुनः प्रारंभ किया जाना चाहिये।

122. अगला प्रश्न जिस पर विचार किया जाना है वह यह होगा कि क्या फुटवाल सुरंग को प्रबन्धकों द्वारा आरोपित किए गए कारणों से बन्द किया गया था या उसके बन्द किये जाने के अवश्य ही कोई और कारण होंगे।

नवम्बर, 1975 में फुटवाल सुरंग को बन्द करने के असली कारण क्या हो सकते थे—साक्ष्य

123. फुटवाल सुरंग के कार्य को निर्दिष्ट दूरी के केवल आधे तक करने के बाद बन्द करने के लिए प्रबन्धकों द्वारा दिए गए कारणों पर मैं पहले चर्चा कर चुका हूं और यह भी स्पष्ट कर चुका हूं कि मैंने उसे वास्तविक कारण क्यों नहीं माना है। नवम्बर 1975, में फुटवाल सुरंग को बन्द करने का वास्तविक कारण क्या हो सकता था, इस प्रश्न को सुलझाने के लिए इस जांच में अनेक अदालती गवाहों से पूछताछ की गई, परन्तु इन गवाहों के संकल्पित व्यवहार के कारण ये प्रयास असफल रहे। इस लिए केवल शक ही रह गया है। मुझे इन में से कुछ व्यक्तियों के साक्ष्य के संबंध में गहराई से विचार करना पड़ेगा और उन पर अपनी टिप्पणियां देनी पड़ेगी।

124. फुटवाल सुरंग को बन्द करने के संभावी कारणों का पता लगाने के लिए प्रारंभिक जांच पक्षकार सं० 8 की ओर से श्री एस० पी० गंगुली द्वारा श्री दीपक सरकार के जिरह से शुरू हुई। उन से पूछा गया कि क्या उन्होंने सांविधिक जांच के दौरान 5-1-1976 को श्री ए० बी० सिंह को दिए गए बयान में श्री सिंह को बताया था कि पुरानी जलमग्न खदानों से सं० 1 हारिजन की पूर्वी भाग वाली खदानों को खतरे की आशंका थी, विशेष कर सं० 4 इन्कलाइन की सुरंग से, और श्री सरकार का उत्तर यह था कि उन्होंने इस सम्बन्ध में कुछ सामान्य ब्यान दिए थे, परन्तु उन्हें यह याद नहीं कि क्या उन्होंने यह विशिष्ट ब्यान दिया था, जिस के बारे में उन से पूछा जा रहा था। जिस तारीख को श्री सरकार की श्री ए० बी० सिंह द्वारा जांच की गई वह तारीख अर्थात् 5-1-1976, बड़ी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हारिजन सं० 1 से 19-1-1976 तक पानी नहीं निकाला गया था, जिस के बाद ही इस वास्तविक स्थिति के बारे में पता चला कि पुरानी और नई खदानें किस ढंग से जुड़ी थी इस लिए 5-1-1976 को, जब कि स्थिति बिल्कुल स्पष्ट नहीं थी, श्री ए० बी० सिंह श्री दीपक सरकार के इस विशेष ब्यान को रिकार्ड नहीं कर सकते थे, जो कि उन्होंने एक *सामान्य ब्यान* को बाद के ऐसे विशिष्ट महत्वपूर्ण शब्दों में परिवर्तित कर दिया। श्री दीपक सरकार ने बाद में इस जांच में बताया है कि 4 इन्कलाइन प्लेन से किसी खतरे की कोई आशंका नहीं थी। वास्तव में, ऐसा लगता है कि जांच के दौरान प्रबन्धकों ने भी यही रवैया

अपनाया, हालांकि यह दुर्घटना के तत्काल बाद कोयला खान के अनेक कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए चित्र से बिलकुल भिन्न है।

गवाहों द्वारा अपने पहले बयानों से मुकर जाना

125. वास्तव में ऐसा लगता है कि उनका रवैया सांविधिक जांच में दिए गए अपने बयान से मुकर जाने का रहा है। यह घटना 27-12-1975 को गहरी खान में आई बाढ़ के विषय में किसी विशिष्ट कारण के पता चलने से बहुत पहले घटी। यह रवैया इस जांच में प्रबन्धकों की ओर से सब से पहले गवाह, अर्थात् श्री दीपक सरकार, की जांच से आरंभ हुआ और यह तब तक जारी रहा जब कि न्यायालय अन्त में अदालती गवाह की जांच कर रहा था।

126. मैं सात व्यक्तियों की गवाही का उल्लेख कर रहा हूं जिन्होंने अदालती गवाहों के रूप में बयान दिए ये व्यक्ति हैं:—

(1) फिरंगी प्रसाद (सी डब्ल्यू 13),
(2) जे० खान (सी डब्ल्यू 15),
(3) काशी लाल थापा (सी डब्ल्यू 11),
(4) प्रेम मंडल, (सी डब्ल्यू 5),
(5) सुधीर मंडल (सी डब्ल्यू 8),
(6) लखन मांझी (सी डब्ल्यू 6) और
(7) लगन मांझी (सी डब्ल्यू 07)।

127. सांविधिक जांच में, श्री फिरंगी प्रसाद की पूछताछ 30-12-1975 को श्री एस० एन० ठाकर द्वारा की गई और श्री जे० खान की पूछताछ 29-12-1975 और 30-12-1975 को श्री ठाकर द्वारा पूछताछ की गई (हम यहां मुख्यतया केवल इस बात से सम्बंधित हैं जोकि श्री जे० खान को 30 तारीख को श्री ठाकर को बतानी चाहिए थी)। श्री के० एल० थापा से 31-12-1975 को श्री ए० बी० सिंह द्वारा पूछताछ की गई और श्री प्रेम मण्डल से श्री एस० सी० बता द्वारा 1-1-1976 को पूछताछ की गई। उसी दिन, अर्थात् 1-1-1976 को श्री सुधीर मण्डल से श्री ए० बी० सिंह द्वारा पूछताछ की गई। 2-1-1976 को श्री लखन मांझी से श्री बता द्वारा पूछताछ की गई कि और श्री लगन मांझी से 3-1-1976 को श्री बता द्वारा पूछताछ की गई थी। हमने इन व्यक्तियों को, इनके द्वारा सांविधिक जांच में दिए गए बयानों के अध्ययन के बाद इन्हें अदालती गवाही के रूप में बुलाया था, और हमें यह उमीद थी कि उन से तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने में कुछ सहायता मिलेगी जिस से दुर्घटना के कारण का सुराग मिल सकेगा। ये सभी बयान रिकार्ड में हैं, जो खान सुरक्षा विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रमाणित किए गए हैं।

128. श्री फिरंगी प्रसाद, कोयला खान में ड्रिलर थे और जांचाधीन दुर्घटना के तत्काल पहले, वे बाक्सिंग वर्क के लिए हारिजन सं० 1 के वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में एल० सी० ई० पेनल में काम कर रहे थे। ऐसा बताया गया है कि 30-12-1975 को श्री फिरंगी प्रसाद ने निम्नलिखित बयान दिए हैं:—

> "फुटवाल ड्राइव में भी एक एडवांस होल था जिस से कुछ प्रेशर से पानी निकल रहा था और इस से कुछ लाल-लाल पानी निकल रहा था। प्रेशर काफी ज्यादा नहीं था। उपर्युक्त बोरिंग (एडवांस बोर होल) बरसात/अर्थात् अगस्त/सितम्बर के दौरान किया गया था और उस समय से इस से पानी निकल रहा था और यह दुर्घटना से तुरन्त पहले भी था। इस का मतलब यह हुआ कि अगस्त/सितम्बर से फुटवाल ड्राइव बिलकुल आगे नहीं बढ़ी। उपर्युक्त 'होल' सीधा 'फेस' में था और 'फेस' के एडवांस की दिशा में किया गया था। 'फ्लैक्स' में भी अन्य होल थे, पर इन से अधिक पानी नहीं आ रहा था। मैं उपर्युक्त किसी भी होल की लम्बाई के बारे में नहीं जानता।"

ऐसा प्रतीत होता है कि श्री फिरंगी प्रसाद ने इस बयान पर अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए हैं। जांच न्यायालय के समक्ष श्री फिरंगी प्रसाद अपने पिछले बयान से मुकर गए और उन्होंने कहा कि बयान उन को हिन्दी में पढ़ कर नहीं सुनाए गए और स्पष्ट नहीं किए गए थे (हालांकि रिकार्ड में इस प्रकार का एक अनुलेख है जिस पर श्री ठाकर ने हस्ताक्षर किए हैं) और यह कि यद्यपि उन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे, परन्तु यह याद नहीं कि उन्होंने हिन्दी में हस्ताक्षर किए थे या अंग्रेजी में। जब गवाह को रिकार्ड किए गए बयान पर उसके हस्ताक्षर दिखाए गए, तब उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए थे और स्वयं अंग्रेजी में तारीख भी दी थी, परन्तु उन्होंने कहा कि उस समय दूसरा पृष्ठ खाली था। श्री एस० एम० ठाकर द्वारा सर्वाधिक जांच में गवाहों के बयानों को रिकार्ड करने की परिस्थितियों के बारे में दिए गए साक्ष्य को देखते हुए, मुझे यह समझना हो पड़ेगा कि श्री फिरंगी ने हमारे सामने सच्चाई नहीं बताई। जांच न्यायालय में श्री फिरंगी प्रसाद से यह पूछा गया कि क्या उन्होंने फुटवाल गैलरी में एडवांस होल से पानी निकालते देखा था और उन का जवाब न में था। उन से पूछा गया कि क्या उन्होंने इस प्रकार का कोई बयान खान सुरक्षा विभाग के किसी अधिकारी के समक्ष दिया था और उन का उत्तर न में था। इन सभी मामलों में स्पष्टतः श्री फिरंगी प्रसाद सही तथ्यों को छिपाने की कोशिश कर रहा था, क्योंकि श्री ठाकर 30-12-1975 को ऐसे बयान नहीं गढ़ सकते थे जो बाद में महत्वपूर्ण हो गए। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि श्री फिरंगी प्रसाद शपथ खाकर इस न्यायालय के समक्ष झूठ बोल रहा था।

129. श्री जे० खान कोलियरी में माइनिंग सरदार थे और दुर्घटना से पहले वाले सप्ताह में एल० सी० ई० पेनल में, वेस्ट साइड में पहले हारिजन में काम कर रहे थे। सांविधिक जांच में उन के रिकार्ड किए गए बयान में, ऐसा लगता है उन्होंने इस प्रकार कहा था:—

> "लगभग एक सप्ताह पहले, कुछ खनिक ईस्ट साइड से मेरे एल० सी० ई० पेनल में आए थे। वे बता रहे थे कि ईस्ट साइड में पानी का खतरा था। कुछ नाम मुझे याद हैं, वे थे, खलील अबीर और दो या 3 अन्य व्यक्ति। ठाकुरी बोरी दोबेई बोरी किंकर बोरी जापान बोरी और कुछ अन्य व्यक्ति भी थे जिन के नाम अब मुझे याद नहीं हैं।

कुर्मी मेहती, विवेका सिंह, सनातन मांझी, ड्रिफटर थे जो सामान्यतः ईस्ट साईड में नियोजित किए जाते थे और वे पूरे विवरण बताने की अधिक अच्छी स्थिति में होंगे। जो कुछ मुझे ज्ञात है, वह यह है कि पहले वेंटिलेशन कनैक्शन में पानी की कठिनाई थी, परन्तु इस सम्बन्ध में ब्यौरा ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में नियोजित अन्य व्यक्तियों से मालूम होगा। रिकार्ड के अनुसार, यह बयान श्री जे० खान को पढ़कर सुनाया गया था और हिन्दी में स्पष्ट कर दिया गया था और रिकार्ड से यह प्रतीत होता है कि श्री जे० खान ने अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए थे। परन्तु श्री खान ने इस न्यायालय के सामने यह बताया है कि श्री ठाकर द्वारा रिकार्ड किया गया उनका बयान हस्ताक्षर करने से पहले उन्हें पढ़कर नहीं सुनाया गया था। श्री खान अपने पिछले बयान से भी मुकर गए और उन्होंने कहा कि ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में वेंटिलेशन कनैक्शन में पानी की किसी कठिनाई का उन्हें कोई ज्ञान नहीं था। यह खेद की बात है कि माइनिंग सरदार की तरह का एक महत्वपूर्ण सांविधिक अधिकारी अपने पिछले बयान पर टिके रहने को तैयार नहीं था, जो कि दुर्घटना के तुरन्त बाद दिया गया था। मुझे विश्वास हो गया है कि श्री जे० खान ने शपथ खाकर इस न्यायालय के समक्ष झूठ बोला है, क्योंकि श्री ठाकर ऐसे बयान नहीं गढ़ सकता था जो कि श्री खान ने 30-12-1975 को दिए थे।

130. श्री काशी लाल थापा (सी डब्ल्यू 11) कोलियरी में एक ड्रिफटर था और श्री ए० बी० सिंह द्वारा लिया गया उनका बयान रिकार्ड में

है, जिस में उन के हिन्दी में हस्ताक्षर हैं और बताया जाता है कि उन्होंने 31-12-1975 को निम्नलिखित बयान दिया था :—

"फुटवाल कनैक्शन गैलरी में पिछले लगभग 6 माह से काम नहीं हो रहा था। लगभग 6 माह पहले फुटवाल कनैक्शन गैलरी में भी तीन होल बनाए गए थे जो पचास पचास फुट लम्बे थे। फुटवाल कनैक्शन गैलरी के होलों से पानी का कोई असाधारण प्रवाह नहीं देखा गया। कम ऊंचाई के कारण लोडर हैंगवाल ड्राइव में काम करने को तैयार नहीं थे और उसे बन्द कर दिया गया और उसे कनैक्शन गैलरी के साथ जोड़ने का निर्णय किया गया। फुटवाल सुरंग से गर्म पानी निकला करता था। हम वहां अपने हाथ और पांव धोने जाते थे। जिस मशीन का हम ड्रिलिंग के लिए उपयोग करते हैं, उसका उपयोग पहले चट्टानों में 60' से 70' तक के छेद बनाने के लिए किया जाता था और यह 100' तक लम्बे छेद बना सकती है। हमने तीन सप्ताह पहले वेंटिलेशन कनैक्शन गैलरी में पचास-पचास फुट लम्बे तीन छेद बनाए थे।"

वह भी अपने पिछले बयान से मुकर गया है और न्यायालय में उसने कहा कि उसने खान सुरक्षा विभाग के किसी अधिकारी को यह नहीं बताया था कि फुटवाल गैलरी में गर्म पानी नीचे आता था। मुझे विश्वास है कि श्री काशी लाल थापा ने भी शपथ खा कर न्यायालय को असत्य बयान दिए क्योंकि श्री ए० बी० सिंह 30-12-1975 को इस प्रकार के बयान की कल्पना नहीं कर सकते थे।

131. श्री प्रेम मंडल (सी डब्ल्यू 6) एक जनरल मजदूर था, और उसने 26-12-1975 की दूसरी पारी में हैंगवाल गैलरी में भार्चों को टेक देने के लिए टिम्बर मिस्त्री के सहायक के रूप में काम किया था। बताया जाता है कि उन्होंने 1-1-1976 को श्री एस० सी० बत्रा को निम्नलिखित बयान दिए हैं :—

वेंटिलेशन कनेक्शन में अधिक पानी टपक रहा था लोडर हैंगवाल सुरंग तथा वेंटिलेशन कनेक्शन में काम कर रहे थे। फुटवाल सुरंग में कोई काम नहीं किया जा रहा था। फुटवाल सुरंग में कार्य लगभग दो माह पहले श्री चटर्जी, सहायक प्रबन्धक द्वारा बंद करा दिया गया था। फेस में एक छेद किया गया था जिससे पानी बहता था और लगभग 2½ फुट की दूरी पर गिरता था। पानी स्वच्छ और गर्म था। मैं जानता हूं कि वह पानी गर्म था, क्योंकि हम उस पानी से अपने हाथ धोया करते थे। फुटवाल सुरंग में हैंगवाल सुरंग की अपेक्षा अधिक पानी टपकता था। टपकता हुआ पानी स्वच्छ और शीतल होता था। मुझे ठीक ठीक पता नहीं है कि फुटवाल सुरंग क्यों बन्द की गई थी, परन्तु शायद एक बोर होल से पानी आया करता था इस लिए इसे बन्द किया गया था। मैं समझता हूं कि यह छेद 5 फुट लम्बा था। मैं इस की लम्बाई नहीं जानता क्योंकि इस छेद को मैंने ड्रिल नहीं किया था।"

श्री प्रेम मंडल ने रिकार्ड किए गए बयान पर अपने हस्ताक्षर को स्वीकार किया, परन्तु इस बात से इनकार किया कि श्री बत्रा द्वारा रिकार्ड किया गया यह विशेष बयान उन्होंने दिया है। मुझे यह स्पष्ट लग रहा है कि श्री प्रेम मंडल ने न्यायालय के सामने शपथ लेकर भी झूठ बोला।

132. श्री सुधीर मंडल (सी डब्ल्यू 8) वर्ष 1975 के अन्त में कोलियरी में ड्रिलर के रूप में कार्य कर रहे थे। श्री ए० बी० सिंह ने 1-1-1976 को उनके बयान रिकार्ड किए। यह बताया जाता है कि उस समय उन्होंने निम्नलिखित बयान दिए हैं :—

"मैं चसनाला कोलियरी में पिछले 6 वर्षों से ड्रिलर के रूप में कार्य कर रहा हूं। पूर्वी ओर के पहले हारिजन में, मैं पिछले तीन महीनों से काम कर रहा हूं। मेरे ईस्ट साइड में जाने से पहले फुटवाल सुरंग में कार्य बन्द कर दिया गया था। हैंगवाल सुरंग और कनेक्शन में कार्य किया जा रहा था। पिछले तीन महीनों के दौरान हैंगवाल सुरंग और कनेक्शन गैलरी एक-एक सौ फीट आगे बढ़ी। हैंगवाल सुरंग और कनेक्शन गैलरी दोनों में काफी मात्रा में गर्म पानी टपकता रहता था......"

जांच न्यायालय के समक्ष दिए गए अपने बयान में श्री मंडल ने बताया कि दिसम्बर, 1975 के अन्त में उन्होंने पहले हारिजन की पूर्वी ओर काम नहीं किया था। उन्होंने इस बात से बिल्कुल इनकार किया कि खान सुरक्षा विभाग के किसी अधिकारी ने 27-12-1975 के तुरन्त बाद उन का कोई बयान रिकार्ड किया है। उन्होंने तो यहां तक बताया कि उन्हें किसी ने एक किसी कागज पर अपने अंगूठे का निशान लगाने को कहा था जिस पर कुछ लिखा हुआ था और पिटाई की धमकी पर उन्होंने उस दस्तावेज पर अपने अंगूठे का निशान लगा दिया था। श्री मंडल के बयान के यह भाग अवश्य ही अविश्वसनीय हैं। इस में कोई शक नहीं है कि सांविधिक जांच के दौरान उन्होंने एक बयान दिया था जो श्री ए० बी० सिंह द्वारा रिकार्ड किया गया था और यह स्पष्ट है कि श्री सुधीर मंडल ने शपथ खा कर भी असत्य बोला था।

133. श्री लखन मांझी (सी० डब्ल्यू 6) ने 26-12-1975 की रात्रि की पारी में हारिजन सं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में हैंगवाल गैलरी में गहरी खान में लोडर के रूप में काम किया था। बताया जाता है कि 2-1-1976 को उन्होंने श्री एस० सी० बत्रा के सामने निम्नलिखित बयान दिया है :

"पूर्वी ओर दो मुखों पर काम किया जा रहा था, एक हैंगवाल में और दूसरा इस गैलरी के दायें कोण में। मैंने दोनों खान मुखों में काम किया............" मैंने फुटवाल सुरंग में लगभग एक महीने पहले ड्रेसर के रूप में कार्य किया था। इस गैलरी में, हैंगवाल और वेंटिलेशन "कनेक्शन की अपेक्षा अधिक पानी टपक रहा था फेस पर एक बोर होल था जिससे पानी खूब बहता था। यह लगभग 1 फुट या 1½ फुट की दूरी पर गिरा करता था। यह पानी स्वच्छ था और न तो गर्म था और न ठंडा।"

इस जांच न्यायालय में, श्री मांझी ने स्वीकार किया कि उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के एक अधिकारी के समक्ष बयान दिया था, जो इन की उपस्थिति में रिकार्ड किया गया था परन्तु उन्होंने आगे यह कहा कि अधिकारी ने बयान उन को पढ़कर नहीं सुनाया था और न ही उसे हिन्दी में स्पष्ट किया था। श्री लखन मांझी के अनुसार, उन्होंने रिकार्ड किए गए बयान पर अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए थे और उन्होंने उस दस्तावेज पर किए गए अपने हस्ताक्षर को स्वीकार किया। श्री मांझी ने न्यायालय के सामने आगे यह कहा कि उन्होंने अधिकारी को यह नहीं बताया था कि दुर्घटना की तारीख से लगभग एक माह पहले उन्होंने फुटवाल सुरंग में काम किया था। न्यायालय के समक्ष दिए गए श्री मांझी के इस बयान के अनुसार उन्होंने वैस्ट डिस्ट्रिक्ट की एक फुटवाल में काम किया था न कि ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में तथा यह कि वैस्ट डिस्ट्रिक्ट में फुटवाल फेस से कुछ पानी टपकता रहता था। हमारे समक्ष दिए गए श्री लखन मांझी के साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि वह भी जानबूझ कर 2-1-1976 को श्री बत्रा द्वारा रिकार्ड किए गए अपने बयान से मुकर गए हैं और उन्होंने हलफ खा कर इस न्यायालय के समक्ष झूठ बोला है।

134. श्री लगन मांझी (सी डब्ल्यू 7) ने 26-12-1975 को दूसरी पारी में गहरी खान में ड्रेसर के रूप में काम किया था। यह बताया गया है कि 3-1-1976 को उन्होंने श्री एस० सी० बत्रा के समक्ष निम्नलिखित बयान दिए :—

"........मैं क्रास कनेक्शन के पास गया था। वहां हैंगवाल से अधिक पानी टपक रहा था। फेस के समीप अधिक पानी टपक रहा था। फुटवाल सुरंग चार माह से अधिक समय से बन्द थी और मैं वहां नहीं गया। हैंगवाल गैलरी और क्रास कनेक्शन को फेस से लगभग 10 फीट की दूरी तक भार्चों से अवलम्ब दिया गया था।"

तथापि जांच न्यायालय में श्री लग्न मांझी ने इस बात से बिल्कुल इनकार किया कि वह 26-12-1975 की रात को क्रास कनेक्शन में गए थे। उन्होंने बताया है कि उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के एक अधिकारी के समक्ष बयान दिया था जो कि उनकी उपस्थिति में रिकार्ड किया गया था, परन्तु यह बयान उन्हें पढ़ कर तथा हिन्दी में स्पष्ट कर के नहीं बताया गया था। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने किसी क्रास कनेक्शन के सम्बन्ध में कोई बयान दिया था। इस न्यायालय के समक्ष उन्होंने यहां तक कहा है कि 26-12-1975 से पहले उन्हें यह भी पता नहीं था कि प्रथम हारिजन के पूर्वी भाग की ओर कोई फुटवाल सुरंग थी। उन्होंने बताया कि उन्हें केवल हैंगवाल गैलरी का ही पता था। मुझे इस सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं है कि श्री लगन मांझी ने भी हलफ के बावजूद सच नहीं बोला।

135. यह खेद की बात है कि जब कि इन अदालती गवाहों के 375 सहकर्मियों, सहयोगियों और अधिकारियों का जांचाधीन दुर्घटना में दुःखद अन्त हुआ, चसनाला कोलियरी के इन कर्मचारियों ने इस न्यायालय के समक्ष वास्तविक तथ्यों को जाहिर करना ठीक नहीं समझा। परन्तु खान अधिनियम के अधीन सांविधिक जांच के दौरान इन व्यक्तियों के पिछले बयान हलफ लेकर नहीं दिए गए थे और चूंकि ये बयान उन व्यक्तियों के समक्ष नहीं दिए गए जो कि उन से प्रभावित होते हैं और इसलिए मैं इन अदालती गवाहों के पिछले बयानों में दिए गए तथ्यों को वास्तविक नहीं मान सकता। इस विषय पर मेरी जो धारणा हो सकती है वह यह है कि उपर्युक्त निर्दिष्ट सातों व्यक्ति, सच्चाई की कोई कदर नहीं करते और वे इस न्यायालय की सहायता करने सम्बन्धी अपने कर्तव्य का पालन करने में असफल रहे हैं।

136. इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस, इंडियन नेशनल माईन वर्कर्स फेडरेशन और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (पक्षकार सं० 2) की ओर से श्री फरचन्द पासवान नामक एक गवाह से न्यायालय द्वारा पूछताछ की गई थी, जिससे वह यह दिखाना चाहते थे कि दिसम्बर, 1975 अन्त में वेंटिलेशन कनेक्शन में असामान्य और भारी मात्रा में पानी का सामना करना पड़ा था। श्री पासवान चसनाला कोलियरी में ड्रिलर थे और उस समय हारिजन सं० 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में काम करते थे। उन्होंने हमारे सामने बताया है कि 26 दिसम्बर, 1975 से दो दिन पहले, जब कि ड्रिलर, जिनमें वह स्वयं भी शामिल थे, वेंटिलेशन कनेक्शन फेस में सुराख कर रहे थे, तो उन्हें एक सुराख के, जो लगभग 4 फी० लम्बा था पिछले भाग से एक धक्का महसूस किया और इस धक्के की शक्ति इतनी अधिक थी कि ड्रिलर वास्तव में उसकी शक्ति से पीछे धकेल दिए गए। जब बर्मा इस छेद से बाहर निकाला गया तो इस वेग से पानी बाहर आया था और फेस से लगभग 18 इंच की दूरी पर गिरा था। सांविधिक जांच के दौरान श्री पासवान की भी पहले 30-12-1975 को श्री ठाकर द्वारा जांच की गई थी और उनको रिकार्ड किया गया बयान भी हमारे पास है। पक्षकार सं० 1 (प्रबन्धक) के विद्वान वकील ने श्री पासवान से जिरह की थी और इस मामले के कई पहलुओं के सम्बन्ध में उसके पिछले बयान उस के सामने रखे गए। ऐसा लगता है कि श्री पासवान का पिछला बयान वेंटीलेशन कनेक्शन में पानी आने के सम्बन्ध में हमारे समक्ष दिए गए उनके अत्यन्त दृढ़ बयान की पुष्टि नहीं करता। श्री ठाकर के समक्ष श्री पासवान ने निम्नलिखित बयान दिया था :—

> "हैंगवाल और वेंटीलेशन कनक्शन ड्राइवेस में जो छेद हमने किए उनसे कुछ पानी निकला जो असामान्य बात नहीं थी। सम्पूर्ण ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में मैंने पानी का असामान्य प्रवाह नहीं देखा जो भी पानी दीखा, यह डिस्ट्रिक्ट के लिए सामान्य बात थी।"

आगे ऐसा लगता है कि श्री ठाकुर के समक्ष बयान देते समय, श्री पासवान ने वेंटीलेशन कनेक्शन फेस में छेद करते समय पानी के किसी धक्के को महसूस करने के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नहीं किया था। मेरे विचार में, इन कारणों से, हमारे समक्ष दिए गए श्री पासवान के बयान को स्वीकार करना ठीक नहीं होगा।

137. अब अदालती गवाहों के रूप में परीक्षित किए गए दो और व्यक्तियों के साक्ष्य का हवाला देना आवश्यक होगा, ताकि यह दिखाया जा सके कि किस प्रकार उन्होंने भी जानबूझ कर न्यायालय की जांच में सहायता करने से इन्कार किया है। वे हैं, श्री एच० के० मुखोपाध्याय, जिन्होंने 27-12-1975 से पहले सप्ताह में गहरी खान में फर्स्ट हारिजन में शिफ्ट ओवरमैन के रूप में काम किया था, और श्री यू० के० खान जो गहरी खान के फर्स्ट हारिजन में सहायक प्रबन्धक थे और दिसम्बर 1975 के अन्त में पहली शिफ्ट में काम कर रहे थे। श्री मुखोपाध्याय ऐसे अदालती गवाहों में से एक थे जिनकी यह जानने के प्रयास में जांच की गई थी कि 1975 में अनुसरण किए जाने वाले बोर होल पैटर्न का स्वरूप क्या था। सांविधिक जांच के दौरान उन की 29-12-1975 और 30-12-1975 को श्री एस० एन० ठाकर द्वारा जांच की गई थी और उस समय रिकार्ड किया गया बयान इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। हालांकि इस में श्री एस० एन० ठाकर का पृष्ठांकन मौजूद है कि जो 29-12-1975 को रिकार्ड किया गया था बयान श्री मुखोपाध्याय को पढ़कर सुनाया गया तथा हिन्दी में स्पष्ट किया गया लेकिन श्री मुखोपाध्याय ने इस न्यायालय में बताया है कि 29-12-1975 को रिकार्ड किया गया बयान, श्री ठाकर ने उन को पढ़कर नहीं सुनाया तथा हिन्दी में स्पष्ट कर के नहीं बताया। उन्होंने बताया है कि उन के बयान रिकार्ड किए जाने के बाद, उन्हें इस पर हस्ताक्षर करने को कहा गया और उन्होंने उस पर हस्ताक्षर कर दिए। 30-12-1975 को रिकार्ड किए गए बयान के सम्बन्ध में श्री मुखोपाध्याय ने बताया है कि उन्होंने उस बयान पर हस्ताक्षर किए थे परन्तु उसे पढ़ा नहीं था। श्री मुखोपाध्याय ने 26-12-1975 को फर्स्ट हारिजन के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में तीसरी पारी में काम किया था। उस समय ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग सहित, वेंटिलेशन कनेक्शन में कुछ काम किया गया था। श्री मुखोपाध्याय की इस न्यायालय में लम्बे बोर होल्स किए जाने के प्रश्न के सम्बन्ध में विशिष्ट रूप से जांच की गई थी और उस सम्बन्ध में बताया जाता है कि उन्होंने श्री ठाकर के समक्ष 30-12-1975 को निम्नलिखित बयान दिया :—

> "इसी प्रकार का एक 10'—12' का बोर होल फर्स्ट वेंटीलेशन कनेक्शन में बताया गया था और कायम रखा गया था और इसी प्रकार का एक और होल बनाया गया था जो ऊपर की ओर मुड़ा था। चूंकि मुझे ये होल पहले ही अपनी 26-12-1975 की पारी में मौजूद मिले, मैंने इन को नहीं बनवाया था।"

138. तथापि, न्यायालय में श्री मुखोपाध्याय ने इस बात से इन्कार किया कि उन्होंने यह बयान श्री ठाकर को दिया, श्री मुखोपाध्याय ने इस बात से भी इन्कार किया कि हैंगवाल और फुटवाल गैलरीज में किए गए बोर जोफस के स्वरूप के सम्बन्ध में दिनांक 30-12-1975 के रिकार्ड किए गए बयानों में से कई सम्बंधित बयान उन्होंने दिए थे। मुझे यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि श्री एच० के० मुखोपाध्याय, खनन सिरदार, ने हलफ खा कर काफी असत्य बोला था और उस से कोई सहायता उपलब्ध नहीं थी। वरिष्ठ खनन अधिकारी के इस आचरण की अवश्य ही कड़े शब्दों में निन्दा की जानी चाहिए।

139. एक और अदालती गवाह, श्री उमाकान्त खां (सी० डब्ल्यू० 16) द्वारा दिए गए साक्ष्य पर भी विशेष विचार करना अपेक्षित है। 27-12-1975 को, वे फर्स्ट हारिजन (पहली पारी) के प्रभारी सहायक प्रबन्धक थे परन्तु उस तारीख को वह कोलियरी से दूर धनसार स्थित खान बचाव केन्द्र (माइन्स रेस्कुयु संटर) में पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्राप्त करने गए हुए थे। जांचाधीन दुर्घटना के तुरन्त बाद तीन अवसरों पर उन की जांच की गई थी, 31-12-1975 को श्री एस० एन० ठाकुर द्वारा, 4-1-1976 को श्री एस० सी० बक्षा द्वारा और अन्त में 9-1-1976 को श्री ए० बी० सिंह द्वारा उन के सारे ब्यान रिकार्ड किए गए थे। वास्तव में श्री खान ने 4-1-1976 को दो अलग बयान दिए थे, जो श्री बक्षा ने अलग-अलग रिकार्ड किए थे। श्री ठाकुर ने इस न्यायालय में बताया है कि उनके द्वारा रिकार्ड किया गया श्री यू० के० खान का मूल बयान खो गया था और यह कि वह श्री खान के बयान की एक सत्यापित प्रति प्रस्तुत कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में मुझे श्री

ठाकर के साक्ष्य पर कोई शक नहीं है न ही उसके लिए कोई कारण हैं। श्री खान के बयान की इस प्रति में उल्लेख किया गया है कि उन्होंने रिकार्ड किए गए विवरण को पढ़ा था और इसे सही पाया और यह दर्शाती है कि उन्होंने इस पर अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए थे। परन्तु हमारे सामने श्री खान ने बयान दिया है कि यद्यपि उन्होंने 31-12-1975 को श्री ठाकुर के समक्ष बयान दिया था, जो कि उन की अनुपस्थिति में रिकार्ड किया गया था, उन्होंने बयान को पढ़े बिना उस पर हस्ताक्षर किए थे। उसके बाद श्री खान ने हमारे समक्ष पेश किए गए दस्तावेज में दर्शाए गए उन के कुछ बयानों के सम्बन्ध में कहा कि वे उन्होंने नहीं दिए थे ;

ये वे बयान थे जो उन्होंने श्री ठाकर के समक्ष दिए थे। उन्होंने बिना पढ़े बयान पर हस्ताक्षर कर दिए थे। 4-1-1976 को दूसरी बार श्री बत्रा द्वारा रिकार्ड किए गए बयान के सम्बन्ध में, श्री खान का ध्यान उस बात की ओर आकर्षित किया गया जो कि उन्होंने हैंगवाल सुरंग में तीन बोर होल्स की इन्किजनेशन के बारे में श्री बत्रा को बताया था तथा श्री खान ने बयान दिया कि श्री बत्रा द्वारा रिकार्ड किया गया बयान या तो गलत रिकार्ड किया गया था या वे इस मामले को उन्हें स्पष्ट रूप से बता नहीं सके। दिनांक 4-1-1976 के इस रिकार्ड किए गए बयान पर भी श्री यू० के० खान के अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं और श्री खान ने इस मामले को स्वीकार किया है। तथापि, उन्होंने कहा है कि हस्ताक्षर करने से पहले उन्होंने बयान को पढ़ा नहीं था। मुझे यह विचार प्रकट करने में कोई झिझक नहीं है कि 31-12-1975 और 4-1-1976 को श्री खान द्वारा दिए गए बयान क्रमश श्री एस० ठाकर और श्री एस० सी० बत्रा द्वारा उचित ढंग से रिकार्ड किए गए थे तथा श्री खान ने रिकार्ड किए गए अपने बयान पर, उसमें लिखे विषय वस्तु को जानने के बाद, हस्ताक्षर किए थे। इसलिए उनके द्वारा हमारे समक्ष दिए गए बयान जहां कहीं उनके पिछले बयानों से भिन्न हैं असत्य हैं इस प्रकार के अत्यन्त जिम्मेदार अधिकारी के ऐसे आचारण की जिसने फर्स्ट हारीजन के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में 26-12-75 तक काम किया था, भी अवश्य ही स्पष्ट शब्दों में निन्दा की जानी चाहिए।

श्री यू० के० खान की पदोन्नति

140. इसके बाद दिए गए कारणों से हमें यह यह जान कर आश्चर्य हुआ कि श्री यू० के० खान ने नवम्बर, 1974 में सहायक प्रबन्धक के रूप में चसनाला कोलियरी में सेवा आरम्भ की थी। उन्होंने बताया है कि चसनाला कोलियरी में कार्यारम्भ करने से पहले वे जीतपुर कोलियरी में ओवरमैन के रूप में कार्य कर रहे थे तथा यह कि वह उस कोलियरी में 18-3-1973 को ओवरमैन थे, जबकि वहां एक विस्फोट हुआ था। उस विस्फोट के संबंध में खान अधिनियम के अधीन एक जांच न्यायालय गठित किया गया था और जांच श्री आर० सी० दत्त द्वारा की गई थी। श्री आर० सी० दत्त ने अपनी दिनांक 4-5-1973 की जांच की रिपोर्ट में श्री यू० के० खान के सम्बन्ध में निम्न प्रकार बताया है:--

"दूसरी पारी में जब विस्फोट हुआ उस समय भूमि के नीचे जो पार्यवेक्षी कार्मिक थे उनमें से केवल तीन व्यक्ति बचे उनमें से, श्री भट्टाचार्य वैस्टर्न साइड में एम/टी पेनल में काम कर रहे थे, जो कि विस्फोट के घटनास्थल से दूर था। अन्य दो व्यक्ति श्री यू० के० खान, ओवरमैन और सुदर्शन सिंह माइनिंग सरदार थे। दुर्भाग्यवश शेष व्यक्ति दुर्घटना में मर गए। इस्को के प्रबन्धकों ने इस तथ्य की ओर विशेष ध्यान दिलाया कि इन अनुभवी पर्यवेक्षकों ने दूसरी पारी में गैस के बारे में रिपोर्ट नहीं दी थी। इसलिए, उन्होने यह तर्क दिया कि गैस नहीं थी और इस तर्क का इस्तेमाल प्रबन्धकों के इस मत के समर्थन में किया कि रूफ के गिरने के फलस्वरुप अचानक बड़ी मात्रा में गैस आ गयी जो कारण मैंने दिए हैं, उन कारणों से मैंने पहले ही यह निर्णय दिया है कि यह मत अस्वीकार्य है, और गैस के जमा होने के वैकल्पिक सिद्धान्त का समर्थन करता हूं। इसलिए मैं श्री यू० के० खान के इस बयान को स्वीकार नहीं कर सकता कि उसे कोई गैस नहीं मिली। मैं यह मानता हूं कि न उन्होंने और न ही श्री सुदर्शन सिंह ने समीक्षाधीन जगहों की गैस के लिए जांच की थी। वे इन्टेक गेट पर बैठ कर ही संतुष्ट थे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास ही नहीं किया, जो कि उनका कर्तव्य था, कि धीरे धीरे गैस जमा होने से श्रमिकों की जान खतरे में न पड़े। इसलिए वे अपना उत्तरदायित्व निभाने में असफल रहे और इस कारण से उन्हें अवश्य ही दोष के योग्य माना जाना चाहिए।"

* * *

"अधीनस्थ पर्यवेक्षी अधिकारियों में से, श्री यू० के० खान और श्री सुदर्शन सिंह अपनी घोर असफलता के कारण सीधे उत्तरदायी हैं, श्री खान ओवरमैन हैं और रैंक में श्री सुदर्शन सिंह से अधिक वरिष्ठ हैं, इसलिए उन्हें इस दोष के लिए श्री सुदर्शन सिंह से अधिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। सहायक प्रबन्धक के रुप में श्री पांडे का सामान्य और विशिष्ट उत्तरदायित्व हैं जिससे वे बच नहीं सकते। इसलिए मैं उनका नाम श्री खान और श्री सिंह के तुरन्त बाद रखता हूं, श्री के० सी० मिस्त्री और श्री कुन्डु का भी इस उत्तरदायित्व में अपना हिस्सा है, परन्तु सदोषता के क्रम में मैं उनको इकठे पर सबसे नीचे रखता हूं।

141. 4-5-1973 को की गई इन आलोचनाओं को देखते हुए, हमने श्री यू० के० खान से पूछा कि नवम्बर, 1974 में जीतपुर कोलियरी से चसनाला कोलियरी में किस ने उनका तबादला किया था। उनका उत्तर पूर्णतः नीचे उद्धृत किया गया है:--

"जब मैंने द्वितीय श्रेणी खान प्रबन्धक दक्षता परीक्षा पास कर ली तो उसके बाद, चसनाला कोलियरी में मेरे तबादले से तुरन्त पहले मैं सहायक प्रबन्धक के रूप में नियुक्त किया गया था और उसके बाद मुझे चसनाला कोलियरी में सहायक प्रबन्धक के रूप में सेवा आरंभ करने के लिये स्थानान्तरण आदेश प्राप्त हुए थे और यह आदेश मुझे श्री जे० एन० ओहरी द्वारा भेजा गया था जो उस समय मुख्य कार्यपालक (कोयला खानें) थे। उस समय मैं ओवरमैन से पदोन्नति की सामान्य प्रक्रिया में द्वितीय श्रेणी सहायक प्रबन्धक के रूप में पदोन्नति किया गया था। मेरे द्वारा द्वितीय श्रेणी खान प्रबन्धक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद प्रबन्धकों ने द्वितीय श्रेणी सहायक प्रबन्धक के रूप में पदोन्नति के लिए मेरी पात्रता पर विचार किया और सभी औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद श्री जे०एन० ओहरी ने मुझे सूचित किया कि मुझे पदोन्नति के योग्य समझा गया है तथा मैंने चसनाला कोलियरी में द्वितीय श्रेणी सहायक प्रबन्धक के रूप में सेवा आरम्भ करनी है। पदोन्नति बोर्ड जिससे अन्यों के साथ मेरी इण्टरव्यू ली, के सदस्य श्री आर० के० प्रसाद, श्री एस० के० बनर्जी श्री दीपक सरकार और श्री एन० सेन थे।

142. यह आश्चर्य की बात है कि मई, 1973 में श्री खान को उनके विरुद्ध टिपणियां दिए जाने के बाद चसनाला कोलियरी में कैसे सहायक प्रबन्धक के रूप में प्रभारी बनाया गया था। यह हो सकता है कि पदोन्नति बोर्ड ने उनकी पदोन्नति की सिफारिश की हो, परन्तु सहायक प्रबन्धक के रूप में उनकी चसनाला कोलियरी में नियुक्ति के सम्बन्ध में श्री ओहरी को अपनी स्वीकृति नहीं देनी चाहिए थी। वास्तव में श्री खान को चसनाला कोलियरी में और जिम्मेवारी के पद पर नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति उन्हें पहले जीतपुर कोलियरी जो कि उसी मालिक की थी, में अपने उत्तरदायित्व को निभाने में असफल होने के दोष के बावजूद दी गई थी।

श्री अजीत कुमार मुखर्जी का उपलब्ध न होना :

143. इससे पहले कि हम फुटवाल गैलरी को बन्द करने के कारण के बारे में अपने साक्ष्य का उल्लेख करें एक और बात यहां संक्षिप्त में बता दी जाए। यह श्री अजीत कुमार मुखर्जी की जांच करने के लिए न्यायालय के प्रयास से सम्बन्धित है। श्री मुकर्जी जांचाधीन दुर्घटना की

तारीख को चासनाला कोलियरी में जनरल मजदूर के रूप में नियोजित थे। उनकी कानूनी जांच के दौरान जांच की गई थी और हमने यह सोचा कि दुर्घटना का कारण जानने में वे न्यायालय के लिए सहायक सिद्ध होंगे परन्तु हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद श्री अजीत कुमार मुकर्जी जांच किए जाने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। इस जांच के समय श्री अजीत कुमार मुकर्जी जीतपुर कोलियरी में नियोजित थे, जो कि उसी प्रबंधतंत्र की थी, और श्री अजीत कुमार मुकर्जी का पता लगाने के लिए, जिनके बारे में बताया गया था कि बीमारी के कारण कहीं गए हुए थे, हमने इस कोलियरी के प्रबन्धक, श्री स्वदेश पाल मेहरा से पूछताछ की। हमारे समक्ष पेश होने के लिए श्री मुकर्जी को सम्मन जारी किए गए थे परन्तु सम्मन तामिल नहीं हो सके क्योंकि उनके ठीक ठिकाने का पता नहीं लगाया जा सका था हालांकि वह कम्पनी की नौकरी में थे। धनबाद के पब्लिक प्रोसिक्यूटर श्री जे० बी० लाला ने पुलिस के माध्यम से यह पता लगाने के लिए भरसक प्रयास किए कि श्री मुकर्जी कहां मिल सकते हैं परन्तु सारे प्रयास असफल रहे। स्पष्टतः जब श्री मुकर्जी को हमारे समक्ष बयान देने पड़े तो वह गायब ही हो गए। हम जांच में और असाधारण विलम्ब किए बिना, इस मामले में और आगे कोई कार्रवाई नहीं कर सकते थे। तथापि, हमें आशा है कि इस्को के उच्चाधिकारी इस बात का पता लगाने की कोशिश करेंगे कि क्यों और कैसे श्री अजीत कुमार मुकर्जी अदालती गवाह के रूप में जांचे जाने के लिए उपलब्ध नहीं हुये।

फुटवाल सुरंग को बन्द करने के आशंकित कारण

144. हमारे कहने पर जांचे गए अदालती गवाहों से इस बात का कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि क्यों फुटवाल सुरंग मंजूर की गई लम्बाई से आधे पर ही बन्द कर दी गई थी। परन्तु एक दृढ़ आशंका पैदा होती है कि ऐसा फुटवाल गैलरी में लम्बे बोर होल्स से पानी के रिसने या सवेग अत्यधिक आने के कारण था। यह मानना संभव नहीं है कि इस गैलरी के पुरानी खदान के इन्क्लाइन सं० 4 के पानी से भरे विस्तरण में जाने के बावजूद जिससे दोनों गैलरियों के बीच केवल 5 से 6 फीट का विभाजन रह गया, फुटवाल गैलरी के आने वाले पानी की मात्रा में कोई वृद्धि नहीं हुई।

दुर्घटना के तात्कालिक कारण

145. यद्यपि, नवम्बर, 1975 में फुटवाल सुरंग को बन्द करने के सम्बन्ध में हमें सुलझे हुए और निश्चित कारण उपलब्ध कराए गए हैं, एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि उसके बाद वेंटीलेशन कनेक्शन बनाया गया था, जो ऐसी जगह स्थित था जो विनियम 127 के अधीन दी गई स्वीकृति के अनुसार नहीं था। इसमें कोई शक नहीं है कि प्रश्नाधीन दुर्घटना केवल इसी कारण से हुई है कि ईस्ट चिमनी अपरोस से वेंटिलेशन कनेक्शन केवल लगभग 90 से 100 फुट की दूरी पर खोला गया था, न कि 200 फुट पर, जिस दूरी पर यह स्वीकृत किया गया था और यदि यह गैलरी एक अनुचित गैलरी थी, तो दुर्घटना का उत्तरदायित्व अवश्य ही उस व्यक्ति पर होना चाहिए, जिसने इस मामले पर निर्णय लिया था। इस वेंटिलेशन कनेक्शन को खोलने के लिए यदि कानून के अधीन कोई आपत्ति नहीं होती, जैसा कि मामला प्रबन्धकों की ओर से प्रस्तुत किया गया है, तो गैलरी खोलने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति दुर्घटना के लिए उत्तरदायी नहीं हो सकते बशर्ते, कि उन्हें 'के' लेवल की 40 फुट की इन्क्लाइन लम्बाई के नीचे सं० 4 इन्क्लाइन की लम्बाई का ज्ञान न हो तथापि यदि विनियमों के विपरीत वेंटिलेशन कनैक्शन खोला गया था तो ये व्यक्ति उत्तरदायी होंगे, भले ही उन्हें 'के' स्तर के नीचे इन्क्लाइन सं० 4 की सीमा का पता नहीं था।

सुराख का तात्कालिक कारण

146. पक्षकार सं० 1 (प्रबन्धक तंत्र) द्वारा दायर किए गए पूरक लिखित बयान में यह दर्शाने का प्रयत्न किया गया है कि उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन वेंटीलेशन कनैक्शन (नए खदान की) और विस्तार की गई इन्क्लाइन सं० 4 (पुरानी जलमग्न खदान की) के बीच किस प्रकार मेल हुआ होगा। पैराग्राफ 3 में इस प्रकार बताया गया है :

> "वेंटीलेशन कनैक्शन गैलरी की छत के ठीक ऊपर एक लुप्त हुए सिल के मौजूद होने का पता चला है और इससे पंचर पाइंट के आस पास की भूमि कमजोर हो गई। जिस पाइंट से कोयला खिसका था दरार के तल का झुकाव परिवर्तित हो गया है जो परतों के बीच किसी कमजोर सामग्री की विद्यमानता प्रदर्शित करता है और खिसकने के समय झटके को दर्शाता है इस स्थान पर दोनों किनारे जिग जैग ढंग से टूट गए हैं जिससे शीयरिंग से टूट फूट का संकेत मिलता है। खान मुख जो विस्फोटन के बाद अनाच्छादित हुआ, तथा दुर्घटना से प्रभावित गैलरी के बीच लगभग 5.5 मीटर का विभाजन पाया गया। भौमिकीय बाधा की विद्यमानता सिलकन साइडस्, रूप के ऊपर बाहरी सामग्री, तल के साथ ढीले ज्वान्टस ने संयुक्त रूप से, तीव्रता से तथा साथ साथ काम किया जिससे बिल्कुल अन्त (ब्लाइन्ड एण्ड) में 118 मीटर पानी के शीर्ष दबाव के कारण 5.5 मीटर कोयला की मोटाई टूट गई। यह भाग शिला खण्डों के रूप में नीचे खिसक गया और उनमें से कुछ खण्ड बालू गैलरी के निचले भाग में अभी भी दिखाई देते हैं इस स्थल के निरीक्षण से इसकी विशिष्टता, विभिन्न ढांचे तथा किस प्रकार कोयला टूटा और नीचे गिरा, ये सब बातें पता लगेंगी। उस विशेष स्थान में सीमा की संरचना जो कमजोर ज्वाइन्टस के कारण एक कमजोर तल है, कोयले की सीमा की तल में समविन्यास में अनाच्छादित हो गया।"

इसमें कोई शक नहीं कि वेंटीलेशन कनेक्शन उत्तर की ओर एक डाइक के माध्यम से आगे बढ़ा और इसमें भी कोई शक नहीं है कि विस्तारित की गई इन्क्लाइन सं० 4 के तल के पास एक सिल मिली थी, परन्तु यह निष्कर्ष निकालना कठिन है कि 27-12-1975 को बढ़ाई गई इन्क्लाइन सं० 4 की तह और वेंटीलेशन कनैक्शन की छत के बीच का विभाजन किसी मानवीय शक्ति की कार्रवाई के बिना नीचे गिर गया था डाइक की विद्यमानता और मोटाई जिसमें वैन्टिलेशन कनैक्शन बन चुका था और विस्तारित इन्क्लाइन सं० 4 के स्थान के साथ साथ चल रही सिल, जोकि भारतीय खान स्कूल द्वारा तैयार किया गया एक माडल है, साफ और स्पष्ट चित्रण करती है। जैसा कि उसके फोटोग्राफ से पता चल सकेगा स्कूल द्वारा तैयार किया गया यह माडल और अन्य माडल जांच के दौरान न्यायालय और पक्षकारों के लिये बहुत उपयोगी सिद्ध हुए, क्योंकि ये खाचानों और ग्राइवेजों के कुछ जटिल सेटों के तीन विमितीय पहलुओं को स्पष्ट करते हैं। श्री जी० एस० मरवा प्रोफेसर के तारीख 30-1-1976 की निरीक्षण टिप्पणी के अनुसार डाइक लगभग 80-100 से० मी० मोटा था और सिल 10-20 से० मी० मोटा था। इस टिप्पणी में श्री मरवाह ने उल्लेख किया था कि वेन्टिलेशन क्रास आउट के सामने अनेक शाट होल साकेट दिखाई दे सकते थे। वास्तव में, उन्होंने ये बात मुझे अपने निरीक्षण के दौरान भी बताई थी। अतः यह अनुमान लगाना उचित होगा कि दुर्घटना होने से थोडी देर पहले वेन्टिलेशन कनैक्शन के सामने कुछ विस्फोट किया गया था और इसी विस्फोट के कारण बीच में आने वाले कोयले का ब्लाक 400 फुट की ऊंचाई वाले पानी के दबाव से टूट पड़ा, जिसके परिणाम स्वरूप पुरानी खदानों की विस्तारित इन्क्लाइन नं० 4 और वेन्टिलेशन कनैक्शन गैलरी के बीच एक कनेक्शन बन गया।

वेन्टिलेशन कनेक्शन ड्राइवेज--क्या नया स्थान उचित था

147 मैं अब इस मामले पर विचार करना चाहता हूं कि मुख्य निरीक्षक की लिखित अनुमति के बिना, जहां इस वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था की गई, क्या उसके लिए विनियमन 127 बाधक था। मैं यह मामला उसी क्रम में उठाता हूं जिसमें प्रबन्धकों की ओर से गवाहों ने, जिनसे पूछ ताछ की गई, बयान दिए है और फिर मैं श्री ओहरी

द्वारा दी गई गवाही पर विचार करूंगा, जिनसे भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ की ओर से पूछ ताछ की गई थी (पार्टी संख्या 14)।

148. प्रबन्धकों की ओर से प्रथम गवाह श्री दीपक सरकार से, पूछ ताछ के दौरान यह पूछा गया कि यह वेन्टिलेशन कनेक्शन मूल योजनानुसार प्रारम्भ क्यों नहीं किया गया और उसका उत्तर यह था :

हम इसे मूल अनुमत ड्राइवेज के अनुसार कर सकते थे परन्तु फुटवाल की ड्राइविंग में अनुभव की गई कठिनाईयों के कारण इस वेन्टिलेशन कनेक्शन की व्यवस्था की गई और यह भी योजना के अनुमत क्षेत्र के अन्दर है और खम्भों का आकार विनियम के अनुरूप है"

श्री दीपक सरकार के इस कथन को स्पष्ट किया जाना चाहिए था और इस तरह एक न्यायालय प्रश्न उठ खड़ा हुआ ?

"आपने अपनी जिरह में 'अनुमत क्षेत्र' अभिव्यक्ति का प्रयोग किया है"

आपका इस अभिव्यक्ति से क्या अभिप्राय है ? उत्तर यह था कि चूंकि प्रबन्धकों ने वेन्टिलेशन कनैक्शन के लिए फुटवाल गैलरी को 200 फुट तक ड्राइव करने के लिए, जैसा कि योजना (प्रदर्श डी० 1), में दिखाया गया है, अनुमति प्राप्त कर ली थी, इस लिए नये वेन्टिलेशन कनैक्शन को 200 फुट की दूरी के अन्दर कहीं भी ड्राइव किया जा सकता था।

149. श्री रामानुज भट्टाचार्य, प्रबन्धक जिससे तदनन्तर पूछ ताछ की गई, ने भी नये वेन्टिलेशन की व्यवस्था कनैक्शन करने के लिये समान तर्क दिया है। श्री भट्टाचार्य से यह पूछा गया कि वेन्टिलेशन कनेक्शन को 1975 में दी गई अनुमति के अनुसार नहीं बनाया गया। श्री भट्टाचार्य का उत्तर था कि चूंकि ड्राइवेज के लिए अनुमति पहले से ही प्राप्त की जा चुकी थी, इस लिए प्रबन्धक अनुमत क्षेत्र में ही कार्य कर रहे थे।

150. प्रबन्धक के बाद श्री एस० के० बनर्जी, एजेन्ट, से पूछताछ की गई। 1975 में प्रस्तुत की गई योजना के संबंध में उन्होंने "60 मीटर के अन्दर जलाक्रान्त क्षेत्र के अन्तर्गत संख्या I हारिजन ईस्ट साइड वर्किंगस का स्वीकृत क्षेत्र" अभिव्यक्ति का प्रयोग किया था और उनसे इस अभिव्यक्ति की व्याख्या करने को कहा गया। उनका उत्तर था कि उनका अभिप्राय 200 फुट × 90 फुट के ड्राइवेज से था।

151. श्री एस० के० बनर्जी के तत्काल बाद श्री आनन्द प्रसाद, सुरक्षा अधिकारी से पूछताछ की गई और उन्होंने यह बयान दिया कि वेन्टिलेशन कनैक्शन, जिसके संबंध में हम जिक्र कर रहे हैं, 1975 में दी गई अनुमति के अन्तर्गत आता है। वास्तव में, प्रबन्धकों की ओर से इन चार गवाहों के अनुसार, जिनसे पूछताछ की गई, वेन्टिलेशन कनैक्शन, जिसकी व्यवस्था पूर्वी चिमनी एप्रोच से 90 से 100 फुट की दूरी पर की गई थी, 1975 में प्रदान की गई अनुमति के अन्तर्गत आता है। मेरा विचार यह है कि यह निष्कर्ष अस्वीकार्य है। 29-9-1975 को दी गई स्वीकृति में प्लान नं० 75/4 का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है और कोई अन्य गैलरी, जिसको प्लान में नहीं दिखाया गया है, प्रदान की गई स्वीकृति के अन्तर्गत आती कहा जा सकता है।

152. इस संबंध में श्री जे० एन० ओहरी द्वारा दिया गया औचित्य कुछ हद तक भिन्न है और इसमें पुनरावृत्ति होगी। उनके अनुसार नया वेन्टिलेशन कनैक्शन विनियम 127 (3) के उपबन्धों के बावजूद बनाया जा सकता था, क्योंकि इसको उसी लेवल पर ड्राइव किया जा रहा था जिस लेवल पर फुटवाल और हैंगवाल गैलरियों को किया गया था और यह पुराने जलाक्रान्त खदानों के किसी तरह निकट नहीं था। मैंने विनियम 127 की व्याख्या के संबंध में श्री ओहरी के बयान पर विचार किया है और यहां और कुछ कहना आवश्यक नहीं है, सिवाय यह कहना कि मुख्य निरीक्षक की राय लिए बिना वेन्टीलेशन कनैक्शन चालू करने के संबंध में श्री ओहरी द्वारा दिया गया औचित्य मुझे वैध मालूम नहीं पड़ता। मेरा निष्कर्ष यह है कि वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के संबंध में हमारे सामने दी गई सभी गवाहियां अनुचित कार्यवाही के समर्थन में दी गई हैं।

153. प्रबन्धकों का यह भी विचार है कि श्री एस० सी० बत्रा, खान सुरक्षा उप निदेशक को 15-12-1975 को अपने निरीक्षण के दौरान यह पता चला था कि वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था पूर्णतः प्लान (प्रदर्श डी०/1) के अनुसार नहीं की गई थी और उन्होंने इस पर कोई आपत्ति नहीं उठाई थी। श्री बत्रा ने इस बात का खण्डन किया है। उनके अनुसार, उनको इस दिन प्लान (प्रदर्श डी०/1) नहीं दिखाया गया था। मुझे यह प्रतीत होता है कि किसी वजह से जिस पर पहले ही काफी विस्तार से विचार विमर्श किया जा चुका है फुटवाल ड्राइवेज को पूर्वी चिमनी एप्रोच से लगभग 90 फुट की लम्बाई तक ड्राइव करने के बाद चालू नहीं किया जा सका और हैंगवाल ड्राइवेज तथा फुटवाल गैलरी को जोड़ने के लिए वेन्टिलेशन कनक्शन को अनाधिकृत स्थान पर चालू किया गया।

वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के लिए चासनाला के अधिकारियों का दायित्व

154. चूंकि इसमें जरा भी शक नहीं है कि वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था मुख्य निरीक्षक की आवश्यक लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना, अनुचित ढंग से की गई थी, इसलिए कम्पनी के अधिकारियों का दायित्व निर्धारित करना पड़ेगा। संगठनात्मक चार्ट का संगत भाग प्रदर्श सी० सी० में से पहले दिया गया है। रिकार्ड पर ऐसा कोई मैटिरियल नहीं है जिससे यह पता लगे कि फुटवाल ड्राइवेज और वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के लिए, बर्नपुर में तैनात महाप्रबन्धक (मैटिरियल) को कुछ लिखा गया था और/या उनसे अनुमति प्राप्त की गई थी। हमारे सामने श्री ओहरी की गवाही के अनुसार, बर्नपुर में तैनात मुख्य खनन इंजीनियर, श्री बी० एल० वर्मा के 1-1-1974 से अपना कार्यालय छोड़ देने के पश्चात्, ए० बी० एम०, श्री एस० सी० लाल को महाप्रबन्धक (मैटिरियल) के रूप में नियुक्त किया गया था और वह कोयलाखान प्रतिष्ठान के प्रशासी प्रधान बन गए थे। तथापि, जहां तक खनन सलाहकार की तकनीकी ड्यूटियों का संबंध है, कार्य को चासनाला के अधिकारियों के बीच वितरित किया गया। इसलिए, वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी केवल इन्हीं अधिकारियों की होनी चाहिए।

155. फुटवाल ड्राइवेज की सम्पूर्ण योजना चासनाला में बनाई गई थी और मूल स्वीकृत योजना में फेर-बदल का निर्णय वहीं किया गया तथा इससे लागू किया गया, जब कि 27-12-1975 को दुर्घटना हुई। इसलिए इसकी जिम्मेवारी चासनाला के सभी या ऐसे अधिकारियों पर पड़नी चाहिए जिन्होंने परिवर्तित योजना बनाई और उसको लागू किया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। जैसा कि ऊपर बताया गया है, इन मामलों से संबंधित व्यक्ति ये थे :—

(1) श्री जे० एन० ओहरी, मुख्य कार्यपालक (कोयला-खानें);

(2) श्री एस० के० बनर्जी, क्षेत्रीय प्रबन्धक, चासनाला कोयला खानें (खान अधिनियम के अधीन नियुक्त एजेंट);

(3) श्री दीपक सरकार, जो उस समय खान अधिनियम के अधीन ग्रुप सुरक्षा अधिकारी और योजना अधिकारी (खनन) तथा एजेंट (योजना) थे; और

(4) श्री रामानुज भट्टाचार्य, प्रबन्धक चासनाला कोयला खानें और अब उनकी अपनी-अपनी जिम्मेवारियों पर विचार किया जाना चाहिए।

156. मुख्य कार्यपालक (कोयला खानें), ग्रुप सुरक्षा अधिकारी और योजना अधिकारी (खनन) के पद खान अधिनियम के अधीन सांविधिक पद नहीं हैं, इसलिए इन पदों पर कार्य कर रहे अधिकारियों की ड्यूटियों और जिम्मेवारी का पता हमारे सामने प्रस्तुत की गई सामग्रियों से लगाया जाएगा।

मुख्य कार्यपालक (कोयला खानें)

संगठनात्मक चार्ट (प्रदर्श ग ग) के अनुसार, मुख्य कार्यपालक (कोयला खानें), श्री ओहरी के अधीन 17 विभागीय प्रमुख थे। श्री ओहरी ने हमारे सामने बताया है कि उनकी ड्यूटियां और जिम्मेवारियां मुख्यतः निम्नलिखित के बारे में हैं :—(1) नीति निर्णय देना, (2) तकनीकी सलाह देना, (3) प्रशासकीय कार्मिकों तथा अन्य संबंधित मामलों के संबंध में मार्गदर्शन देना और (4) संघों से संबंधित कार्य जहां तक केन्द्रीय संगठनों का संबंध है या जब उनके केन्द्रीय कार्यालयों द्वारा मामले उठाए गए।

प्रबन्धकों (पार्टी संख्या 1) की ओर से दी गई "सामान्य सूचना और कोयला खान का इतिहास" में, मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के संबंध में निम्नलिखित कहा गया है :

"खान विभाग में लोहा अयस्क और कोयला खानें शामिल हैं। ये दोनों खानें मुख्य कार्यपालक के अधीन हैं। चासनाला में तैनात मुख्य कार्यपालक (कोयला खानें) बिहार और पश्चिम बंगाल में कम्पनी की कोयला खान के कार्यों की सफलता और कल्याण के लिए महाप्रबन्धक (मैटिरियल) के माध्यम से उच्च प्रबन्ध वर्ग के प्रति उत्तरदायी है। वह यह सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेवार है कि कोयला पर्याप्त मात्रा में निकाला और धोया जाए। वह बर्नपुर में स्थित इस्पात संयंत्र को अनुकूलतम लागत पर कोयला उपलब्ध कराने के लिये भी जिम्मेवार है।"

यह मामला कम्पनी के अनुदेश तारीख 21 मई, 1973 में भी पाया गया है, जिसको प्रदर्श बी बी के रूप में रिकार्ड में लाया गया है।

157. श्री जे॰ एन॰ ओहरी ने हमारे सामने कहा है कि मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) का पद 21-5-1973 को सृजित किया गया था और वह इस पद पर, कुछ अन्य सांविधिक जिम्मेवारियों सहित, 20-8-1974 तक कार्य कर रहे थे। 21-8-1974 से, श्री ओहरी केवल मुख्य कार्यकारी (कोयला खान) के पद पर कार्य कर रहे थे जिसका खान अधिनियम या इससे संबंधित विधान, जैसे रोपवेज अधिनियम और कारखाना अधिनियम के अधीन कोई विशेष स्टेटस नहीं था।

158. संगठनात्मक ढांचे के अन्तर्गत मुख्य कार्यपालक (के सामग्री) के अधीक्षण तथा नियंत्रण का अधिकार प्रदर्श 15 सीरीज के रूप में हमारे सामने लाए गए कागजात के एक सेट में दिया गया है। इस संबंध में नोट करने योग्य प्रथम दस्तावेज, अधिकारियों को दिए गए अनुदेशों का एक सेट है। ये अनुदेश श्री ओहरी द्वारा मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के रूप में 24-4-1974 को दिए गए थे (प्रदर्श 15/9)। चासनाला में यह अनुदेश श्री आर॰ बी॰ चालोराज, योजना अधिकारी (इंजीनियरी), श्री के॰ एल॰ लूथरा, चासनाला कोयला खान के तत्कालीन एजेंट और दीपक सरकार, चासनाला के योजना अधिकारी (खनन) और ग्रुप सुरक्षा अधिकारी को भेजा गया था। उस समय श्री एस॰ के॰ बनर्जी चासनाला कोयला खान से संबंधित नहीं थे। वह जीतपुर कोयला खान के एजेन्ट थे। उन्होंने जुलाई, 1974 में चासनाला कोयला खान में वरिष्ठ प्रबन्धक के रूप में स्थानान्तरित किया गया था और बाद में एजेंट के रूप में नामांकित किया गया था। इन पदों पर मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) का जो नियंत्रण था वह प्रदर्श 15/9 से मालूम किया जा सकता है, जोकि इस प्रकार है :—

जहां तक, चासनाला कोयला खान के एजेंट का सम्बन्ध है, ये अनुदेश दिए गये :—

"यदि इन अनुदेशों में परिभाषित आपके दायित्वों की परिधि में आने वाले किसी मामले में आप अपने दायित्वों को समुचित ढंग से निभाने के लिए अनिवार्य कार्यवाही नहीं करवा सकते तब आपका यह कर्तव्य है कि आप इस मामले को मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के ध्यान में लाएं और तत्पश्चात् इस मामले में उनके अनुदेशानुसार कार्यवाही करें।"

ग्रुप सुरक्षा अधिकारी के संबंध में अनुदेश इस प्रकार हैं :—

"जहां तक खान अधिनियम और कोयला खान विनियमन के अधीन सुरक्षा अधिकारी के दायित्व का संबंध है, आप भी इस संबंध में हुये उल्लंघन के लिये समान रूप से जिम्मेवार होंगे। अतः आप नेमी निरीक्षण करेंगे और किसी कोयला खान में अपनाई जाने वाली खतरनाक और असुरक्षित प्रथा की रिपोर्ट उस कोयला खान के प्रबन्धक और एजेंट तथा मुख्य कार्यपालक कोयला खान को देंगे"।

अनुदेश में यह भी कहा गया था कि :—

"आप भूमिगत खदानों और सर्फेस इंस्टालेशन में जाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि खान अधिनियम और कोयला खान विनियमों तथा अन्य खनन कानूनों के अधीन निर्धारित विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं और खान विभाग द्वारा प्रदान की गई अनुज्ञाओं का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इस संबंध में उल्लंघन की सूचना आपके द्वारा तत्काल कोयला खान प्रबन्धक या एजेंट के ध्यान में लाई जानी चाहिए और उस उल्लंघन के निवारण के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशानुसार आप को उनकी सहायता करनी चाहिए। आपका सभी प्रमुख उल्लंघनों को मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के ध्यान में भी लाना चाहिए।"

योजना अधिकारी (खनन) के संबंध में अनुदेश निम्नानुसार हैं :—

"यदि इन अनुदेशों में परिभाषित आपके दायित्वों की परिधि में आने वाले किसी मामले में आप अपने दायित्वों को समुचित ढंग से निभाने के लिए अनिवार्य कार्यवाही नहीं करवा सकते तब आपका यह कर्तव्य है कि आप इस मामले को मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के ध्यान में लाएं और तत्पश्चात् इस मामले में उनके अनुदेशानुसार कार्यवाही करें।"

159. इस प्रकार यह स्पष्ट है कि इन अनुदेशों के अनुसार जोकि 1-12-1975 को लागू हो गए थे, मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) के एजेंट, चासनाला कोयला खान, ग्रुप सुरक्षा अधिकारी और योजना अधिकारी (खनन) की तुलना में व्यापक प्राधिकार थे। स्पष्टतः इन अनुदेशों के आधार पर, और जैसा कि श्री ओहरी ने बताया है, 17 विभागीय प्रमुख मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) को रिपोर्ट दिया करते थे। जहां तक चासनाला गहरी खान के प्रबन्धक की हैसियत का संबंध है, न्यायालय द्वारा श्री ओहरी से एक विशेष प्रश्न पूछा गया कि "क्या आप गहरी खान के प्रबन्धक से वरिष्ठ हैं या नहीं ?" और उनका उत्तर यह था कि चासनाला कोयला खान के प्रबन्धक का आसन्न वरिष्ठ अधिकारी खान अधिनियम के अधीन क्षेत्रीय प्रबन्धक/एजेंट है और यह कि वह उक्त दोनों अधिकारियों से वरिष्ठ हैं। एजेंट, चासनाला कोयला खान को जारी किए गए अनुदेशों में भी यह कहा गया था कि प्रबन्धक के पद पर नियुक्ति मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) द्वारा की जाएगी। तारीख 1-10-1975 के अनुदेशों के एक अन्य सेट को, जिसपर श्री जे॰ एन॰ ओहरी के मुख्य कार्यपालक के रूप में हस्ताक्षर हैं, प्रदर्श 15/10 के रूप में रिकार्ड में रखा गया है। खान सुरक्षा महानिदेशक को भेजे गए तारीख 1-10-1975 के पत्र और अनुदेशों के सेट में यह उल्लेख किया गया था कि ग्रुप इलैक्ट्रिकल और मेन्टिनेन्स इंजीनियर के दो पद सृजित किए गए हैं और योजना अधिकारी के पद को समाप्त किया जा रहा है। यह अनुदेश उसी तारीख से प्रभावी होने थे। पक्ष संख्या 1 (प्रबन्धक) की ओर से जिरह में, श्री ओहरी से प्रदर्श 15/9 और 15/10 निगमित अनुदेशों के बारे में पूछा गया और उनसे पूछताछ की गई कि

तथा ये अनुदेश केवल प्रबन्धकों के रहने पर या उनके निदेश पर और खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेश पर और उनकी पूर्व अनुमति से जारी किए गए। श्री ओहरी के अनुसार 1973 में तत्कालीन खान सुरक्षा महानिदेशक से मांग की थी कि सभी वरिष्ठ कर्मचारियों के कर्तव्य तथा दायित्व निर्धारित किए जाने चाहिए और इस पर श्री ओहरी ने खान सुरक्षा महानिदेशक के अनुमोदन के लिये अनुदेशों का एक चार्ट भी तैयार किया था और तत्पश्चात् इन अनुदेशों को अप्रैल, 1974 में उस निदेशालय का अनुमोदन प्राप्त हो गया था। श्री ओहरी के अनुसार इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० के कस्टोडियन ने भी श्री ओहरी के अनुदेशों का कुछ मामूली परिवर्तनों के साथ अनुमोदन कर दिया था। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अनुदेशों का के ये सेट श्री ओहरी ने मुख्य कार्यकारी (कोयला खान) के रूप में निकाले हैं।

160. श्री ओहरी के उपर्युक्त व्यापक प्राधिकार के कारण, इसमें कोई सन्देह नहीं हो सकता कि फुटवाल ड्राइवेज और वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के सम्बन्ध में श्री ओहरी ने 1975 में निभाई गई अपनी भूमिका को कम से कम करने की कोशिश की है। जैसा कि सर्वश्री एस० के० बनर्जी और रामानुज भट्टाचार्य द्वारा बताया गया है श्री ओहरी द्वारा निभाई गई भूमिका नीचे दी गई है।

161. श्री रामानुज भट्टाचार्य ने बताया है कि फुटवाल ड्राइवेज बनाने का निर्णय मई, 1975 में मुख्य कार्यालय (कोयला-खान) श्री ओहरी के कार्यालय में लिया गया था, जहां पर श्री डी० सरकार (योजना अधिकारी) और एस० के० बनर्जी, एजेन्ट तथा श्री भट्टाचार्य और एक या दो सहायक प्रबन्धक भी मौजूद थे। श्री रामानुज भट्टाचार्य के अनुसार जब फुटवाल ड्राइवेज में और प्रगति करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, तब उन्होंने श्री दीपक सरकार और श्री एस० के० बनर्जी से तकनीकी सलाह मांगी थी। इस पर बाद में श्री ओहरी और श्री दीपक सरकार के साथ विचार-विमर्श किया गया और यह निर्णय किया गया कि वेन्टिलेशन के लिए क्रास-कनैक्शन द्वारा फुटवाल गैलरी को हैंगवाल गैलरी के साथ जोड़ दिया जाए। श्री भट्टाचार्य ने आगे बताया कि उन्होंने उपर्युक्त विचार-विमर्श में लिए गए निर्णय के बारे में श्री एस० के० बनर्जी को सूचित कर दिया था और वेन्टिलेशन कनैक्शन के लिए उनका अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् सहायक प्रबन्धक और सुरक्षा अधिकारी के ड्राइवेज का कार्य आरम्भ करने के अनुदेश दिए गए थे।

162. श्री भट्टाचार्य के बाद श्री एस० के० बनर्जी से पूछताछ की गई और उन्होंने वेन्टिलेशन कनैक्शन के सम्बन्ध में थोड़ा सा भिन्न बयान दिया है, परन्तु उन्होंने फुटवाल ड्राइवेज के प्रस्ताव के सम्बन्ध में जो कुछ कहा है वह ब्यान लगभग वैसा ही है। उनके कथनानुसार श्री ओहरी, श्री सरकार और श्री भट्टाचार्य तथा श्री बनर्जी की मई, 1975 की पुनरीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि होरिजन संख्या 1 के बन्द किनारों को हटाने के लिए एक फुटवाल ड्राइवेज की व्यवस्था की जानी चाहिए और मुख्य कार्यपालक (कोयला खान) ने सलाह दी थी कि इस प्रयोजन के लिए एक आवेदन किया जाना चाहिए। वेन्टिलेशन कनैक्शन के बारे में, श्री एस०के० बनर्जी से जिरह में यह पूछा गया कि यह मामला उसके ध्यान में कब आया कि चिमनी कनैक्शन से लगभग 90 फुट की दूरी पर वेन्टिलेशन कनैक्शन आरम्भ किया गया था और उनका उत्तर यह था कि उन्हें चिमनी कनैक्शन से 90 या 100 फुट की दूरी पर आरम्भ किए गए वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने का पता श्री भट्टाचार्य से 9 और 12 नवम्बर, 1975 के बीच चला था। तथापि, इस बारे में कोई सन्देह नहीं हो सकता कि श्री एस०के० बनर्जी ने भी वेन्टिलेशन कनैक्शन, जिसके सम्बन्ध में हम चर्चा कर रहे हैं, बनाने के बारे में अपनी सहमति दे दी थी।

163. फुटवाल ड्राइवेज की योजना के सम्बन्ध में, श्री ओहरी ने भी अपनी गवाही में लगभग वही ब्यान दिया है कि इस मामले पर उन्होंने, श्री दीपक सरकार, श्री एस० के० बनर्जी और श्री रामानुज भट्टाचार्य ने मई, 1975 में विस्तार से विचार-विमर्श किया था। तथापि, वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के बारे में श्री ओहरी ने अपना भिन्न बयान देकर अपनी जिम्मेदारी को कम करने की कोशिश की है। वह केवल इस हद तक सहमत हुए हैं कि उन्हें बताया गया था कि फुटवाल ड्राइवेज को प्रगति में कुछ कठिनाइयां थीं और उन कठिनाइयों को हल करने के लिए यह निर्णय लिया गया कि हैंगवाल गैलरी के साथ एक कनैक्शन बनाया जाए। यह भी प्रतीत होता है कि पक्ष संख्या 2 द्वारा जिरह के समय, श्री ओहरी ने संशोधित बयान दिया जब उनसे वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के लिए किए गए निर्णय के बारे में पूछा गया था। उनके वास्तविक शब्द नीचे दिए गए हैं:—

"यह मामला मुझे प्रथमतः एजेन्ट (योजना), श्री दीपक सरकार और प्रबन्धक, श्री रामानुज भट्टाचार्य द्वारा बताया गया और बाद में हैंगवाल से 100 फुट की दूरी पर वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने के लिए प्रबन्धक, श्री एस० के० बनर्जी, और श्री दीपक सरकार, योजना अधिकारी के बीच एक निर्णय हुआ, और यह मामला जब मेरे पास भेजा गया तब मैंने इस सुझाव के सम्बन्ध में इस शर्त के साथ सहमति प्रकट की कि उस क्षेत्र में खम्बे लगाते समय विनियम 99 का पालन किया जाए, जिसको विकास के लिए पहले से अनुमोदित किया जा चुका था"।

164. जब कि पक्षकार संख्या 8 की ओर से श्री ओहरी से जिरह की जा रही थी तो उन्होंने अनुभव किया कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियां कम करनी चाहिए यहां तक कि फुटवाल ड्राइवेज के बारे में भी वे ऐसा चाहते थे और उन्होंने कहा कि मई, 1975 में लिए गए संयुक्त निर्णय के पश्चात् यह निर्णय किया गया था कि हैंगवाल गैलरी के बन्द रास्ते को हटाने के लिए फुटवाल ड्राइवेज और मूल वेन्टिलेशन कनैक्शन के लिए एजेन्ट खान सुरक्षा महानिदेशक को स्वीकृत के लिए प्रार्थना पत्र देगा और यह कि एजेन्ट ने ऐसा ही कर दिया था। श्री ओहरी के अनुसार, उन्हें फुटवाल ड्राइवेज या इससे संलग्न नक्शे के लिए आवेदन देखने का अवसर नहीं मिला, क्योंकि यह मामला साधारण प्रकार का था। उन्होंने यह भी कहा है कि 29-9-1975 को प्रदान की गई अनुमति देने के पश्चात्, उन्हें अनुमति पत्र देखने का अवसर नहीं मिला और यह कि उन्हें इन दस्तावेजों को देखने का मौका केवल 29-9-1975 को चला था, जब कि उन्हें सभी सम्बन्धित कागजातों के साथ इस्पात और खान मंत्रालय ने दिल्ली में बुलाया था। यह बिल्कुल संभव नहीं है कि श्री ओहरी द्वारा दिए गए बाद के इन बयानों को स्वीकार किया जाए। इस मामले की सच्चाई जानने के लिए श्री एस० के० बनर्जी के एक बयान का उल्लेख किया जाना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या 1975 की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात् वरिष्ठ या कनिष्ठ अधिकारियों के साथ उन्होंने कोई विचार विमर्श किया था। उनका उत्तर इस प्रकार है:—

"चासनाला जैसी कोयला खान में, विकास का प्रत्येक कार्य संयुक्त विचार-विमर्श से किया जाता है, जिसमें प्रबन्धक से लेकर सी० एम०ई० तक और उनसे आगे के सभी अधिकारी भाग लेते हैं। खान सुरक्षा महानिदेशालय को कोई भी आवेदन भेजने से पहले हम बैठक में प्रत्येक मामले पर विस्तृत विचार विमर्श करते हैं और अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् हम अनुमति पत्र के बारे में पुनरीक्षा बैठक में विचार विमर्श करते हैं।"

165. यह विश्वास करना असंभव है कि यद्यपि फुटवाल ड्राइवेज के लिए अनुमति प्राप्त कर लेने के पश्चात् विचार विमर्श किया गया था, श्री ओहरी 1975 के आवेदन, नक्शे और अनुमति से वाकिफ नहीं थे। श्री ओहरी का यह तर्क कि सर्वश्री दीपक सरकार, एस० के० बनर्जी और रामानुज भट्टाचार्य ने इस वेन्टिलेशन कनैक्शन बनाने का निर्णय लिया था और यह कि उन्होंने केवल इस प्रस्ताव में केवल अपनी सहमति दी थी, जबकि यह मामला उसके पास भेजा गया था, भी अमान्य है। मेरा विचार कि श्री ओहरी को पूर्व सहमति और अनुमोदन के बिना, यह वेन्टिलेशन कनैक्शन नहीं खोला जा सकता था और इसकी मुख्य जिम्मेदारी श्री ओहरी पर पड़नी चाहिए।

166. हम यहां यह भी उल्लेख कर दें कि वर्ष, 1977 में चसनाला में श्री ग्रोहरी द्वारा को गई भूमिका के आधार पर, वे खान अधिनियम की धारा 2(1)(ग) के अधीन "एजेन्ट" को परिभाषा के अन्दर आते हैं। श्री ग्रोहरी ने अपनी गवाही में उनके द्वारा की गई कुछ विशेष कार्रवाईयों का उल्लेख किया है, हालांकि वे 1-4-1971 से "मनोनीत" मालिक नहीं रहे थे। उदाहरणतया, श्री ग्रोहरी ने कहा है कि उन्होंने श्री दीपक सरकार को अप्रैल, 1975 में एजेन्ट के रूप में नियुक्त किया था, क्योंकि यह अधिकार उनको उच्च प्राधिकारियों द्वारा दिया गया था। श्री ग्रोहरी ने यह भी कहा कि श्री दीनेन माया के मालिक के रूप में मनोनीत होने के बाद भी, वह (श्री ग्रोहरी) मालिक के कुछ कार्यों को करते रहे थे। इसलिये इस निष्कर्ष से नहीं बचा जा सकता कि श्री ग्रोहरी खान अधिनियम द्वारा परिभाषित "एजेण्ट" की परिभाषा के उपबन्ध के अन्दर आते हैं।

क्या विनियमन 99 का कोई उलंघन किया गया था

167. कोयला खान विनियमन, 1957 के विनियमन 99 के पीछे शरण लेने के संबंध में यहां कुछ कहा जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि जब वेन्टिलेशन कनेक्शन को बनाने का निर्णय किया गया था, जिससे हम सम्बन्धित हैं, तो विनियमन 99 ध्यान में नहीं था। यह संदेह से परे स्पष्ट है कि हैंगवाल गैलरो साइड से वेन्टिलेशन कनेक्शन के आरम्भ पाइंट को मुख्यतः उत्तर की ओर जाने की सुविधा हेतु चुना गया था ताकि फुटवाल ड्राइवेज के बन्द रास्ते को जोड़ा जा सके। यदि फुटवाल ड्राइवेज पूर्व से पश्चिम को ओर कुछ मीटर तक रुक गया होता तो वेन्टिलेशन कनेक्शन ने हैंगवाल गैलरो के तदनुरूपी स्थान पर वर्तमान वेन्टिलेशन कनेक्शन के पश्चिम या पूर्व की ओर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया होता। गैलरियों कि औसत चौड़ाई पर आधारित श्री रामानुज भट्टाचार्य द्वारा की गई गणना, ताकि विनियमन 99(4)—में आंकड़ों के चौथे सेट से लाभ उठाया जा सके, स्वीकार नहीं की जा सकती। यह स्पष्ट नहीं है कि श्री भट्टाचार्य ने गैलरी की "औसत चौड़ाई" को संकल्पना कैसे की थी। विनियमन 99(4) में निर्दिष्ट आंकड़े गैलरियों को अधिकतम चौड़ाई पर आधारित है और यह विनियमन औसत चौड़ाई का उल्लेख नहीं करता है। इसलिए, यदि कोयला खान विनियमन का विनियमन 99 वर्तमान मामले में लागू भी होता हो तो भी पूर्वी चिमनी स्प्रोच और वेन्टिलेशन कनेक्शन के बीच छोड़े हुए खम्बों का आकार विनियम 99 के अधीन अपेक्षित आकार से छोटा था। श्री ग्रोहरी का बयान कि वेन्टिलेशन कनेक्शन की व्यवस्था करने का निर्णय लेते समय, विनियमन 99 को ध्यान में रखा गया था, इस बात का समर्थन हमारे सामने प्रस्तुत किए गए किसी रिकार्ड से नहीं मिलता है और मेरा विचार है कि इस जांच में जो विनियम 99 का हवाला दिया गया है वह केवल बाद का विचार था, जो कि स्वीकृत प्लान के विपरीत चालू किये गए वेंटिलेशन कनेक्शन को स्थिति के बारे में कुछ औचित्य ढूंढने के लिए दिया गया था।

एजेन्ट और योजना अधिकारी (खनन)

168. जहां तक एजेन्ट और योजना अधिकारी (खनन) का सम्बन्ध है, उनको जारी किए गए अनुदेश में यह आदेश थे कि उन्हें देखना था कि खान अधिनियम और उसके अधीन पास किए गए विनियमों के उपबन्धों का पालन किया जाय और इसलिये वेन्टिलेशन कनेक्शन को खोलने की जिम्मेदारी श्री जे०एन० ग्रोहरी के बाद, श्री एस०के० बनर्जी, उस समय के चसनाला कोयला खान के क्षेत्रीय प्रबन्धक और एजेन्ट पर पड़नी चाहिए। श्री रामानुज भट्टाचार्य के बयान पर सन्देह करने का कोई कारण नहीं है कि फुटवाल ड्राइवेज की प्रगति के रुक जाने के पश्चात् (चाहे इसका कोई भी कारण हो), उन्होंने श्री एस० के० बनर्जी और दीपक सरकार से तकनीकी सलाह मांगी थी और श्री भट्टाचार्य, श्री ग्रोहरी तथा श्री दीपक सरकार के बीच समस्या पर विचार-विमर्श के पश्चात्, वेन्टिलेशन कनेक्शन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया था। वेन्टिलेशन कनेक्शन की व्यवस्था करने का निर्णय में श्री एस०के० बनर्जी और श्री दीपक सरकार ने भी भूमिका निभाई थी, यह तथ्य श्री जे०एन० ग्रोहरी की गवाही में भी उपलब्ध है। मैंने श्री एस०के० बनर्जी के विचार नहीं माना है कि वेन्टिलेशन कनेक्शन को इस विशेष स्थान में युक्तिसंगत रूप से बनाया जा सकता था, जो कि खान सुरक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत फूटवाल ड्राइवेज को 200 फुट की लम्बाई के भीतर था। अतः इस अनाधिकृत गैलरी को खोलने के लिए श्री बनर्जी भी जिम्मेवार थे।

169. इसी कारण से, दूसरा व्यक्ति जिनको वेन्टिलेशन कनैक्शन को व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए, वह श्री दीपक सरकार है। मैंने उनके इस विचार को भी नहीं माना है कि वेन्टिलेशन कनैक्शन को स्वीकृत योजना के अनुमत क्षेत्र के अन्दर ही चालू किया गया था। इसलिए, योजना अधिकारी (खनन) इन अनधिकृत कनैक्शन की जिम्मेवारी से बच नहीं सकते हैं।

प्रबन्धक की जिम्मेवारी

170. अन्य व्यक्ति जिसकी जिम्मेवारी पर विचार किया जाना चाहिए, वह चसनाला गहरी खान के उस समय के प्रबन्धक श्री रामानुज भट्टाचार्य हैं। मेरे विचार से, अनधिकृत वेन्टिलेशन कनैक्शन की व्यवस्था करने की उनकी जिम्मेवारी भी प्रमाणित हो गई है। 1975 में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका, जब फूटवाल गैलरी बनाने का निर्णय लिया गया था, का विस्तृत रूप में पहले से ही उल्लेख किया जा चुका है। मैं यह भी बता चुका हूं कि वेन्टिलेशन कनैक्शन, जिससे हमारा संबन्ध है, कैसे और किसके द्वारा अनुमोदित किया गया था। यह सिद्ध करने के लिए रिकार्ड पर एक शब्द भी नहीं है कि श्री भट्टाचार्य ने किसी समय शिकायत की थी। या यह समझा था कि वेन्टिलेशन कनैक्शन, योजना, प्रदर्श डी/1, के अनुसार नहीं था। यह योजना, प्रदर्श-डी/1 उनके अपने हस्ताक्षर के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई थी। इसके विपरीत, श्री भट्टाचार्य ने हमारे सामने यह कहा कि यह वेन्टिलेशन कनैक्शन "अनुमत क्षेत्र में" बनाया गया था। इस तर्क को मैंने नहीं माना है।

171. वास्तव में, श्री भट्टाचार्य के विरुद्ध बहुत से नुक्ते हैं। इनमें से एक मुख्य नुक्ता यह है कि फूटवाल ड्राइवेज के लिए अनुमति लेने हेतु दायर की गई योजना प्रदर्शन-डी/1 बिल्कुल सही या पर्याप्त योजना नहीं थी। श्री एस०के० बनर्जी के अनुसार, उसने प्रबन्धक को कहा था कि वह सभी पिछले पत्र-व्यवहारों का अध्ययन करें और फुटवाल ड्राइवेज के लिए योजना तैयार करें और यह स्पष्ट है कि श्री भट्टाचार्य ने हैंगवाल ड्राइवेज सम्बन्धी पत्रों और योजनाओं की या तो छानबीन नहीं की थी और या उन्होंने 1975 में जानबूझकर एक अपर्याप्त योजना प्रस्तुत की थी। योजना प्रदर्शन-डी/1 लगभग 1971 में दायर की गई, अर्थात् प्रदर्श-डी/7, प्रथम योजना की तरह की थी, और पहली योजना को 1971 में प्रस्तावित हैंगवाल ड्राइवेज के लिये अपर्याप्त योजना नहीं समझा गया था। फूटवाल ड्राइवेज को दिखाने के लिये योजना, प्रदर्श-डी/1 में ए०ए पर सेक्शन को गलत स्थान पर लिया गया था। यदि यह प्रस्तावित फूटवाल ड्राइवेज और उत्तर में जाने वाली स्ट्रोन में चिमनी स्प्रोच के विस्तार को दिखा सकती थी तो इस सेक्शन को इन्क्लाइन संख्या 4 को भी दिखाना चाहिए था। 1971 में लिखे और पेश किए गए पत्रों और योजनाओं को मद्देनजर रखते हुए, यह समझ में नहीं आता कि प्रदर्श-डी/1 पर बनाए गए सेक्शन में इन्क्लाइन संख्या 4 के चित्र को कैसे बिल्कुल छोड़ दिया गया था। वास्तव में प्रदर्श-डी/1 से काफी आंकड़े प्राप्त हुए हैं जो कि उस प्रयोजनार्थ आवश्यक नहीं थे, जिसके लिये कि इन्हें दायर किया गया था और ऐसे आंकड़े नहीं दिखाए गए थे; जो कि दिखाने अनिवार्य थे। उदाहरण के लिये, हैंगवाल ड्राइवेज के भाग, जिसे 1973 तक बनाया गया था, और प्रस्तावित फूटवाल ड्राइवेज के संबन्ध में संयुक्त सीम संख्या 13 और 14 की छत और फर्श को नहीं दिखाया गया था।

172. दूसरा नुक्ता जो कि श्री भट्टाचार्य के विरुद्ध जाता है, वह यह है। रिकार्ड से यह मालूम पड़ता है कि वास्तव में फूटवाल ड्राइवेज को

अनुमति मिलने से बहुत पहले प्रारम्भ किया जा चुका था । यह अनुमति 29-9-1975 को दी गई थी। श्री रामानुज भट्टाचार्य से मामले के इस पहलु पर विस्तार से पूछा गया जब उन्हें रेंजिग रिपोर्ट (प्रदर्श एच और एच/1) दिखायी गई। उनसे पूछा गया था कि क्या 8 जुलाई, 1975 को प्रथम होरिजन में फुटवाल ड्राइवेज बनाई जा रही थी या नहीं और उनका उत्तर था कि उस समय की रेंजिग रिपोर्ट सम्भवतः उस होरिजन की वेस्ट साइड वर्किंग के संबन्ध में थी। परन्तु जब उनका ध्यान प्रदर्श एच में, तारीख 8-7-1975 के सामने लिखे विशेष शब्दों की ओर दिलाया गया, जहां पर अभिव्यक्ति 'ई०ई० डब्लू' रिकार्ड की गई थी, तब उनका उत्तर यह था कि उस प्रविष्टि में पूर्वी जिले में फुटवाल के निकटवर्ती क्षेत्र का जिक्र किया गया होगा। यह स्पष्टीकरण अधिक संतोषजनक नहीं है, क्योंकि जुलाई, 1975 में, फूटवाल ड्राइवेज पर केवल विचार ही किया जाना चाहिए था और भविष्य के फूटवाल ड्राइवेज के किसी भी निकटवर्ती क्षेत्र का उस समय की रेंजिग रिपोर्ट एन्टरी में उल्लेख नहीं किया जा सकता था। 8-7-1975 की तीसरी पारी के सामने वास्तविक इन्दराज यह है "मेटिरियल केरिंग एण्ड लिफ्टिंग ईस्ट फूटवाल डी/8 मेकिंग एण्ड सपोटिंग" और यह इन्दराज ईस्ट फूटवाल ड्राइवेज के अलावा किसी अन्य स्थान के बारे में नहीं हो सकता था। 8-6-1975 के इन्दराज के संबन्ध में बाद प्रश्न विस्तार से पूछे गए और श्री रामानुज भट्टाचार्य आगे जो स्पष्टीकरण दे सके वह यह था कि यह इन्दराज कुछ आपरेशन, जैसे फुटवाल के प्रवेश के नजदीक सपोर्ट कार्य के बारे में होगा । जुलाई, 1975 के इन्दराज के संबन्ध में यह स्पष्टीकरण भी संतोषजनक नहीं है, क्योंकि फूटवाल ड्राइवेज की स्वीकृति सितम्बर, 1975 के अन्त में दी गई थी और यह उससे पहले आरम्भ नहीं की जानी चाहिए थी। श्री रामानुज भट्टाचार्य को प्रदर्श एच के बहुत से इन्दराज दिखाए गए, ताकि उनसे यह पता लग सके कि रेंजिग रिपोर्ट जुलाई और अगस्त, 1975 में पूर्वी फुटवाल में कार्य के बारे में कैसे हो सकती हैं। श्री रामानुज भट्टाचार्य के अनुसार, इन इन्दराजों में गलती से पूर्वी फुटवाल का उल्लख किया गया होगा और उस समय कार्य पश्चिमी साइड पर हो रहा था। तत्कालीन प्रबन्धक का यह ब्यान संतोषजनक नहीं है। उदाहरणतः उनसे प्रदर्श एच में तारीख 15 जुलाई, 1975 के इन्दराज के बारे में विशेष रूप से पूछा गया था, जहां पूर्वी फुटवाल की दूसरी पारी के सामने निम्नलिखित शब्द रिकार्ड किये गए थे "सपोर्टिंग ड्रिलिंग एण्ड ब्लास्टिंग मेकिंग 7 एम०सी० फाम लोअर्स" ।

इस इन्दराज में पूर्वी फुटवाल में जुलाई, 1975 में हो रहा कुछ कार्य अवश्य दिखाया गया था। 16-7-1975 को पूर्वी फुटवाल के सामने इन्दराजों में भी उस तारीख को हुआ कुछ कार्य दिखाया गया था, जिसमें ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग शामिल थी। पूर्वी फूटवाल के संबन्ध में प्रदर्श एच में तारीख 11-8-1975 के इन्दराज के बारे में पूर्वी फुटवाल में 34 फुट लम्बे बोर होल के स्पष्टीकरण के लिए एक विशेष प्रश्न पूछा गया था और श्री भट्टाचार्य का उत्तर था कि यह संकल्पित फुटवाल ड्राइवेज के निकट ईस्ट चिमनी अप्रोच में हो सकता है । यह स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है । पूर्वी फुटवाल के संबन्ध में प्रदर्श एच में तारीख 7-7-1975 के इन्दराज में पहली पारी में किए गए कार्य का कुछ उल्लेख है और श्री बी०एम० भटनागर, सहायक प्रबन्धक (जिनकी दुर्घटना में मृत्य हो गई) की डायरी में, तारीख 7-7-1975 के सामने निम्नलिखित इन्दराज है:—

> "प्रथम होरिजन—एल०सी० ई० पैनल के सभी फेसिज, पश्चिमी और पूर्वी फुटवाल का निरीक्षण किया गया और उन्हें सुरक्षित पाया गया। वेन्टिलेशन संतोषजनक था। तीसरी पारी एल० सी०ई० में स्टोविंग की जा रही थी।"

डायरी को प्रदर्श सी/6 के रूप में प्रदर्शित किया गया और श्री भट्टाचार्य से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि श्री भटनागर इस ड्राइवेज की स्वीकृति जारी होने से 2½ महीने पहले जुलाई 1975 में पूर्वी फुटवाल का जिक्र कैसे कर सकते थे। इस संबन्ध में श्री रामानुज भट्टाचार्य की गवाही का सारांश यह है कि 7-7-1975 के सभी इन्दराज पूर्वी फुटवाल के नजदीक ईस्ट चिमनी एप्रोच में किए गए कुछ कार्य के बारे में हो सकते हैं। यह स्पष्टीकरण स्पष्ट नहीं है, यदि हम इस तथ्य को ध्यान में रखें कि 29-9-1975 से पहले पूर्वी फुटवाल ड्राइवेज का अस्तित्व नहीं होना चाहिए था और ईस्ट चिमनी एप्रोच में किए गए कोई कार्य का संकेत फुटवाल ड्राइवेज की ओर नहीं हो सकता था।

173. मुझे यह प्रतीत होता है कि श्री भट्टाचार्य ने यह दिखाने के लिये व्यर्थ प्रयत्न किया कि स्वीकृति मिलने से पूर्वी फुटवाल ड्राइवेज के संबन्ध में कोई कार्य आरम्भ नहीं किया गया था, क्योंकि यह स्वीकृति 29-9-1975 को प्रदान की गई थी।

174. मैं यहां एक अन्य पाइंट का उल्लेख करना चाहता हूं, जो कि श्री भट्टाचार्य के जिरह के समय सामने आया। उनसे यह पूछा गया था कि उन्होंने दुर्घटना की रात को और उसके शीघ्र बाद पुलिस को कुछ बयान दिए थे। इस बात का भी श्री भट्टाचार्य ने खंडन किया, उनका कहना था कि उनको इस प्रकार का कोई मामला याद नहीं। श्री भट्टाचार्य के इस बयान को मिथ्या सिद्ध करने के लिए खान सुरक्षा विभाग को श्री सी०पी० सिंह से पूछताछ करनी पड़ी थी, जो कि दुर्घटना के समय, जोरापोखर स्टेशन के कनिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक थे। जांचाधीन दुर्घटना के बारे में 27-12-1975 को 3 बजे सायंकाल के लगभग पुलिस में रिपोर्ट की गई थी और श्री सिंह चसनाला चले गए थे। उनके पास श्री जोगेन्द्र सिंह द्वारा 4 बजे सायंकाल एक मामला दर्ज करवाया गया और श्री सिंह द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 336 के अधीन मामले की जांच आरम्भ की गई। श्री सिंह के अनुसार उन्होंने श्री रामानुज भट्टाचार्य का बयान 28-12-1975 को प्रातः लगभग 1.30 पूर्वाह्न रिकार्ड किया था। इस मामले का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि श्री भट्टाचार्य ने हमारे सामने बयान दिया है कि वह 27-12-1975 को होरिजन नं० 1 में नहीं गए थे और उस दिन वह केवल होरिजन नं० 2 में गये थे, जब कि पुलिस के बयान (प्रदर्श क्यू०) में यह उल्लेख है कि श्री भट्टाचार्य ने पुलिस को बताया है कि वह दुर्घटना के दिन होरिजन नं० 1 और होरिजन नं० 2 में गए थे। मेरा स्पष्ट रूप से यह विचार है कि श्री भट्टाचार्य 27-12-1975 को प्रथम होरिजन में गए होंगे और हमारे सामने दिए गए उनके विपरीत बयान का अनुमोदन नहीं करना चाहिए। तथापि, इस मामले का सीधा सम्बन्ध श्री भट्टाचार्य के विचाराधीन उत्तरदायित्व से नहीं है, परन्तु इसका सम्बन्ध पहले दिए गए कारणों से है। मेरा यह निष्कर्ष है कि श्री रामानुज भट्टाचार्य, गहरी खान के तत्कालीन प्रबन्धक, भी अनुसूचित वेंटिलेशन कनैक्शन बनाने के लिए जिम्मेवार हैं, जिसमें प्रस्तुत घटना घटी थी।

प्लान जो कि स्वामित्व दस्तावेज (डाकुमेंट आफटाइटल) के भाग थे, प्रस्तुत नहीं किए गए।

175. एक अन्य मामला, जिस पर विचार करने की आवश्यकता है वह यह है कि खान सुरक्षा विभाग के विद्वान काउन्सेल द्वारा प्रबन्धकों से मांगें गए कुछ प्लान भरसक प्रयासों के बावजूद उपलब्ध नहीं कराये गए। हमारे सामने यह कहा गया कि जब चसनाला खान (अन्य परिसंपत्तियों सहित) को 1938 में "इस्को" को स्थानान्तरित किया गया था, तब छः प्लानों के सेट को स्थानान्तरण के दस्तावेज का भाग बना दिया गया था। स्थानान्तरण के समय भूमि के नीचे काम-काज की परिस्थिति मालूम करने के लिये इस न्यायालय जांच को इन प्लानों की आवश्यकता थी। इस मामले पर विद्वान काउन्सेल द्वारा बहस की गई और हमने प्रबन्धकों से कहा कि वे ये प्लान प्रस्तुत करें जो कि 'इस्को' के स्वामित्व के दस्तावेज के भाग थे, परन्तु ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। यह बताया गया कि तलाशी के बावजूद, ये दस्तावेज ढूंढे नहीं जा सके। हम से एक अजीब परिस्थिति मानते हैं यदि स्वामित्व के दस्तावेज का एक भाग गुम हो और उसे जांच के समय उपलब्ध न कराया जा सके। हम आशा करते हैं कि उच्च अधिकारी इस मामले की छान-बीन करेंगे।

क्या नं० 4 इन्कलाइन की लाग डिपार्ड एक्सटेंशन के बारे में पूर्व जानकारी थी ?

176. चूंकि यह अनाधिकृत वेन्टिलेशन कनेक्शन इन्कलाइन नं. 4 की एक्सटेंशन के साथ जुड़ गया, इसलिए खान सुरक्षा विभाग की ओर से हमारे सामने एक पाईंट उठाया गया कि 'इस्को' के अधिकारी, विशेष रूप से श्री जे० एन० ओहरी और दीपक सरकार को इस तथ्य का पता था कि इन्कलाइन नं० 4 सीम से 40 फुट से भी अधिक (इन्कलाइनड़ी दूरी से) नीचे आ गई थी, जैसा कि प्रदर्श डी/4 प्लान में दिखाया गया है। इस पाइंट को समझने के लिए, चसनाला कोयला खान के एक भूतपूर्व सर्वेक्षक, श्री एस० सरकार से खान सुरक्षा विभाग की ओर से पूछताछ की गई। जांच-न्यायालय को उस समय यह बतलाया गया था कि श्री एस० सरकार, भूतपूर्व सर्वेक्षक, इतने अधिक बूढ़े और बीमार हैं कि वह अपने घर (आसनसोल में) से गवाह के रूप में परीक्षित होने के लिये न्यायालय में नहीं आ सकते। यह जांच उन सबके लिए खुली थी, जो इसमें भाग लेना चाहते थे और वास्तव में बहुत से पक्षकारों ने इस जांच और अनुवर्ती जिरह में भाग लिया। श्री सरकार ने जो कुछ कहा था उसका सारांश यह था कि उनकी जानकारी के अनुसार इन्कलाइन नं० 4 लगभग 85 फुट तक 'के' लेवल के नीचे चली गई थी और यह कि 1976 से चार या पांच वर्ष पहले उन्हें तत्कालीन अधीक्षक, श्री बी० एल० वर्मा (बाद में श्री बी० एल० वर्मा मुख्य खनन इंजीनियर बन गए) ने बर्नपुर में बुलाया गया था और उस समय श्री वर्मा के साथ श्री सरकार की बातचीत के दौरान, श्री सरकार ने श्री वर्मा को बताया कि इन्कलाइन नं० 4 'के' लेवल से 80 फुट से अधिक नीचे चली गई है। श्री एस० सरकार भूतपूर्व सर्वेक्षक के अनुसार श्री जे० एन० ओहरी तथा श्री दीपक सरकार भी इस वार्तालाप के समय मौजूद थे। श्री ओहरी ने न्यायालय में इस कथन का स्पष्ट रूप से खंडन किया, जब उन्होंने यह कहा कि श्री एस० सरकार की सेवा-निवृत्ति के बाद कि वह (श्री ओहरी) भूतपूर्व सर्वेक्षक को बर्नपुर में श्री बी० एल० वर्मा के कार्यालय में नहीं मिले। न्यायालय गवाह के रूप में पूछ-ताछ किए जाने पर श्री बी० एल० वर्मा को भी इस बारे में पूछा गया और उन्होंने बर्नपुर में हुई अभिकथित बात-चीत के बारे में श्री सरकार के बयान का भी खंडन किया। ऐसी परि-स्थितियों में, श्री एस० सरकार, भूतपूर्व सर्वेक्षक द्वारा दी गई गवाही पर विश्वास करना संभव नहीं होगा, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने इस्को के अधिकारियों को यह सूचना दी थी कि इन्कलाइन नं० 4 की खुदाई के 'क' लेवल से लगभग 80 से 85 फुट की दूरी तक पहुंच गई है।

177. इसी कारण से श्री एस० सरकार की प्लान (प्रदर्श 2), जहां 'के' लेवल के नीचे पेंसिल में कुछ डोटिड लाइनें हैं, पर आधारित गवाही पर विश्वास करना भी संभव नहीं होगा। अतः मैं श्री जे० एन० ओहरी और श्री दीपक सरकार को इस बात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराता कि वे वास्तव में जानते थे कि इन्कलाइन 4 'के' लेवल के नीचे 40 फुट (इन्कलाइंड दूरी) से भी अधिक दूरी तक चली गई थी, जैसा कि प्रदर्श डी/4 में दर्शाया गया है।

178. इस प्रसंग में, मैं उस मामले को दुहराना चाहता हूं, जिसका मैं पहले जिक्र कर चुका हूं। यह वह सुझाव है जो कि होरिजन नं० 1 के ऊपर की पुरानी खदानों को जल-मुक्त रखने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट में दिया गया है, ताकि नई खानों में पानी की रिसन न्यूनतम हो। प्रबन्धकों (4 पक्षकार नं० 1) द्वारा प्रस्तुत किए गए कोयला खान के इतिहास में यह वर्णन किया गया है कि जब 1967 में 3/4 इन्क्लाइनों को पुरानी खदानों से पानी निकालने का प्रयास किया गया, तब पुरानी खदानों में बचे कोयले में आग लगने का खतरा था और इसलिए पानी के लेवल को 'सी' लेवल छत के नीचे कभी नहीं आने दिया गया। यह भी कहा गया कि मुख्य खान निरीक्षक के कार्यालय ने भी इस बात पर जोर दिया था कि इस क्षेत्र को जलमग्न रखा जाए। श्री बी० एल० वर्मा ने इस संबन्ध में हमारे सामने कहा कि पानी निकालने के कार्य को रोक दिए जाने के लगभग 1 वर्ष की अवधि के बाद खान सुरक्षा महानिदेशक से पानी निकालने के कार्य को आरम्भ करने की स्वीकृति देने हेतु पुनः अनुरोध किया गया था, परन्तु उसकी स्वीकृति नहीं दी गई थी। इस मामले का पक्षकार नं० 8 की ओर से खंडन किया गया है और मैं समझता हूं कि इस संबन्ध में पक्षकार नं० 1 द्वारा दिए गए बयान के समर्थन में रिकार्ड में कोई सामग्री नहीं है। बहस के समय पक्षकार नं० 8 के विद्वान काउन्सेल ने हमें तारीख 4-10-1967 की एक रिपोर्ट दिखायी, जो कि तत्कालीन खान सुरक्षा संयुक्त निदेशक, श्री ए० एन० सिन्हा द्वारा तैयार की गई कही गई थी। इस रिपोर्ट में इस मामले के संबन्ध में कुछ उल्लेख था। हमारा ध्यान तारीख 23 दिसम्बर, 1967 के पत्र की ओर भी दिलाया गया, जो कि खान सुरक्षा निदेशक, उत्तरीय क्षेत्र को श्री टी० सी० आनन्द, इस्को के तत्कालीन उप मुख्य खदान इंजीनियर द्वारा लिखा गया था। इस पत्र में भी 3/4 इन्कलाइन खदानों से पानी निकालने के मामले का उल्लेख किया गया था। श्री टी० सी० आनन्द के पत्र को औपचारिक रूप से रिकार्ड पर नहीं लाया गया था, परन्तु श्री ए० एन० सिन्हा की रिपोर्ट श्री एस० पी० गांगुली की सांविधिक रिपोर्ट के अनुबन्ध 11 का भाग है। इस रिपोर्ट (पैराग्राफ 6.2, खंड 1) से यह स्पष्ट है कि 1967 में पानी निकालने का कार्य बन्द किए जाने के बाद, 3/4 इन्कलाइन खदानों को जलाक्रान्त रखा गया और पानी का उपयोग टाउन जल पूर्ति के लिए किया गया। इसलिये यह निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है कि खान सुरक्षा विभाग के कहने पर 3/4 इन्कलाइन की खदानों को जलाक्रान्त रखा गया। यह मान लिया जाना चाहिए कि 3/4 इन्कलाइन की पुरानी खदानों के नीचे प्रथम होरिजन में स्थानीय प्रबन्धकों की जिम्मे-दारी पर कार्य किया जा रहा था (यह दूसरे होरिजन के विकास के प्रयोजनार्थ हो सकता है) और ऊपर निर्दिष्ट कोयला खान के चार स्था-नीय अधिकारियों पर इस दुर्घटना की जिम्मेदारी अवश्य डाली जानी चाहिए, क्योंकि जब कि उन्होंने 1975 में स्वीकृत प्लान का उल्लंघन किया।

179. इस समय यह उल्लेख करना असंगत नहीं होगा कि इस न्यायालय ने श्री बी० एल० वर्मा से पूछा था कि क्या चसनाला कोयला खान के प्रबन्धकों ने 3/4 इन्कलाइन की जलाक्रान्त खदानों के नीचे प्रथम होरिजन की गैलरियों में पानी के टपकने और रिसने के संबन्ध में प्रतिदिन का रिकार्ड रखा था और उनका उत्तर था कि जहां तक उन्हें याद है, जल के टपकने का कोई भी रिकार्ड नहीं रखा गया था। अतः यह पता लगाना मुश्किल है कि यद्यपि नं० 3/4 इन्कलाइन की खदानों से पानी नहीं निकाला गया था, जैसा कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट में सुझाव दिया गया था, जलाक्रान्त क्षेत्र से ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के होरिजन नं० 1 में जल टपकने का कोई रिकार्ड कैसे नहीं रखा गया था।

180. मेरा अन्तिम निष्कर्ष यह है कि ऊपर की पुरानी 3/4 की इन्क्लाइन की खदानों में जल के अधिक इकट्ठा होने की दृष्टि में रखकर होरिजन संख्या 1 के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की स्थिति पर विचार करते हुए, वेन्टिलेशन कनेक्शन बनाते समय, जहां दुर्घटना हुई थी, स्वीकृत प्लान (प्रदर्श डी/1) के विपरीत कार्य करना खान सुरक्षा की निरी अवहेलना थी और यह दुर्घटना अवश्य ही सर्वश्री जे० एन० ओहरी, एस० के० बनर्जी, दीपक सरकार और रामानुज भट्टाचार्य की लापरवाही के कारण घटी है, जैसा कि पहले चर्चा की जा चुकी है।

दुर्घटना के बाद गहरी खान से पानी का निकालना और इसके बाद के बचाव कार्य।

181. दुर्घटना के बाद, बचाव कार्य में हुई प्रगति की पुनरीक्षा करने तथा मार्गदर्शन और सहायता देने के लिये एक सलाहकार दल की स्थापना की गई थी। इस दल में निम्नलिखित व्यक्ति शामिल थे।

(1) श्री पी० एन० शर्मा, संसद सदस्य।

(2) खान सुरक्षा महानिदेशालय।

(3) निदेशक, भारतीय खान स्कूल।

(4) निदेशक, केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र।

(5) उप-अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड।

(6) महाप्रबन्धक, इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी, बर्नपुर।

(7) सी०एम०पी०डी०आई० का एक प्रतिनिधि।

(8) ए० बी० एम० श्री ए०सी० लाल, महाप्रबन्धक (सामग्री)।

श्री यू० एन० झा, तत्कालीन मुख्य खनन इंजीनियर को भारत कोक कम्पनी लिमिटेड, पम्पिंग संक्रियाओं का समस्त कार्यभार सौंपा गया था। श्री एस०पी० गंगुली ने 28-12-1975 से गहरी खान से पानी निकालने के बारे में अपनी सांविधिक रिपोर्ट के अध्याय VI, खंड I और उसी रिपोर्ट के खंड II के अनुबन्ध 6ए में वर्णित किया है। पानी निकालने की संक्रियाओं के संबन्ध में 28-12-1975 से 6-2-1976 तक हुई प्रगति एक तालिका में दर्शाई गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि 19-1-1976 की सुबह को पानी निकालने के बाद होरिजन नं० 1 सुगम्य बन गया था और होरिजन नं० 2, 6-2-1976 की सुबह दिखाई दिया। श्री गंगुली की रिपोर्ट से पता चलता है कि पानी को निकालने के लिए पोलैंड और रूस से पम्प प्राप्त किए गए थे और वस्तुतः रूसी विशेषज्ञों का एक दल भी इन पम्पों को लगाने में सहायता देने के लिए आया था। चार रूसी सबमर्सिबल पम्पों ने 13-1-1976 तक नं० 1 पिट में कार्य करना आरम्भ कर दिया था और पांचवें रूसी सबमर्सिबल पम्प को आवश्यकता होने पर इस्तेमाल करने के लिए रखा गया था। उसी रिपोर्ट से यह पता चलता है कि जब होरिजन नं० 1 पर्यवेक्षण और बचाव कार्य के लिए उपलब्ध हो गया था तब होरिजन नं० 2 से रूसी पम्पों और एक भारतीय पम्पों की सहायता से पानी निकालने का कार्य 28-1-1976 को आरम्भ किया गया था। श्री गंगुली की सांविधिक रिपोर्ट में जो कुछ कहा गया है उसके अनुसार और जो कुछ मैंने 18-1-1976 को अपने स्थानीय निरीक्षण के दौरान स्वयं देखा उसके मुताबिक गहरी खान से पानी निकालने के लिए रूस और पोलैंड के इंजीनियरों द्वारा दी गई सहायता के लिए जो कि उन्होंने अत्याधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में दी गई थी, हमें उनका आभारी होना चाहिए।

लाशों का निकालना

182. जहां तक दुर्घटना में शिकार हुए बदकिस्मत व्यक्तियों की लाशों को निकालने का संबंध था, उपर्युक्त परिस्थितियों में अधिक कुछ नहीं किया जा सकता था क्योंकि गहरी खान के अन्दर किसी भी व्यक्ति के जीवित रहने की आशा नहीं थी। पानी निकालने के बाद के बचाव कार्य में केवल अस्थिपंजर और हड्डियाँ ही निकाली जा सकीं। प्रथम दल को 19-1-76 की सुबह को पिट नं० 2 के रास्ते से नीचे भेजा गया और उस दिन पिट बाटम के आस पास पांच लाशों (या उनका जो कुछ बाकी रह गया था) का पता लगाया जा सका। इन लाशों में से एक लाश की पहचान नहीं की जा सकी और श्री करतार सिंह टिंडल की लाश को उसकी पत्नी द्वारा पहचाना गया। यह प्रतीत होता है कि लाशों की पहचान अधिकांशतः कैप लेम्प नम्बरों से की गई। चूंकि कई लाशों के बचे खुचे हिस्सों पर कोई भी कैप लेम्प नहीं थे, इसलिए उनको पहचाना नहीं जा सका। कुछ लाशों को उनकी वेश-भूषा से पहचाना गया और कुछ को लाश के बचे खुचे हिस्सों के पास पाई गयी चीजों जैसे चाबी, चाकू आदि से पहचाना गया। श्री गंगुली की सांविधिक रिपोर्ट के अनुबन्ध चौदह (खंड 1, अध्याय नौ के परिशिष्ट) में सारा ब्यौरा दिया गया है। अनुबन्ध चौदह में 400 आइटमों (अस्थि पंजरों और हड्डियों के बंडल) का जिक्र किया गया है और इस विषय पर अनुबन्ध पन्द्रह में चर्चा की गई है। यह अनुबन्ध उप-आयुक्त जिला धनबाद, सिविल सर्जन धनबाद, खान सुरक्षा निदेशक, उत्तरी जोन, चसनाला कोलियरी के चिकित्सा अधिकारी और इस खान के सहायक कार्मिक प्रबन्धक द्वारा गठित संशोधन समिति की 19-5-1976 को हुई बैठक के कार्यवृत्त से लिया गया एक उद्धरण है। इस अनुबन्ध में समाविष्ट संशोधन समिति के मतानुसार उस दिन तक निकाली गई लाशों की संख्या 374 से 380 के बीच थी। जैसे कि इस रिपोर्ट के पहले भाग में उल्लेख किया गया है, अब यह मान लिया जाता है कि 27 दिसम्बर, 1975 की दुर्घटना में 375 व्यक्ति अन्तर्ग्रस्त हुए और मेरे पास इस संख्या को न मानने का कोई कारण नहीं है।

आभार प्रदर्शन

183. मैं केन्द्रीय कोयला खान बचाव केन्द्र समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष, श्री ए० एन० सिन्हा और कार्यालय में उनके उत्तराधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश का आभारी हूं जिन्होंने, इस लम्बी जांच के लिए धनसर में केन्द्रीय कोयला खान बचाव केन्द्र समिति के परिसर और संस्थान में उपलब्ध सभी सुविधाओं का प्रयोग करने दिया। मैं धनसर में स्थित खान बचाव केन्द्र के अधीक्षक, श्री आर० के० घोष का भी आभारी हूं, जिन्होंने मेरे ठहरने के लिये कैम्पस में अतिथि गृह का प्रयोग करने दिया, जब कभी मैं जांच करने के लिए वहां आया।

मैं जांच में पेश होने वाले पक्षकारों के प्रतिनिधियों और उनकी ओर से पेश होने वाले वकीलों द्वारा दी गई सहायता के लिए आभार प्रकट करता हूं। जब कभी श्री जे० बी० लाल, सरकारी अभियोजक की सहायता की आवश्यकता पड़ी तब उन्होंने सहर्ष सहायता प्रदान की। और मैं उनके द्वारा दी गई सहायता का भी आभारी हूं। मैं श्री सतीन्द्र कुमार उप निदेशक द्वारा दी गई सहायता के लिए भी आभारी हूं। उन्होंने जांच न्यायालय की व्यवस्था करने के लिये और हमारे द्वारा खान सुरक्षा निदेशालय से मांगी गई सभी सुविधाओं की व्यवस्था की। मैं श्री तपन कुमार मजुमदार, खान सुरक्षा उप निदेशक का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने प्लान तैयार किये, जो कि इस रिपोर्ट के अनुबन्ध हैं। मैं केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत तीन असेसरों द्वारा दी गई लगातार सहायता का आभारी हूं। वे भी मेरी तरह इस दुर्घटना से संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिये उत्सुक थे। न्यायालय की कार्रवाईयों के दौरान और इस रिपोर्ट को तैयार करने में मुझे उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

मैं श्री प्रोमोद कुमार वर्मा, खान सुरक्षा उपनिदेशक का, जिन्होंने कुछ समय तक इस जांच न्यायालय के सचिव के रूप में कार्य किया था और श्री सतपाल सिंह का भी, बाद में जिन्होंने सचिव के पद का कार्यभार संभाला था, हमें दिए गए सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। श्री सतपाल सिंह की कुशल सहायता सराहनीय थी। अन्त में मैं श्री महादेवश्वर प्रसाद सिन्हा, निजी सचिव और श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, वैयक्तिक सहायक का भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने जांच के दौरान सराहनीय सहयोग दिया तथा यह रिपोर्ट तैयार की। मैं खान सुरक्षा महानिदेशालय के आशुलिपिकों नामतः सर्वश्री अमला कुमार मुखर्जी, कल्याण कुमार मलिक, महाप्रसाद और अनंगा भूषण बनर्जी द्वारा गवाहों के बयान रिकार्ड करने में दी गई उदार सहयोग के लिए भी उनका आभारी हूं।

व्यय की वसूली

184. मेरे इस निष्कर्ष को देखते हुए कि 27 दिसम्बर, 1975 की दुर्घटना चसनाला कोयला खान के सर्वश्री जितेन्द्र नाथ ओहरी, समीर कुमार बनर्जी, दीपक सरकार तथा रामानुज भट्टाचार्य की गलती और लापरवाही के कारण घटी थी, इसलिए इस जांच पर हुए खर्च की वसूली के लिये आदेश जारी किए जाने चाहिए।

जांच न्यायालय आदेश देता है कि जांच न्यायालय पर हुये खर्च को खान के मालिक नामतः *इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड* से वसूल किया जाए। इस खर्च में चसनाला जांच न्यायालय के सदस्य के लिये और सदस्य की ओर से किया गया खर्च सरकार द्वारा मनोनीत तीन असेसरों पर हुआ खर्च, गवाहों के बयान रिकार्ड करने के लिए खान सुरक्षा

महानिदेशालय द्वारा किया गया खर्च तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने में किया गया खर्च शामिल होगा। जांच न्यायालय के विचारार्थ इन मदों पर किए गए खर्च का हिसाब मुख्य खान निरीक्षक द्वारा यथ शीघ्र किया जाएगा। न्यायालय द्वारा खर्च निर्धारित किए जाने के बाद निर्धारित राशि इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड द्वारा निर्धारण के छः महीने के अन्दर-अन्दर उपयुक्त शीर्ष के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के नाम सरकारी खजाना धनबाद में जमा की जानी चाहिए।

ह०

(यू० एन० सिंह)
भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश
पटना उच्च न्यायालय
चसनाला जांच न्यायालय

तारीख 24 मार्च, 1977

मैंने यह रिपोर्ट पढ़ ली है और मुझे इस संबंध में कुछ नहीं कहना है।

ह०

(सी० करुणाकरन)
असेसर

चसनाला कोयला खान में 27-12-1976 को हुई दुर्घटना के संबंध में असेसर श्री सी० एच० मरवाह की टिप्पणी।

1. यद्यपि मैं जांच न्यायालय के निष्कर्षों और उसकी सिफारिशों से सामान्य रूप से सहमत हूं, फिर भी मैं उस अवांछनीय प्रवृति का उल्लेख करना चाहूंगा जो कि जांच न्यायालयों के बहुत से मामलों में दिखाई देती है और उसका इस रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह है तथ्यों को छिपाने और सच को झूठ बनाने की यह सुनिश्चित प्रवृत्ति। जांच करने का मूल प्रयोजन तथ्यों का पता लगाना है। इसमें किसी के भी अभियोजक या अभियुक्त होने की प्रत्याशा नहीं की जाती। कुछ पक्षकारों द्वारा दूसरे पक्षकारों पर दोष लगाने की प्रवृत्ति के कारण यह उद्देश्य काफी हद तक सिद्ध नहीं हो पाता। इसका यह परिणाम होता है कि जिन पर दोष लगाए जाते हैं वे पक्षकार तथ्यों में हेर-फेर या उनमें तोड़-मरोड़ करते हैं और अन्य पक्षकारों पर जिम्मेदारी डालने की कोशिश करते हैं। यह उल्लेखनीय है कि खान अधिनियम के अधीन स्थापित जांच न्यायालय एक तथ्य निर्धारण निकाय है और उससे यह आशा नहीं की जाती है कि वह किसी पक्षकार के विरुद्ध सजा सुनाये। यदि इस बात को ध्यान में रखा जाए, तो सच्चाई को मालूम करने की कठिनाईयां पहले से बहुत कम हो जाएंगी।

आपसी आरोपों और प्रति आरोपों, अभियोगों और प्रति अभियोगों के वातावरण में, यह कोई ताजुब की बात नहीं थी कि प्रबन्धकों ने किसी तरह खान सुरक्षा महानिदेशक के अत्याधिक गोपनीय दस्तावेज प्राप्त कर लिए और उन को न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया। परन्तु स्थिति कुछ अजीब सी थी और इसके स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

2. जांच के दौरान लिखित रिकार्डों की शोचनीय कमी का भी पता चला। वर्तमान मामले में विचार विमर्श/पुनरीक्षा बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का भी लिखित रिकार्ड नहीं रखा गया। इनमें प्रोजेक्ट रिपोर्ट किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तनों के संबंध में लिए गए निर्णय भी शामिल हैं। यद्यपि किसी भी प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अलंघनीय नहीं माना जा सकता तो भी यह अधिक वांछनीय होगा यदि बड़े परिवर्तनों के कारणों और उन व्यक्तियों के नामों का रिकार्ड रखा जाए जिन्होंने निर्णय लेने की कार्यवाही में भाग लिया हो।

3. वैसा ही गड़बड़ वाला पहलू था महत्वपूर्ण सांविधिक उपबन्धों की कुछ हद तक सामान्य अवहेलना, जोकि जांच के दौरान प्रकट हुआ था। इन तथ्यों का वर्णन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से किया गया है कि ड्राइवेज स्वीकृति प्राप्त होने से बहुत पहले आरम्भ कर दी गई थी। और सांविधिक स्वीकृति की शर्तों में गम्भीर परिवर्तन किए गए थे। उस समय वर्तमान मामले में जरा भी सन्देह नहीं हो सकता कि उस समय पानी काफी मात्रा में इकट्ठा हो चुका था, जबकि नं० 4 इन्कलाइन के विस्तार के बिल्कुल नीचे फुटवाल गैलरी बनाई जा रही थी, जहां केवल लगभग 5 फुट की पार्टिंग थी और जबकि वैन्टिलेशन कनैक्शन डाइके को पार कर चुका था। इसमें भी जरा सन्देह नहीं हो सकता है कि इन बातों का पता सबसे पहले प्रथम लाइन पर्यवेक्षकों को लगा होगा और बाद में इनका पता वरिष्ठ अधिकारियों को लगा होगा। इन चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। इससे सुरक्षा के प्रति सामान्य रवैये का पता चलता है। यह सही है कि खनन-समुदाय लगातार ऐसी गम्भीर जोखिमों के वातावरण में रहते हैं कि उनके अन्दर आत्म संतोष या भाग्यवाद की भावना पनप जाती है। परन्तु इसी कारण से सुरक्षा मनोवृत्ति को अच्छी तरह और हमेशा के लिये इन श्रमिकों के मन में बिठा देना चाहिये और जोखिमों के प्रति सुरक्षात्मक उपायों को मजबूत बनाना चाहिये। निरन्तर सतर्कता ही वास्तव में सुरक्षा के लिये अनिवार्य है।

4. सुरक्षा सुनिश्चित करने का सबसे शक्तिशाली हथियार आन्तरिक जांच है। ऐसी जांच के महत्व का श्री आर० सी० दत्त ने 1973 में जीतपुर में हुई भयंकर दुर्घटना की अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से और प्रभावशाली ढंग से वर्णन किया है। बाहरी निरीक्षण की अपेक्षा आन्तरिक जांच के महत्व की बात यह है कि कार्य के नजदीक होने के कारण वहां की कार्य स्थिति का सही पता चलता रहता है चाहे वे प्राकृतिक (फिजिकल) या इंजीनियरी दशाएं हों या वे रीतियां (प्रैक्टिसिज) और मनोवृत्तियां हों। तथापि, यह महत्वपूर्ण है कि अन्तःकरण की आवाज पर ध्यान दिया जाए और न कि उसके बारे में चुप्पी साधी जाए। संबंधित संगठन द्वारा आन्तरिक जांच की उपेक्षा केवल अपने रिस्क पर की जा सकती है और यह वास्तव में प्रभावी तभी हो सकती है यदि यह उच्च स्तर की हो तथा इसमें "बल" हो। सुरक्षा की अवहेलना के दण्ड में काफी वृद्धि की जानी चाहिए यदि ऐसे व्यक्तियों के जीवन की सुरक्षा करनी है जो खनन के अत्यधिक जोखिम वाले व्यवसाय को अपनाकर देश की सेवा करते हैं। वास्तव में उनके जीवन की सुरक्षा की जानी चाहिए।

यहां आंतरिक जांच के साथ ऐसे पक्ष को सहयोजित करने की आवश्यकता है जिसका हित सर्वाधिक निहित है। यह पक्ष श्रमिक ही है। खनन उद्योग में पार्टिसिपेटिव मैनेजमेंट का कोई औचित्य नहीं हो सकता, यदि इसमें सुरक्षा को शामिल नहीं किया जाता।

5. चसनाला की भयंकर दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्तियों की संख्या के बारे में समाचार पत्रों में और अन्य प्रकार से बेतहाशा अटकलबाजी लगाई जाती रही। पानी निकालने का कार्य पूर्ण होने के बाद (शाफ्टों सहित) खान से एकत्र किए गए अस्थि पंजरों और हड्डियों से व्यक्तियों की सही संख्या निर्धारित करने का मामला महत्वपूर्ण था। यह मामला उसी समय उप आयुक्त की अधीन गठित "संराधन समिति" को भेजा गया था। इस समिति का एक सदस्य सिविल सर्जन भी था। इस समिति के आंकड़े हाजिरी रजिस्टर और कैप लैम्प जारी करने वाले रिकार्ड के आंकड़ों से बहुत हद तक मेल खाते हैं। वास्तव में, मुआवजे का दावा करने वाले परिवारों की संख्या कुछ कम थी। अतः मैं विशेषकर न्यायालय के इस कथन के साथ सहमत हूं कि उनके पास संराधन समिति द्वारा दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों के प्राप्त आंकड़ों से असहमति प्रकट करने का कोई कारण नहीं है।

6 अन्त में, मैं न्यायालय द्वारा न केवल असेसरों को बल्कि जांच में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों को दिए गए अविरल सम्मान और शिष्टता का उल्लेख करना चाहूंगा । इस मामले में न्यायालय द्वारा समस्त जांच कार्य के दौरान जो धैर्य और सहिष्णुता दिखाई है, वह उदाहरण योग्य है ।

प्रो० जी० एस० मरवाह,
चसनाला जांच न्यायालय के असेसर और निदेशक, भारतीय खान स्कूल, धनबाद ।

श्री दामोदर पांडे, असेसर की टिप्पणियां

यद्यपि मैं रिपोर्ट से सामान्य रूप से सहमत हूं, फिर भी मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि खान विभाग के प्रशासन में एक आम प्रवृत्ति देखी गई है जो कि देश की आम जनता और विशेषकर खान श्रमिकों की आशा के अनुकूल नहीं रही है । देश में कोकिंग कोल की आवश्यकता होने के कारण, इसे गहरी खानों से निकालना पड़ता है जिसमें बहुत अधिक खतरा और जोखिम सनिहित है । सतह के और नीचे गए बिना ही चसनाला और सुदामाडीह जैसी वर्तमान जोखिम पूर्ण और खतरनाक खानें जिन पर बहुमूल्य विदेशी मुद्रा के करोड़ों रुपये की लागत लगी हुई है, की और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता थी । इन खानों पर अच्छी तरह से ध्यान देना इसलिए भी आवश्यक था क्योंकि इन खानों में खनन तरीकों के लिए पूर्णतया विदेशी प्रौद्योगिकी का आयात किया गया था । परन्तु जैसा कि गवाही के दौरान पता चला, इस विभाग के पास इन कठिनाइयों पर भविष्य में काबू पाने के लिए कोई न तो जनशक्ति है और न ही स्पष्ट दृष्टिकोण है । इस खान के कम निरीक्षण किए गए, क्योंकि विभाग के पास पर्याप्त निरीक्षण अधिकारी उपलब्ध नहीं थे । पिछले पांच वर्ष के दौरान देश में कोयला तथा अन्य खनिज पदार्थों के उत्पादन में 1½ गुणा वृद्धि हुई है, परन्तु इस विभाग में निरीक्षण अधिकारियों की कुल संख्या में कमी हुई है । तत्कालीन मुख्य खान निरीक्षक, श्री एस० एस० प्रसाद, की कुछ टिप्पणियों की जानकारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगी, जो कि उन्होंने अपनी गवाही के दौरान की थी ।

2. उन्होंने अपने बयान में बताया कि जहां तक उनको याद है, निरीक्षणालय अर्थात् खान सुरक्षा महानिदेशालय में निरीक्षक अधिकारियों के पदों की कुल संख्या लगभग 100 थी । श्री प्रसाद के अनुसार, 26-8-74 को जब उन्होंने मुख्य खान निरीक्षक के पद का कार्यभार संभाला, तब से हमेशा औसतन 25 अधिकारियों के पद खाली रहे थे । श्री प्रसाद ने आगे बताया कि वर्तमान स्थिति भी लगभग पहले की तरह है, सिवाय इसके कि कुछ अधिकारियों ने अपने त्यागपत्र दे दिये और कुछ अधिकारियों ने स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति हेतु कहा और ये सभी मामले मंत्रालय में अनिर्णीत पड़े हैं । एक प्रश्न के उत्तर में कि रिक्त स्थानों को भरने के लिये क्या प्रयास किए जा रहे थे, श्री प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में प्रयास बड़े अधिक पैमाने पर किए जा रहे थे । ये प्रयास सुरक्षा सम्मेलनों की सिफारिशों और भूत के विभिन्न जांच न्यायालयों की सिफारिशों के अनुसरण में किये गये थे, ताकि खान सुरक्षा महानिदेशालय को मजबूत बनाया जा सके । जब कभी खान सुरक्षा महानिदेशालय को अवसर मिला तब सरकार को प्रस्ताव भेजे गए, जो कि वे सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं ।

